



दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान से प्रसारित

सुबल वाणी



कुछ बड़ा करने जा रहे हो तो जल्दी हार मत मानना क्योंकि शुरुआत हमेशा सबसे कठिन होती है।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, रविवार, 08 सितंबर, 2024 | भाद्रपद शुक्ल पक्षः पंचमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 249 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12







# आप व कांग्रेस गठबंधन की घोषणा कल, पांच सीटों पर लड़ेगी आम आदमी पार्टी!


## टिकटें जारी करने को लेकर भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे पर बैठी हैं नजरें टिकाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा दूसरी सूची जारी करने को लेकर एक दूसरे की तरफ नजरे टिकाकर बैठी है। बीजेपी की पहली सूची घोषित किए जाने के साथ ही पार्टी कार्यकताओं ने कई जगह पर खुलकर विरोध जताया। इसी प्रकार कांग्रेस की भी सूची आते ही कई सीटों को लेकर कड़ा विरोध देखने को मिल रहा है। अब भाजपा कांग्रेस पर निगाहे गड़ाकर बैठी है कि कांगेस जैसी ही सूची जारी करे तभी वह अपनी दूसरी सूची जारी करे, जबकि कांग्रेस भी भाजपा पर नजरें लगाए बैठी है कि भाजपा किस सीट पर किस प्रत्याशी पर पत्ता खेलते हैं। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में गठबंधन को लेकर शनिवार को देर रात तक पेंच फंसा रहा, लेकिन उच्चस्तरीय सूत्रों के अनुसार गठबंधन को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी को 5 सीटों पर सहमति बनेगी। वहीं दावा यह भी किया जा रहा है कि देर रात तक कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेता सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय ले चुके थे। वहीं पर कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरियां ने स्पष्ट कहा है कि गठबंधन की घोषणा एक-दो दिन में हो जाएगी। इधर, आप नेता राघव चड्ढा ने भी संकेत दिए हैं कि बातचीत जारी है।




### पार्टी सभी 90 सीटों पर लड़ने को तैयारः संदीप पाठक



हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पेच फंसने के बाद शनिवार को आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी को कम आंकते हैं उन्हें इसका पछतावा होगा। आप के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) संदीप पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पार्टी पूरी ताकत से हरियाणा चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

### कांग्रेस की पहली सूची में जाट व एससी को सर्वाधिक टिकट

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की पहली सूची में जहां गैर जाटों को तरजीह दी गई है वहीं कांग्रेस की पहली सूची में जाटों व दलितों को सबसे ऊपर रखकर एक नया समीकरण बनाने का प्रयास किया गया है। जिसके चलते इन दो जातियों के नेताओं को सर्वाधिक टिकट दिए गए हैं। कांग्रेस ने सबसे अधिक जाट चेहरों पर भरोसा जताया है। गढ़ी-सांपला-किलोई से भूपेंद्र हुड्डा, जुलाना से विनेश फोगाट और गोहाना से जगबीर मलिक समेत जाट बिरादरी के नौ नेताओं को टिकट देकर इस वर्ग की भाजपा के प्रति नाराजगी को भुनाने की कोशिश की। अनुसूचित जाति को जाटों के बराबर रखा। होडल से 5 साल पहले चुनाव हारे पार्टी प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान को फिर टिकट दी। जून में हुए लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दोनों रिजर्व सीटें सिरसा और अंबाला में पार्टी जीती थी। राज्य की 17 रिजर्व विधानसभा सीटों में से 11 पर कांग्रेस आगे रही थी। कांग्रेस ने नौ दलित चेहरों को मैदान में उतारा है। पहली सूची में राव दान सिंह,चिरंजीव राव,बिशन लाल सैनी और सोनीपत से सुरेंद्र पंवार जैसे सात ओबीसी को टिकट देकर कांग्रेस ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह केवल एक जाति की पार्टी नहीं है। इसके अलावा भाजपा की नॉन जाट राजनीति का भी तोड़ निकालने का प्रयास किया गया है। पहली सूची में फिरोजपुर झिरका से मामन खान, पुन्हाना से मुहम्मद इलियास और नूंह से आफताब अहमद समेत तीन मुस्लिम चेहरों को शामिल किया गया। कांग्रेस ने ब्राह्मण, पंजाबी और सिख चेहरों को भी प्रतिनिधित्व दिया। बादली से कुलदीप वत्स और फरीदाबाद एनआईटी से नीरज शर्मा ब्राह्मण चेहरे हैं। रोहतक से भारत भूषण बत्रा पंजाबी और असंध से शमशेर सिंह गोगी सिख समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।






## न्यूज़ ब्रीफ

### मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, पांच की मौत

**इंफाल (अप्रस)।** मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरिबाम में शनिवार को अलग-अलग दो घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब सात किलोमीटर दूर हुई। संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहते थे। दूसरी घटना इसके बाद हुई। इसमें कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इलाके में सुबह से लगातार गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। दूसरी तरफ, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में शुक्रवार (6 सितंबर) देर रात भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे।




## कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया की बृजभूषण को चेतावनी, बोले-

# हिम्मत है तो हरियाणा आएं, जनता तय करेगी आपका स्वागत कैसे करना है

## कहा- मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, सिर्फ विनेश ही चुनाव लड़ रही है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के कांग्रेस ज्वाइन करते ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह को चेतावनी दी है। खबरों के अनुसार, बजरंग पूनिया ने कहा कि हिम्मत है तो बृजभूषण सिंह हरियाणा आकर दिखाएं। यहां आपका स्वागत है। सभी का अधिकार है, आइए आप। यहां आकर चुनाव प्रचार करें। यहां की जनता तय करेगी कि आपका किस तरह स्वागत किया जाएगा। मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, सिर्फ विनेश ही चुनाव लड़ रही है। इससे गौरतलब है कि पहले बृजभूषण सिंह ने कहा था कि मैं पहले ही कहता था कि ये दोनों (बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट) कांग्रेस के हाथ में खेल रहे हैं। दोनों कांग्रेस की ही कठपुतली हैं। मैं बीजेपी हाईकमान से अपील करूंगा कि मुझे हरियाणा में चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए भेजा जाए। मैं हरियाणा में विनेश के खिलाफ प्रचार करूंगा।

बता दें कि शुक्रवार को बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट कांग्रेस में शामिल हुए थे। जिसके बाद बृजभूषण सिंह और संजय सिंह ने बजरंग और विनेश पर निशाना साधा था।





### कांग्रेस कार्यालय में पटकथा लिखी गईः कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पूरा देश जानता है कि ये पूरा आंदोलन कांग्रेस के इशारे पर हो रहा था। इसकी पटकथा कांग्रेस कार्यालय में लिखी गई। इसका मास्टरमाइंड दीपेंद्र हुड्डा का परिवार था। इस विरोध की नींव उस दिन रखी गई थी, जब प्रधानमंत्री ने बृजभूषण शरण सिंह की तारीफ करते हुए कहा था कि कुश्ती सुरक्षित हाथों में है। संजय सिंह ने कहा कि ये पूरी साजिश इसलिए भी रची गई, क्योंकि ओलिंपिक में कुश्ती के 4-5 मेडल आने वाले थे। विरोध का असर उन मेडल पर भी पड़ा। ओलिंपिक वर्ष में 2 साल तक कुश्ती की कोई गतिविधि नहीं हुई। हमारे पहलवान अभ्यास नहीं कर पाए। अब ये (बजरंग-विनेश) कांग्रेस में शामिल हो गए। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से जुड़े थे, मैं किसी पार्टी या व्यक्ति से जुड़ा नहीं हूं, लेकिन उन्होंने मेरा भी विरोध किया। इसलिए यह पूरा विरोध राजनीति से प्रेरित था।



### विनेश फोगाट और बजरंग हरियाणा के खलनायकः बृजभूषण

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने पूर्व पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट पर हमला बोलते हुए कहा कि वो हरियाणा के खलनायक हैं , विशेषकर खिलाड़ियों के। उन्होंने कहा कि बजरंग पूनिया ने अपनी पत्नी का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया। विनेश फोगाट ने ट्रायल में हिस्सा लेकर नियम तोड़े। खिलाड़ी एक ही दिन में 2 भार वर्ग में ट्रायल नहीं दे सकता। गलत ट्रायल देकर जूनियर पहलवानों के अधिकार छीन लिए। उन्होंने पूरी व्यवस्था को हाईजैक कर लिया। उन्होंने जो वजन यहां छिपाया, वही पेरिस ओलिंपिक में उनकी हार का कारण बना। आज अगर महिला एथलीट सिर ऊंचा करके नहीं चल सकतीं तो इसका कारण बजरंग, विनेश, भूपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस पार्टी है।

### केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर की सेवा समाप्त की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया। उनके खिलाफ ये एक्शन आईएएस (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत लिया गया है।


गौरतलब है कि पूजा 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस थीं। उन्हें सीएसई-2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं। उन पर आरोप है कि उन्होंने रिजर्वेशन का फायदा उठाने के लिए सिविल सर्विस एग्जाम 2022 में खुद से जुड़ी गलत जानकारी दी थी। यूपीएससी ने अपनी जांच में पूजा को दोषी पाया था। इसके बाद 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द कर दिया गया।

## जम्मू-कश्मीर में एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री वाला पहला चुनाव : शाह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जम्मू 07 सितंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर तंज कसते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव पहला चुनाव होगा जिसमें केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा।

चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के लिए जम्मू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा, ÷राहुल बाबा और उमर अब्दुल्ला मेरे 05 अगस्त, 2019 के भाषण से अनजान हैं, जिसमें मैंने स्पष्ट किया था कि चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा।÷ उन्होंने सवालिया लहजे में कहा ÷वे (राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला) राज्य का दर्जा कैसे वापस ला सकते हैं। क्या वे स्पष्ट कर सकते हैं? यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दे सकती है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, यह जम्मू-कश्मीर में पहला चुनाव होगा जब केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा।



विकास

## मुख्यमंत्री ने 293 पदों के लिए सौंपे नियुक्ति पत्र

# पंजाब में पैसे का खेल खत्म, मेरिट पर दी जा रही नौकरियांः मान

### पंजाब सरकार की नौकरियां पाने के लिए विदेश से लौट रहे हैं युवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** पंजाब सरकार ने अपने कार्यकाल के केवल 30 महीनों में 44,974 सरकारी नौकरियां देकर राज्य के युवाओं के जीवन में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। यह बातें स्थानीय निकाय विभाग के ऑडिटोरियम में युवाओं को विभिन्न विभागों में 293 पदों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपने के अवसर पर सीएम भगवंत मान ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ये ऐतिहासिक कदम युवाओं की किस्मत बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पहले भी कई ऐसे कार्यक्रम हुए हैं, जिनमें युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियां मिली हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो युवाओं के कल्याण को सुनिश्चित करने और उनके लिए रोजगार के नए रास्ते खोलने के लिए है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विभाग में खाली होते ही सभी पदों को भर देती है। उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए एक ठोस प्रक्रिया अपनाई गई है जिसके कारण इन 44,000 से अधिक नियुक्तियों में से किसी भी नियुक्ति को अभी तक किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार के लिए यह गर्व की बात है कि इन युवाओं को पूरी तरह योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और संतोष की बात है कि सभी युवाओं का चयन पूरी तरह उनकी योग्यता और काबिलियत के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहला कार्यक्रम नहीं है क्योंकि पंजाब सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए इससे पहले भी ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस नेक काम में युवाओं को सहयोगी बनाकर पंजाब की पुरानी शान को बहाल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार के ठोस प्रयासों के कारण राज्य में युवाओं के पलायन की प्रवृत्ति उलट गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा अब बेहतर जीवन की तलाश में विदेश जाने के बजाय यहां रोजगार पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जो युवा पहले विदेश जा चुके थे, वे भी अब वापस आ रहे हैं और नौकरियां पाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

### सरकार के प्रयासों का मिल रहा परिणाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी और संतोष की बात है कि उनकी सरकार के प्रयासों का परिणाम मिल रहा है और युवा राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बात रिकॉर्ड पर है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं के दाखिलों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार की लोकहितैषी नीतियों के कारण यह प्रवृत्ति भविष्य में भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के युवाओं के कल्याण के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युवा नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य की प्रगति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही एक उन्नत और खुशहाल पंजाब का सपना साकार किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने दिया राज्य में बड़े निवेश को प्रोत्साहन

# कनाडा के नेबुला ग्रुप ने पंजाब में निवेश के लिए गहरी दिलचस्पी दिखाई

- नेबुला ग्रुप खाद्य प्रसंस्करण और प्लास्टिक के कचरे की रीसाइक्लिंग में भी निवेश के लिए सहमत
- बुढ़ा नाला की सफाई के लिए भी कंपनी देगी विशेषज्ञता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कनाडा की एक बड़ी कंपनी नेबुला ग्रुप को निवेश के लिए प्रोत्साहित करके राज्य में बड़े निवेश को बढ़ावा दिया।

ग्रुप के अध्यक्ष और चेयरमैन रमन खटड़ा से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व और संतोष की बात है कि कंपनी ने खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है, जहां टमाटर, नींबू वर्ग के फल, जूस, और आलू को 10,000 हेक्टेयर के आसपास के क्षेत्र से एकत्र किया जाएगा, जिससे ओजोन के उपयोग से जमे हुए और ताजे खाद्य उत्पादों की उम्र बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी ओजोन तकनीक की मदद से खराब होने वाली और ताजा वस्तुओं की शेल्फ लाइफ बढ़ाकर उन्हें बरामद करेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाने के लिए मार्कफेड और पंजाब एग्रो के साथ साझेदारी सुनिश्चित की जाएगी और कंपनी द्वारा दोराहा के पास एक प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कंपनी लुधियाना के बुढ़ा नाले को नवीनतम तकनीक से साफ करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी भारतीय मूल के भंडारों से कैंसर पैदा करने वाली अशुद्धियों को हटाएगी और इसके अलावा, नैनो स्तर पर नेबुला ओजोनेशन की मदद से कैंसर पैदा करने वाले सभी तत्वों को सफलतापूर्वक हटाने का भी प्रस्ताव है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पानी के टीडीएस स्तर को 100 से कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि यह पानी पीने योग्य हो सके।

मुख्यमंत्री के प्रयासों के चलते, कंपनी प्लास्टिक के कचरे, विशेषकर प्लास्टिक बोतलों की रीसाइक्लिंग के लिए राज्य में प्लांट स्थापित करने के लिए भी सहमत हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे जहां प्लास्टिक कचरे की समस्या का समाधान होगा, वहीं स्वच्छ और हरित पर्यावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

#### राज्य में निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम वाली औद्योगिक नीति तैयार

पंजाब को निवेश के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम वाली औद्योगिक नीति भी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब में अपार संभावनाएं हैं और दुनियाभर की प्रमुख कंपनियां राज्य में निवेश के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की कंपनी के लिए भी राज्य में निवेश करना अत्यधिक लाभप्रद साबित होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल है, जो पंजाब के समग्र विकास, समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पठानकोट के किसान की बेटी बनी भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी

- माई भागो प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की कैडेट रहीं पल्लवी राजपूत का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयन
- अमन अरोड़ा ने लेफ्टिनेंट पल्लवी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (ए.एफ.पी.आई.) फॉर गर्ल्स, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) की उपलब्धियों की सूची में आज एक और नाम जुड़ गया है। इस संस्थान की पूर्व कैडेट पल्लवी राजपूत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त हुई हैं। चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शनिवार को पल्लवी ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। इस परेड का निरीक्षण वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि (पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम., एस.एम., वी.एस.एम.) ने किया। आर्टिलरी रेजीमेंट में कमीशंड अधिकारी के रूप में नियुक्त हुई लेफ्टिनेंट पल्लवी राजपूत पठानकोट जिले के किसान रविंदर सिंह की बेटी हैं।

लेफ्टिनेंट पल्लवी राजपूत को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पल्लवी की सफलता पंजाब की अन्य बेटियों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार रक्षा सेवाओं में कमीशंड अधिकारी के रूप में सेवा निभाने की इच्छुक राज्य की बेटियों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने माई भागो ए.एफ.पी.आई. में मौजूद ग्रेजुएट विंग के अलावा जुलाई 2023 में लड़कियों के लिए एक एन.डी.ए. प्रिपरेटरी विंग की स्थापना भी की है।

उन्होंने बताया कि एन.डी.ए. प्रिपरेटरी विंग के तीसरे बैच के लिए प्रवेश परीक्षा जनवरी 2025 में रखी गई है। उन्होंने कहा कि माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट देश में अपनी तरह का पहला संस्थान है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आवासीय कैंपस है।

संस्थान के पूर्व कैडेटों की रक्षा सेवाओं में कमीशंड अधिकारियों के रूप में नियमित नियुक्ति पर खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए माई भागो ए.एफ.पी.आई. के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, ए.वी.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने कहा कि ऐसी उपलब्धियां स्वरूप सशस्त्र बलों राज्य सरकार की उन पहलों को और मजबूत करेंगी, में भर्ती के लिए प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमियों में महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने से संबंधित हैं। उन्होंने लेफ्टिनेंट पल्लवी राजपूत को भारतीय सेना में शानदार भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अंबेडकर इंस्टीट्यूट फॉर करियर एंड कोर्सेज, एस.ए.एस. नगर के गेस्ट फैकल्टी सदस्यों के मानदेय में वृद्धि: डॉ. बलजीत कौर

- कहा–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कर्मचारियों और छात्रों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अंबेडकर इंस्टीट्यूट फॉर करियर एंड कोर्सेज, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के गेस्ट फैकल्टी सदस्यों को दिए जाने वाले मानदेय की दर में वृद्धि करने का फैसला किया है। इसका ऐलान सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने किया।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अंबेडकर इंस्टीट्यूट फॉर करियर एंड कोर्सेज, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने के लिए बुलाए गए गेस्ट फैकल्टी सदस्यों के मानदेय की दर में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि पहले गेस्ट फैकल्टी सदस्यों को 750/- रुपये प्रति घंटा मानदेय दिया जाता था। अब यह मानदेय बढ़ाकर 1500/- रुपये प्रति घंटा कर दिया गया है। यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और छात्रों को बेहतर शिक्षण सेवाएं प्रदान करने में सहायक साबित होगा। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहां सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अपने कर्मचारियों और छात्रों के कल्याण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा में योगदान देने वाले हर वर्ग का समर्थन किया जाएगा।

# शहर-गांव, गरीबी-अमीरी, लिंग भेद व जात-पात की दीवारें समाप्त करने के लिए शिक्षा ही एकमात्र साधन: अनुराग वर्मा

- मुख्य सचिव ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया
- पैतृक गांव चलैला पहुंचकर गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई
- स्वर्गीय पिता प्रो. बी.सी. वर्मा की स्मृति में विद्यार्थियों को वर्दियां वितरित कीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटियाला, 7 सितंबर।** पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने कहा है कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है, जो गांव-शहर, गरीबी-अमीरी, लिंग भेद और जात-पात की दीवारों को समाप्त कर सकता है। मुख्य सचिव शनिवार को अपने पैतृक गांव चलैला के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपने पिता स्वर्गीय प्रो. बी.सी. वर्मा की पवित्र स्मृति में स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को वर्दियां बांटने पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती नवदीप वर्मा और पुत्र आयान वर्मा भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स स्ट्रीम की शुरुआत भी करवाई।

विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान, मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने शिक्षा के महत्व के बारे में अपने परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि शिक्षा के कारण ही उनके परिवार में दो पीढ़ियों के बीच बड़ा बदलाव आया है। श्री वर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे पढ़ाई पर अधिक से अधिक ध्यान दें ताकि कोई भी छात्र गांव चलैला से निकलकर बड़ी-बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

श्री वर्मा ने अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए कहा कि उनके दादा पटवारी थे और वह कानूनगो बने, उनके पिता प्रो. बी.सी. वर्मा गांव के स्कूल में पांचवीं कक्षा तक पढ़े और फिर पटियाला से आगे की पढ़ाई कर केमिस्ट्री के प्रोफेसर बने, फिर कॉलेज के प्रिंसिपल भी बने। उनकी माता जी भी अंग्रेजी की अध्यापक और प्रिंसिपल बनीं। श्री वर्मा ने बताया कि उनके माता-पिता की बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की सोच और ईश्वर की कृपा से ही वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर आज मुख्य सचिव के पद पर पहुंचे हैं।

अनुराग वर्मा ने बताया कि उनके पिता प्रो. बी.सी. वर्मा चलैला स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी क्षमता अनुसार वर्दियां और अन्य वस्त्र देते रहते थे। अब उन्होंने उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके पहले बरसी के मौके पर जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए वर्दियां, बैग और किताबें देने का प्रयास किया है।

अपने गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने गांववासियों की मांग पर गांव के स्टेडियम और लाइब्रेरी के लिए डिप्टी कमिश्नर को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

#### ये रहे मौके पर मौजूद

इस दौरान डिप्टी कमिश्नर शौकत अहमद परे, एसएसपी डॉ. नानक सिंह, एसपी सरफराज आलम, एडीसी (ज) कंचन, एसडीएम अरविंद कुमार, स्कूल के प्रिंसिपल करमजीत सिंह, संजीव पुरी, गांववासी राम सिंह, जसविंदर सिंह, जगमोहन मलिक, गुरमुख सिंह, जसविंदर सिंह, बलबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, ट्विंकल, अवतार सिंह, उगर सिंह, दीपक कुमार और अन्य गांववासी, स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी भी मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी राज्य सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध: कटारूचक्क

- कैबिनेट मंत्री ने 38 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल का उद्घाटन कर किया लाहड़ी गांव को समर्पित

अर्थ प्रकाश/दिनेश भारद्वाज



**पठानकोट, 7 सितंबर।** सरकार शिक्षा क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक बदलाव लाने के लिए लगातार काम कर रही है, पंजाब में सरकारी स्कूलों से लोगों का मोहभंग हो गया था लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का रुझान बदल रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने क्रांति ला दी है। यह खुलासा कैबिनेट मंत्री पंजाब श्री लाल चंद कटारूचक्क ने गांव लाहड़ी में नवनिर्मित सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल की इमारत का उद्घाटन करने के बाद किया।

इस अवसर पर सर्वश्री कमलजीत कौर जिला शिक्षा अधिकारी एलीमेंट्री, डी.जी. सिंह डिप्टी डीईओ एलीमेंट्री पठानकोट, नरेश कुमार जिला अध्यक्ष बी.सी. सेल आम आदमी पार्टी, संदीप कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, खुशबीर काटल, नरेश पनियाडी बीपीओ, पंकज अरोड़ा बीपीओ, कुलदीप सिंह बीपीओ, राकेश ठाकुर बीपीओ, रजनी बाला हेड टीचर, अरुण कुमार, ज्योति बाला, सेंटर हेड टीचर सुनील कुमार, स्मार्ट स्कूल कोऑर्डिनेटर संजीव मनी, बलकार अत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर एलीमेंट्री पठानकोट, सन्नी सिंह सरपंच लाहरी, विजय सिंह स्टेट अवार्डी पठानकोट और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया

बता दें कि सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल लाहड़ी में नवनिर्मित स्कूल भवन के उद्घाटन के मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि अब सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है, जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज 38 लाख रूपये की लागत से नये विद्यालय भवन एवं विद्यालय की चार दीवारी का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। पंजाब में स्कूल ऑफ एमिनेंस और अन्य प्रकार के विकास कार्य किये गये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी शिक्षक प्रशंसा के पात्र हैं, उनकी शिक्षण पद्धति भी एक नई क्रांति लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि अब भी जिला पठानकोट के पांच स्कूलों को प्रति स्कूल 40 लाख रुपये और एक स्कूल को 61 लाख रुपये दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें, जहां उच्च प्रशिक्षित शिक्षक और आधुनिक तकनीक की सुविधाएं भी उपलब्ध हों।

# समाजसेवी जिंदल परिवार को सदमा, मां की मौत

## मृत्यु के बाद भी राज रानी दो लोगों की जिंदगी में कर गई रोशनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी, 7 सितम्बर।** लायंस क्लब डेराबस्सी के अध्यक्ष एवं समाज सेवी नितिन जिंदल को आज उस समय गहरा सदमा लगा जब उनकी माता श्रीमती राज रानी का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार थे। उन्होंने शनिवार सुबह पंचकुला के अल्केमिस्ट अस्पताल में अंतिम सांस ली।

राज रानी पत्नी सुखदेव जिंदल पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुई। उनके निधन के बाद जिंदल परिवार ने माता राज रानी की आंखें दान करने का फैसला किया। सरकारी अस्पताल सेक्टर-32 चंडीगढ़ से डॉक्टरों की एक टीम ग्रीन एस्टेट सोसायटी पहुंची और नेत्रदान के लिए आगे बढ़ी। अपनी मृत्यु के बाद भी राज रानी दो लोगों के जीवन में रोशनी दे गई। लायंस क्लब की प्रेरणा से अब तक छह लोग अपनी आंखें दान कर चुके हैं, जिससे एक दर्जन लोगों के जीवन का अंधकार दूर होगा। जिंदल परिवार समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज रानी के परिवार में उनके पति सुखदेव जिंदल, तीन बेटे नितिन जिंदल, विपिन जिंदल और ऋषि जिंदल के अलावा बहुएं और पोते-पोतियां हैं।

राज रानी के निधन पर हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, पूर्व विधायक एनके शर्मा, पूर्व सांसद महारानी प्रणीत कौर, कांग्रेस नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लों, पूर्व जिला योजना बोर्ड चेयरमैन कृष्णपाल शर्मा, अमृतपाल सिंह डेराबस्सी, भाजपा नेता एसएमएस संधू, परिषद अध्यक्ष के पति नरेश उपनेजा, एडवोकेट मुकेश गांधी, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष भूपिंदर सिंह सैनी, आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजिंदर कपिल, ग्रीन एस्टेट सोसायटी के अध्यक्ष मोहन सैनी, लायन डॉक्टर पारस सूरी, लायन रमेश राणा, लायन उपेश बंसल, लायन बरखा राम और कई अन्य हस्तियों ने जिंदल परिवार के साथ अपना दुख साझा किया।

# शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए अध्यापकों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 7 सितंबर।** अध्यापक दिवस मौके रोटरी इंटरनेशनल जिला 3080 के जिला गवर्नर डॉक्टर राजपाल सिंह तथा रोटरी क्लब डेराबस्सी द्वारा शिक्षा तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान डालने वाले अध्यापकों का रोटरी नेशन बिल्डर अवार्ड के साथ सम्मान किया गया। इस मौके सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ भुड्डा की सीनियर पंजाबी लेक्चर सतिंदर कौर सिद्धू सहित अन्य छः अध्यापकों को सर्टिफिकेट तथा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिक्रयोग्य है के लेक्चर सतिंदर कौर सिद्धू पिछले लंबे समय से सब डिवीजन डेरा बस्सी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तथा शुरू से ही शिक्षा तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना योगदान डाल रहे हैं। इस मौके रोटरी क्लब के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह सैनी, स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्रकांत, समाजसेवी तथा क्लब मेंबर अमर चावला, बलविंदर सिंह, अवतार सिंह, सहित स्कूल के लेक्चरार सुमन बेदी, हरप्रीत कौर, रवि प्रीत कौर, आशा, डेजी, विनीता, जसवीर कौर तथा क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# 50 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाला तहसीलदार एक दिन के पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** गुरदासपुर की अदालत ने हाल ही में 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए डेरा बाबा नानक के तहसीलदार लखविंदर सिंह और उसके ड्राइवर को पूछताछ के लिए पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की हिरासत में एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता के अनुसार, उक्त तहसीलदार को गांव मनसूर, तहसील डेरा बाबा नानक, जिला गुरदासपुर के निवासी सुखदेव सिंह सोही, जो अब अमृतसर के जिले के गांव रम दास में रह रहा है, द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था।

प्रवक्ता ने बताया कि सुखदेव सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि जालंधर जिले के ढंडोवाल शाहकोट निवासी अजायब सिंह ने भूमि विवाद के मामले में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, और इस मामले की जांच तहसीलदार लखविंदर सिंह को सौंप दी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ने उसके हक में रिपोर्ट तैयार करने के बदले गांव रत्ता के नंबरदार दिलबाग सिंह के माध्यम से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद विजिलेंस ब्यूरो ने जाल बिछाया और उक्त तहसीलदार को शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि रिश्वत लेने के बाद तहसीलदार ने राशि अपने ड्राइवर को दे दी थी, जिसके बाद विजिलेंस ने उसे भी इस केस में सह-आरोपी बना कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की आगे की जांच जारी है।

#### प्लॉट आवंटन मामले में शामिल तीन और आरोपी गिरफ्तार

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएस आई ई सी) पी के औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन में धोखाधड़ी से जुड़े मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी दर्शन कुमार उर्फ दर्शन गर्ग और अमरजीत सिंह, दोनों सेवानिवृत्त एस्टेट अधिकारी, और विजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सहायक को गिर फ्तार किया हैं। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि इन आरोपियों ने मोहाली के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सी जे एम) की अदालत में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद विजिलेंस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस संबंध में पहले ही भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420, 409, 465, 467, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)1 और 13(2) के तहत एफआईआर नंबर 04, 8 मार्च 2024 को, विजिलेंस के पुलिस थाना, फ्लाइंग स्क्वाड-1, पंजाब, एसएएस नगर में दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी खरीदार, नकली पते और जाली फर्मों का उपयोग करके औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# करनाल, इंद्री और नीलोखेड़ी में बगावत के स्वर तेज, पार्टी में बगावत बनेगी हार का कारण

## करनाल में पूर्व मेयर और नीलोखेड़ी में सुभाष ने समर्थकों की बैठक बुलाई, सभी विकल्प खुले रखे

पूर्व मेयर रेनू वाला गुप्ता के के आंसू छलक उठे, सुभाष चंद्र रोने लगे समर्थकों के बीच

हरियाणा में असंतुष्ट लोगों के टारगेट पर पूर्व सीएम मनोहर लाल, कहा- मनोहर लाल जिम्मेदार होंगे इसके लिए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 7 सितंबर।** करनाल जिले में नीलोखेड़ी और करनाल विधानसभा क्षेत्र में बगावत के स्वर तेज होते जा रहे हैं। करनाल में जहां टिकट की दावेदार तथा पूर्व मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कह दिया है कि उनके साथ धोख हुआ हैं। वह निर्दलीय चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने के बाद बैठक बुलाएंगी। । इस बैठक में निर्णय लिया जाएगा। उधर नीलोखेड़ी में भगवान दास कवीरपंथी को टिकिट देने से नाराज स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र ने भी अपने समर्थकों की बैठक आठ सितंबर को तरावड़ी में बुलाई हैं। इस बैठक में निर्दलीय चुनाव लडने् का निर्णय लिया जाएगा। वहीं पर भाजपा नैत्री मीना चौहान ने भी बैठक बुलाई हैं। करनाल में जगमोहन आनंद को भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज पूर्व मेयर रेनू वाला गुप्ता ने अपनी चुप्पी को तोडा उन्होंने कहा कि उन्होंने दस साल तक पार्टी के लिए सेक्रीफाइज किया। उन्होंने दस साल तक पार्टी के लिए काम किया। पहले मनोहर लाल का सहयोग किया फिर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी का सहयोग किया। जब टिकिट की बात आई तो पार्टी ने आाधरहीन जगमोहन आनंद को टिकिट दे दिया। उन्होंने कहा कि वह आहत हैं। उनके समर्थक नाराज हैं। जो भी करनाल की जनता निर्णय लेगी उसका वह पालन करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि करनाल के लोग आदेश देंगे तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी। अन्यथा वह घर बैठ जाएंगी। बताया जाता है कि उन्होने सभी विकल्प खुले रखे हैं। आज भी पूर्व मेयर के निवास पर लोगों । आना जाना लगा रहा। करनाल के 36 विरादरी के लोगों में जगमोहन आनंद को टिकिट देने से नाराजी हैं। इसका परिणाम चुनाव में पार्टी को हार के रूप में स्वीकार करना होगा। उधर नीलोखेड़ी में अपने समर्थकों की बैठक में सुभाष चंद्र फूट फूट कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने उनसे इंतजार करने को कहा लेकिन इस बार उन्होंने हारे हुए भगवान दास कबीरपंथी को टिकिट दे दिया। वह भी पार्टी के लिए चुनौति बन सकते हैं। इसके अलावा इंद्री में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शर्मा ने भी निर्दलीय चुनाव लडने् का ऐलान कर दिया हैं। यहां पर कर्णदेव काम्बोज के बगावती तेवर भी पार्टी के लिए चिंता का विषय बना हुआ हैं। करनाल और नीलाखेड़ी में पार्टी के बड़े नेता जिसे हलके में ले रहे हैं वही पार्टी की हार का कारण बन सकता हैं।

# पिछड़े और दलितों का लोकल संगम किसी का भी बिगाड़ सकता है खेल

## कांग्रेस के आलाकमान से कांग्रेस का टिकट लोकल बैकवर्ड को देने की मांग

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 7 सितंबर।** कांग्रेस द्वरा पिछडे और दलितों की उपेक्षा की जा रही ळैं। करनाल विधानसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के नेताओं ने अपनी दावेदारी जताई हैं। यदि कांग्रेस बेकवर्ड को टिकिट देती हैं तो लगभग एक लाख अस्सी हजार वोट से उसकी शुरूआत हो सकती हैं। कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र से पिछउ्ह्वऐ् बर्ग के नेताओं ने भी टिकिट के लिए दावेदारी की हैं।

यहां पर पिछड़े बर्ग की दावेदारी को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी ने बताया कि करनाल सीट ना तो पंजावियों की हैं ना ही किसी अन्य बर्ग की हैं। करनाल में अढ़ाई लाख मतदाताओं में से यदि पिछड़े बर्ग और दलित समुदाय के वोट जिसकी झोली में चले जाएं वही जीत का परचम फहरा सकता हैं। रमेश सैनी स्वयं एक अच्छे पत्रकार लेखक के साथ किसानों और दलितों की राजनीति करने वाले हैं। वह पिछड़े दलितों और अल्पसंख्यक सुमुदाय के राष्टीय संगठन के प्रदेश प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में यदि कांग्रेस पिछड़े बर्ग के नेता को टिकिट देती हैं तो इस सीट को वह लत कर दिखा देगा। उन्होंने कहा कि करनाल में एक लाचा से अधिक पिछड़े वर्ग के वोट हैं। उनके साथ यदि अनुसचित जाति के लोग लग गए तो सह संख्या एक लाख अस्सी हजार पहुंचती हैं। लोकल लोग एकजुट होकर पंजाबी को चुनाव हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में यह गलत प्रचार कर रखा है कि पंजाबी नेता अपने दम पर चुनाव जीत सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों ने हमेशा करनाल में पिछडे और दलितों को हांशिए पर रखा हैं। उन्होंने पंजाबी समुदाय को बण्ावा देने के लिए गलत धांरणा को जन्म दिया हैं। यहां उल्लेखनी है कि मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की जीत गत उप चुनावों में लोकल वोट एकजुट होने के कारण हुई थीं। उनको प्रवासी लोगों ने भी वोट दिए थे। करनाल से पिछड़े बर्ग की तरफ से कांब्रेस नेता रमेश सैनी ने भी आवेदन किया हैं। उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भी आशीर्वाद मिला हैं। वह पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस के साथ हैं। पिछले दिनों पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी राष्ट्रीय सैनी पंचायत ने इसा संबंध में ज्ञापन दिया था।

# कांग्रेस के झूठ से सावधान रहे जनता, ये बरगलाते और लूटराज चलाते हैं: नायब सैनी

कहा- कांग्रेस ने देश पर 55-60 साल राज किया, कांग्रेस प्रदेश में 10 साल लगातार रही, ये भाजपा से हिसाब मांग रहे

हुड्डा बताएं दामाद को खुश करने के लिए किसानों की जमीन क्यों हड़पी

हुड्डा जवाब दें कि दलितों के घर क्यों जलाए गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



### देवेंद्र बबली ने भरा नामांकन, विजय अभियान किया शुरू

भारतीय जनता पार्टी का जनता के आशीर्वाद से चुनाव अभियान निरंतर जारी है। शनिवार को टोहाना में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र बबली की नामांकन रैली और भव्य रोड शो में हिस्सा लिया और उनका नामांकन दाखिल करवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि टोहाना की जनता की जिस तरह की सहभागिता हुई है वो एक पैगाम है कि 'सीएलयू गैंग' के सपने एक बार फिर टूटने वाले हैं। भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस की भर्ती रोको गैंग द्वारा हर भर्ती में रोड़े अटकाए जाने के बावजूद उनसे 3 गुणा ज्यादा सरकारी नौकरी बिना खर्ची-बिना पर्ची के देने का काम हमारी सरकार ने किया है। रोड शो के दौरान जगह-जगह मुख्यमंत्री नायब सैनी का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ता पूरे रास्ते जमकर भारत माता की जय और मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। रोड शो के दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत और अभिनंदन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरे सिर पर जो सम्मान की पगड़ी टोहाना वालों ने रखी है यह जनसेवा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को मैं और बबली कभी कम नहीं होने देंगे। टोहाना में रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब से गदगद हुए सीएम सैनी ने कहा कि लोगों की भीड़ ने बता दिया है कि 8 अक्टूबर को फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

**टोहाना, 7 सितंबर।** टोहाना से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र बबली के नामांकन के लिए की गई रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र दीपेंद्र हिसाब मांगों यात्रा निकाल रहे हैं। मुझे अचरज है कि जिस कांग्रेस ने देश में 55-60 साल राज किया और प्रदेश में भी भूपेंद्र हुड्डा की 10 साल लगातार सरकार रही, ये भाजपा से हिसाब मांग रहे हैं। हिसाब तो कांग्रेस और हुड्डा को देना चाहिए। हुड्डा को हिसाब देना चाहिए कि उन्होंने दामाद को खुश करने के लिए किसानों की जमीन क्यों हड़पी, हुड्डा बताएं कि उनके कार्यकाल में दलितों की बस्ती क्यों जलाई गई, क्यों दलितों को पलायन के लिए मजबूर होना प?ा। नायब सैनी ने कहा कि ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनका जवाब भूपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस के किसी नेता के पास नहीं है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हुड्डा ने युवाओं के साथ धोखा किया। कांग्रेस के राज में रातों रात नौकरी की लिस्ट बदल दी जाती थी, गरीब परिवार के युवा को नौकरी से दूर रखा जाता था। नौकरी मिलती भी तो पर्ची और खर्ची के जरिए। इसी तरह बुजुर्गों के साथ धोखा किया। हुड्डा बताएं कि उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में बुजुर्गों की पेंशन क्यों नहीं बढ़ाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है। पहले लोकसभा चुनाव में झूठ बोला और अब विधानसभा चुनाव में झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं। हरियाणा की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और इनके झूठ से सावधान रहने की जरूरत है। ये झूठ बोलकर सत्ता में आते हैं और फिर लूटराज करते हैं। नायब सिंह सैनी ने शायराना अंदाज में कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि 'दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के खाते खराब हैं वे हमारा हिसाब लिए फिरते हैं' नायब सिंह सैनी ने कहा कि यहां उमड़ी भीड़ को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि टोहाना से कमल जरूर खिलेगा।

इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र बबली, रतिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सुनीता दुग्गल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह ग्रोहा, पंजाब से पूर्व मंत्री सुरजीत जानी, जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, टोहाना विधानसभा के प्रभारी एडवोकेट प्रवीण आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने बिना पर्ची और बिना खर्ची युवाओं को नौकरी दी

टोहाना में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को जमकर लूटा है। भूपेंद्र हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार किया। उनके कार्यकाल में महिलाओं को सम्मान नहीं मिला। कांग्रेस की सरकार थी तो हमारा युवा विश्वास खो चुका,बिना रुपये नौकरी नहीं मिल रही थी। गरीब के घरों से वोट तो ले लेते थे लेकिन उनके युवाओं को नौकरी नहीं दी जाती थी। रिजल्ट आने से पहले ही भर्ती हुए युवाओं की लिस्ट बन जाती थी। ऐसे लोग हमसे हिसाब मांगते घूम रहे हैं। इसके उलट भाजपा ने बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरी दी। युवाओं में विश्वास जगाया कि योग्यता के आधार पर नौकरी मिलेगी, ना कि रुपयों से। अब युवा योग्यता के आधार पर नौकरी ले रहे हैं। अब युवा नेताओं ने चक्कर नहीं काटते बल्कि कोचिंग सेंटर के चक्कर काटते हैं।

### भर्ती रोको गैंग ने अटकाए रोडे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन हरियाणा में एक भर्ती रोको गैंग भी है, जो कांग्रेस और हुड्डा के संरक्षण में चलता है। इस भर्ती रोको गैंग ने युवाओं की भर्ती में रोडे अटकाए। लेकिन हमने जितनी भी भर्ती की पक्के तौर पर की हैं। युवाओं को उस भर्ती रोको गैंग से डरने की जरूरत नहीं है। 8 तारीख के बाद भाजपा फिर सत्ता में आएगी और आते ही रुकी हुई भर्ती पूरी करेगी और युवाओं को नौकरी मिलेगी।

### 50 हजार लोगों को दिए मकान

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता और ट्रांसपेरेंसी के साथ काम किया है। हमने योजनाओं के लाभ सीधे गरीबों और जरूरतमंदों तक पहुंचाए हैं, जिससे आज हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 हजार लोगों को मकान दिए गए हैं और 8 तारीख के बाद 15 हजार और लोगों को मकान की चाबियां दी जाएंगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर व्यक्ति के सिर पर छत हो। कांग्रेस सरकार ने 100 गज के प्लॉट देने का वादा किया था, लेकिन न कागज दिए और न ही कब्जा। भाजपा सरकार ने 20 हजार लोगों को कागज और कब्जा दोनों दिए हैं, और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चालू है।

### 20 लाख लोगों का मुफ्त इलाज करवाया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें हमारी सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर और 5 लाख रुपये तक का आयुष्मान कार्ड दे रही है। 20 लाख लोगों ने इसका लाभ उठाया है और सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए। इसी तरह किसानों के लिए हमने प्रति एकड़ 2 हजार रुपये की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है, ताकि उनके खर्च कम हो सकें। हमारी सरकार ने किसानों की फसलों की खरीदारी सुनिश्चित की है। कांग्रेस के समय में किसानों की फसलों का सही मुआवजा नहीं मिलता था, लेकिन भाजपा सरकार ने 13 हजार 526 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में किसानों के खातों में डाले हैं।

# पहली सूची के साथ कांग्रेस में हुड्डा की घेराबंदी शुरू

## गोहाना, बहादुरगढ़ समेत कई जगह प्रत्याशियों का विरोध

भाजपा में इस्तीफों का दौर जारी, कई नेता आज करेंगे फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पानीपत, 7 सितंबर।** हरियाणा कांग्रेस द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की पहली सूची में जहां नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दबदबा रहा है वहीं कई जगह हुड्डा के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। उधर भाजपा में शुरू हुआ विवाद आज भी जारी रहा और भाजपा के कई नेताओं ने रविवार को अपनी अगली रणनीति का ऐलान करने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठकें बुलाई हैं।

शुक्रवार की रात कांग्रेस ने अपने पहली सूची में 32 प्रत्याशियों में चुनाव मैदान में उतारा है। जिनमें 28 मौजूदा विधायक हैं तो चार नए चेहरे हैं। कांग्रेस ने बरोदा विधानसभा हलके से इंदुराज नरवाल को टिकट दिया है। इस विरोध करते हुए शनिवार को कांग्रेस टिकट के दावेदार रहे कांग्रेस नेता डॉ. कपूर सिंह नरवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने समर्थकों की बैठक बुला ली है। इसमें वे हालात पर चर्चा कर आगे का फैसला लेंगे। कपूर नरवाल ने कांग्रेस छोडने् का ऐलान किया। साथ ही रविवार को कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई है। टिकट न मिलने पर कपूर नरवाल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनके साथ गद्दारी की है। उपचुनाव में हुड्डा ने उनसे वादा किया था कि आम चुनाव में उनको टिकट दी जाएगी। वहीं बरोदा हलके से पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा के बेटे जीतू ने भी कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बहादुरगढ़ विधानसभा में 3 बार के विधायक राजेंद्र जून की टिकट को लेकर कांग्रेस के पार्टी डेलिगेट उनके भतीजे ने मोर्चा खोल दिया है। राजेश जून ने टिकट बंटवारे के विरोध में पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस विधायक के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लडने् का भी ऐलान कर दिया है। राजेश जून ने बकायदा 11 सितंबर को नामांकन दाखिल करने का ऐलान किया है। दिल्ली रोहतक रोड पर अपने कार्यालय के बाहर नामांकन दाखिल करने की तारीख का फ्लैक्स भी लगाया है।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी में आज तीसरे दिन भी इस्तीफों का दौर जारी रहा। सिरसा के कालांवाली से पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बीजेपी को अलविदा कह दिया है। बीजेपी ने इस बार उनका टिकट काट राजेंद्र देसूजोधा को दिया है। जिससे बलकौर सिंह नाराज हो गए। बलकौर कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस की ओर से शुक्रवार की रात जारी सूची में कालांवाली से विधायक शीशपाल केहरवाला को टिकट दिया गया है। इस बीच पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने बीजेपी छोड़ने का ऐलान करते हुए आज सफीदों से निर्दलीय नामांकन कर दिया। वह जजपा विधायक रामकुमार गौतम को सफीदों से टिकट दिए जाने से नाराज चल रहे हैं। रोहतक में भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने भी अपने समर्थकों की बैठक बुलाकर हाईकमान को चेताया है।


रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/99 | REGD. No. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.- 04092024-256891
CG-DL-E-04092024-256891

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II– खण्ड 3–उप-खण्ड (ii)
PART II – Section 3 – Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं.: 3451] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 3, 2024/भाद 12, 1946
No. 3451] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 3, 2024/BHADRA 12, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2024

का. आ. 3781 (अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि हरियाणा राज्य के करनाल जिले के गाँव– कलरी जागीर, खुखनी (6), तालुक – इंद्री मे Greenfield Highway के कि.मी. 46.6 से कि.मी. 55.037 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन / 4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी करनाल को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा । इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के करनाल जिले के गाँव– कलरी जागीर, खुखनी (6), तालुक – इंद्री मे Greenfield Highway के कि.मी. 46.6 से कि.मी. 55.037 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।

जिला: करनाल
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 3 September 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फाइल नंबर : 16002/NHAI/PIU/AMB/3A2
अभय जैन, उप सचिव

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू /पीएमयू/आरओ/ ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


# कमलेश ढांडा को प्रत्याशी बनाए जाने पर विरोध में हुई महापंचायत

## पंचायत का निर्णय सभी बिरादरी के सहयोग से कलायत से लड़ेगा आजाद उम्मीदवार

अर्थ प्रकाश/कुलदीप परमार



**कलायत, 7 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की और से घोषित प्रत्याशियों के विरोध का सिलसिला थम नहीं रहा है शनिवार को महाराणा प्रताप समुदाय केंद्र में तय महापंचायत में पहुंचे सैकड़ो लोगों ने कलायत विधानसभा क्षेत्र से कमलेश ढांडा के दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने का जोरदार विरोध किया। और कलायत विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी खड़ा करने की मांग की। महापंचायत में अलग-अलग पार्टियों के प्रतिनिधियों के अलावा भारी संख्या में भाजपा के वे नेता व कार्यकर्ता भी थे जो बीजेपी पार्टी से टिकट की मांग कर रहे थे। मौजूद लोगों ने पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा पर हलके के लोगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। और आजाद प्रत्याशी खड़ा करने पर अपनी सहमति देते हुए उसका हर प्रकार से सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पंचायत में मौजूद कुछ लोग द्वारा दूसरी पार्टियों से घोषित होने वाले उम्मीदवारों की सूची आने के पश्चात आजाद उम्मीदवार खड़ा करने का सुझाव दिया गया। करीब 3 घंटे तक चली पंचायत में आजाद उम्मीदवार के नाम हेतु अलग-अलग गांव से कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। महापंचायत में जयदीप राणा, पंडित विनोद निर्मल, संजीव दीक्षित, सलिंदर राणा, दीपक निर्मल, डॉ संदीप राणा, सोनू शर्मा, श्यामलाल बात्ता, सुमन राणा, बसाउ राम कुशल पाल राणा, आनंद राणा आदि अलग-अलग गांव के गणमान्य व्यक्ति नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आजाद उम्मीदवार के चयन हेतु सभी गांव के गणमान्य लोगों की कमेटी का होगा गठन:** महापंचायत में मौजूद सलिंदर राणा, विनोद निर्मल ,जयदीप राणा ने बताया कि आजाद प्रत्याशी के चयन के लिए जल्द ही कलायत विधानसभा के प्रत्येक गांव से दोङ्क दो सदस्यों और सभी बिरादरी के गणमान्य लोगों की कमेटी का गठन किया जाएगा। 11 सितंबर को कमेटी सदस्य द्वारा बैठक का आयोजन कर जिस भी प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा। वही प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा और सभी उसका समर्थन करेंगे।

**भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा ने की रूठों को मनाने की शुरुआत:** कलायत विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार कमलेश ढांडा ने रूठों को मनाने की शुरुआत कर दी है । शुक्रवार देर शाम कमलेश ढांडा उत्तराखंड से विधायक आदेश चौहान व मंडल अध्यक्ष राजीव राणा के साथ कलायत अनाज मंडी स्थित भाजपा नेता जयदीप राणा के प्रतिष्ठान व उसके बाद अजीत चहल आवास पर पहुंचे हालांकि अजीत चहल घर पर नहीं नही मिले। उसके बाद पूर्व राज्य मंत्री काफिले के साथ पंडित विनोद निर्मल के आवास पर पहुंची वहां उन्होंने निर्मल के परिवार के सदस्यों के साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान कमलेश ढांडा ने पत्रकारों से दूरी बनाए रखी।


# भाजपा भारी बहुमत से हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएगी: रणधीर

**हिसार (अप्रस)।** नलवा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रणधीर पनिहार ने अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत कई गांवों का दौरा किया। आर्य नगर में पहुंचने पर भारी संख्या में छतीस बिरादरी के लोगों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में रणधीर पनिहार ने कहा कि नलवा विधानसभा उनका गृह क्षेत्र है और वे वर्षो से इस हल्के से जुड़े रहे हैं। स्वर्गीय चौ. भजनलाल के समय में आदमपुर के साथ-साथ नलवा हल्के के गांवों में भी विकास के खूब कार्य हुए। चौ. भजनलाल परिवार का कई दशकों से इन गांवों में पारिवारिक सम्बंध रहा है। चौ. भजनलाल के बाद अब चौ. कुलदीप बिश्नोई उनकी विरासत को बखूबी संभाले हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर पनिहार ने कहा कि लगातार दो बार भाजपा सरकार ने प्रदेश को चहुंमुखी विकास की ओर ले जाकर नये कीर्तिमान स्थापित किये है।

# कुश्ती के बाद अब राजनीति के दंगल में दांव-पेंच लड़ाएंगी विनेश

अपनी ससुराल के हलके से उतरी मैदान में

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जींद, 7 सितंबर।** जिले के गांव बख्ताखेड़ा की बहू विनेश फोगाट को जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट मिली है। कांग्रेस जुलाना को सेफ सीट मान रही है। शुक्रवार को ओलंपियन और जुलाना विधानसभा के गांव बख्ताखेड़ा की बहू विनेश फौगाट अब कुश्ती के बाद राजनीति में दांवपेंच लड़ाती नजर आएंगी।

विनेश फोगाट की शादी 13 दिसंबर 2018 को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोमबीर राठी से हुई थी। विनेश के ससुर राजपाल राठी पूर्व सैनिक 2000 से 2005 तक गांव के सरपंच रहे। राजपाल राठी ने कहा कि उनकी बहू विनेश फोगाट को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया है तो शीर्ष नेत्तृत्व का धन्यवाद। उन्होंने दावा किया कि विनेश की जुलाना सीट से जीत होगी और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

विनेश फोगाट, भारतीय पहलवान हैं। वे हरियाणा के चरखी दादरी जिले से आती हैं। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विनेश फोगाट पहली महिला भारतीय पहलवान हैं। हाल ही में हुए ओलंपिक खेलों में विनेश फोगाट को फाइनल के लिए डिसक्वालीफाई कर दिया गया था। 100 ग्राम वजन बढ़ने पर अयोग्य करार दी गई विनेश फोगाट को रजत पदक भी नहीं दिया गया था। इसके बाद सामाजिक और खेल संगठन इसमें राजनीति होने का आरोप लगा रहे थे। इस बात को लेकर केंद्र सरकार को विभिन्न संगठनों ने निशाने पर लिया था।

भारत की बेहतरीन पहलवानों में से एक मानी जाने वाली विनेश फोगाट के पीछे कुश्ती की एक मजबूत विरासत है। तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगाट के पास कॉमनवेल्थ गेम्स में तीन स्वर्ण, वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक और एशियन गेम्स और एशियन चैंपियनशिप में एक-एक स्वर्ण पदक है। वह पेरिस 2024 ओलंपिक के फाइनल में भी पहुंची, लेकिन स्वर्ण पदक मैच की सुबह वेट-इन में विफल होने के बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

25 अगस्त 1994 को जन्मी विनेश फोगाट 30 साल की उम्र में राजनीति के मैदान में उतर चुकी हैं। विनेश अपनी चचेरी बहनों गीता फोगाट और बबीता कुमारी के नक्शेकदम पर चलती हैं और भारत के सबसे प्रसिद्ध कुश्ती परिवारों में से एक से आती हैं। उन्हें बहुत कम उम्र में उनके ताऊ महावीर सिंह फोगाट ने इस खेल से परिचित कराया था। हालांकि, जब विनेश फोगाट ने कुश्ती शुरू की तो गीता धीरे-धीरे खुद को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर रही थीं, लेकिन उन्हें सामाजिक बाधाओं और कई असफलताओं को भी पार करना पड़ा। विनेश को उन ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा जो कुश्ती को पुरुषों का खेल मानते थे और महिलाओं को उनके घरों तक ही सीमित रखने की बात करते थे। विनेश फोगाट जब महज नौ साल की थी तब उनके पिता का देहांत हो गया था।

पिछले साल यानी 2023 में 18 जनवरी को जब विनेश समेत भारत के कुछ दिग्गज पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे तो पूरा देश हिल गया। महिला खिलाड़ियों ने तब कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मामला बढ़ा तो बृजभूषण को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। भारतीय कुश्ती संघ में चुनाव का एलान हुआ और बृजभूषण के करीबी संजय सिंह 21 दिसंबर को अध्यक्ष चुने गए। संजय सिंह के अध्यक्ष बनते ही विनेश की साथी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने का एलान कर दिया। उनके बाद बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटा दिया और पैरा पहलवान वीरेंद्र सिंह (गूंगा पहलवान) ने भी पद्मश्री लौटाने की बात की। इसके बाद खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया। तदर्थ समिति बनाई गई तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया। हालांकि, संजय सिंह को पहलवान अध्यक्ष मानने को तैयार हुए और आईओसी ने निलंबन हटा लिया। हालांकि, बृजभूषण पर आरोप तय होने के बाद सजा नहीं मिली तो विनेश ने भी खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटाने का एलान कर दिया।

# मेरा काम ही मेरी पहचान: रणदीप सुरजेवाला

## रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस में हो रही है ज्वांइन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 सितंबर।** कैथल में कांग्रेस की टिकट की घोषणा न होने के बाद भी कांग्रेस के प्रति लोगों का भारी संख्या में समर्थन रणदीप सुरजेवाला को मिल रहा है। लगातार भाजपा, जजपा व इनैलो में रणदीप सुरजेवाला सेंधमारी कर रहे हैं।

गांव छौत से जेजेपी के 20 धारीवाल परिवारों बलवान सिंह धारीवाल, रामफल धारीवाल, रणधीर, अनिल, संदीप, प्रवीण, बदलू, राहुल, जगत राम, ओमा, अमित, कुलदीप, रामपाल, सुरेश, रमेश, गांव नन्दसिंह वाला में पोलू राम सैनी, पूर्व सरपंच परमजीत बाजीगर, पूर्व सरपंच ईश्वर सैनी ने भाजपा व इनेलो छोड़कर, गांव पट्टी अफगान से कश्मीर जागलान ने इनेलो, रामकुमार संधू, राजा जागलान, जयप्रकाश जेपी ने बीजेपी छोड़कर, बिशनगढ़ गामड़ी से सैनी मॉडल स्कूल के प्रधान डॉ सुशील सैनी, रमेश सैनी, साजन सैनी, प्रवीण सैनी, बिट्टू सैनी, सुरेश सैनी, विनोद सैनी, बाबू सैनी, शमशेर सैनी, गौतम सैनी, जय सिंह सैनी, चंदाना गेट निवासी राजू सैनी, मोहित सैनी, गुरविंद्र सैनी, अमित सैनी, कृपाल सैनी कांग्रेस में शामिल हुए। इसी प्रकार गोल्डी राणा, बीरबल महीवाल, हर्ष सैनी, अनिकेत सैनी, राजकुमार महीवाल, विक्की सैनी, बलबीर सैनी, परमजीत महीवाल, लाखा सैनी, रोहित सैनी, सतबीर सैनी, सुमित महीवाल, अंकित प्रजापति, धर्मवीर सैनी, लाभा सैनी, मोहित सैनी, महिंद्र सैनी, सतीश सैनी, कर्मबीर सैनी, जगबीर सैनी, आशु, रमन प्रजापति, केशव प्रजापति, दीपक सैनी, फोटोग्राफर एसोसिएशन व आरा एसोसिएशन ने अपना समर्थन रणदीप सुरजेवाला को दिया। रणदीप सुरजेवाला ने सभी साथियों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और पूरा मान सम्मान देने का वायदा किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### तीसरे दिन आज़ाद उम्मीदवार ने भरा पहला नामांकन: अमन

**पिहोवा (अप्रस/मोहितेश पौलस्त्य)।** रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के चलते तीसरे दिन शनिवार को पहले उम्मीदवार द्वारा आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा गया। गाँव इस्माइलाबाद के रजत शर्मा ने आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। रजत शर्मा ने रिटर्निंग अधिकारी अमन कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने आचार संहिता की पालना में कहा कि आमजन सोशल साइटस पर ऐसी किसी भी तरह की पोस्ट ना करें जिससे आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना हो। इसके दायरे में यूट्यूब चैनल के माध्यम से आने वाली खबरें भी आएंगी। इसके लिए आयोग ने एक्सपर्ट टीम तैयार की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाचार चैनल और अखबारों में आने वाली खबरें भी इसके दायरे में है। हर दिन अखबार और चैनल में प्रकाशित खबरों की समीक्षा राज्य स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला प्रशासन की नजर में आएगा तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विभिन्न पंडालों में पहुंचे गणपति जी महाराज



**पिहोवा (अप्रस/मोहितेश पौलस्त्य)।** बैंड बाजो की धून पर नाचते कूदते भगतो के साथ श्री गणपति जी महाराज विभिन्न पंडालो में पहुंचे । भगवान परशु राम चौंक से गणपति बप्पा मोरिया के नारो के बीच गणेश भगत गणपति की प्रतिमाओ को लेकर पवन मार्किट , पुराना बाजार ,अनाजमंडी ,गुरूनानक कालोनी सहित विभिन्न पंडालो में शोभायात्रा के साथ पहुंचे । पंडालो में गणपति प्रतिमाओ को विराजमान करके उनकी चल प्रतिष्ठा की गई। पवन मार्किट गणेश महोत्सव आयाजन समीति के प्रधान विक्रम चक्रपाणी , हनु चक्रपाणी ने बताया कि प्रतिदिन सांय सात बजे से भजन संध्या कीर्तिन आयोजित किए जाएगे तथा रात के समय भव्य आरती उतारी जाएगी। सुबह के समय विशेष पूजाचर्ना की जाएगी। नौ दिवीसीय समारोह में अनेक साधू संत महात्मा प्रवचन करेगे।

### आईजी कालेज में साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में क्षेत्रीय निदेशालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार साइबर सिक्योरिटी पर अधिकतम एक घंटे का व्याख्यान करवाया गया। व्याख्यान में कंप्यूटर विभाग की प्राध्यापिकाओं में से सृष्टि और रितिका ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एनएसएस की छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने साइबर सुरक्षा के नियम से छात्राओं को अवगत करवाया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने कहा कि आजकल हैकर्स साइबर अटैक द्वारा हमारी व्यक्तिगत जानकारी और डाटा को चोरी करते हैं। इस अवसर पर सांयकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर, एनएसएस सैल की प्रभारी डॉ दीपा और रेनू बाला भी उपस्थित रहीं।

# प्रयास जूनियर विंग स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत, 7 सितंबर।** गन्नौर शहर में किशनपुरा स्थित प्रयास जूनियर विंग स्कूल में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। इसमें सभी बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि मोहन शर्मा, शशि शर्मा, जगदीश व्यास, मधु व्यास, स्कूल चेयरमैन सुरेश बत्रा, संचालिका रुचिका बत्रा व अमित बत्रा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान फन गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें दादा-दादी ने खूब एंजॉय किया। हर कोई अपने अंदाज में छठा बिखेर रहा था। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि दादा-दादी ही बच्चों की पहली पाठशाला है।

छोटे बच्चों के लिए ग्रैंड पेरेंट्स मजबूत धागे होते है, जिसके जरिए बच्चे सुंदर रेशे की तरह हो जाते है। आज की आधुनिकता के कारण व बढ़ते सोशल मीडिया के प्रति रुझान को देखते हुए छात्र अपने दादा-दादी व नाना-नानी से अलग होते जा रहे है। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एक अच्छा मैसेज जाता है। कार्यक्रम समापन पर स्कूल प्रबंधक ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया। इस अवसर पर डा. संजय जैन, डा. सुनीरा जैन, नपा वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, हरीश मदान, सुरेंद्र जग्गा, नंद छाबड़ा, मनीष बंसल, रोहताश मलिक, मनोज कुमार, योगेश कौशिक व अन्य मौजूद रहे।

# कूडो खेल प्रतियोगिता में चयनित हुए कैथल के तीन खिलाड़ी

## एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ चौधरी ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 7 सितंबर।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन में दीपक सहोत्रा के नेतृत्व में स्टेट लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले के तीन खिलाडि?ों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए हुआ है। इस चैंपियनशिप का आयोजन 4, 5 और 6 सितंबर को अंबाला में हुआ था। इसमें कैथल के तीन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नेशनल में सिलेक्ट होने में महारत हासिल की है। इंडियन सेल्फ डिफेंस अकादमी के कोच मीनू सहोत्रा ने बताया कि इंडस पब्लिक स्कूल के छठी क्लास के विद्यार्थी अमित सहारण कैथल, संदीप कुमार ट्योंठा, रजनी राणा सौथा हमारी अकादमी के कूडो प्लेयर हैं जोकि पिछले काफी समय से लगातार मेहनत कर रहे हैं। पहले उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जीत हासिल की, उसके बाद गत दिनों अंबाला में आयोजित स्टेट प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है, यह पूरे कैथल जिले के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों को सौरभ चौधरी गोयल ने आशीर्वाद दिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बातचीत में वरिष्ठ भाजपा नेता व कूडो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सौरभ चौधरी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं आगे बढ़ रही हैं। चाहे वह कैथल की बेटियां हो चाहे बेटे हैं। कूडो जैसे खेल में भी राष्ट्रीय स्तर पर जाना यह बच्चों के लिए अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। सौरभ चौधरी ने कहा कि पूरे कैथल जिले के लिए व पूरे प्रदेश के लिए खुशी का विषय है कि आज खेलों में बच्चे मेडल प्राप्त करके नाम रोशन कर रहे हैं।

# अरविंद केजरीवाल ने पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया: सुनीता केजरीवाल

## बीजेपी ने हरियाणा के लिए कुछ नहीं किया, चुनाव में इनको एक भी वोट नहीं जाना चाहिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**महम/रोहतक, 7 सितंबर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को महम में बदलाव जनसभा की। उनके साथ वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल रंगा, अश्वनी देशवाल, प्रवीन गुसखानी, बिजेंद्र हुड्डा, विकास नेहरा, अमित, अशोक काजल, विक्की बल्हारा, वजीर सिंह अहलावत, रामबीर बल्हारा और शिव मोहन गुप्ता विशेष तौर पर मौजूद रहे। सभा में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुफ्त और 24 घंटे बिजली और अच्छे स्कूल-अस्पताल के लिए हरियाणा की जनता आम आदमी पार्टी को मौका दे। ''आप'' की सरकार आपको मुफ्त व 24 घंटे बिजली, अच्छी शिक्षा-स्वास्थ्य, हर युवा को रोजगार व महिलाओं को एक हजार महीना देगी। पिछले 10 सालों में भाजपा की सरकार ने आपके लिए कुछ नहीं दिया। इसलिए इस बार के चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलनी।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी सरकार को हरियाणा में 10 साल हो गए, लेकिन न बच्चों की शिक्षा में सुधार हुआ और न सरकारी स्कूल अच्छे बने। न सरकार अस्पताल अच्छे बने जहां अच्छा इलाज होता हो और दवाइयां मुफ्त मिलती हों, न 24 घंटे व मुफ्त बिजली मिली। वहीं दिल्ली और पंजाब में ये सभी काम हो रहे हैं। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। वहां पर बच्चों का भविष्य अच्छा बन रहा है, जगह जगह मोहल्ला क्लीनिक बन रहे हैं। इसके अलावा महिलाएं बसों में मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा का इंतजाम किया है। अब 18 साल से ऊपर की हर महिला को एक एक हजार रुपए देने की योजना है। इन योजनाओं से हर महीने तीन से चार हजार रुपए की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, हरियाणा के लाल हैं। अरविंद केजरीवाल के इन्हीं कामों की वजह से हरियाणा का नाम रोशन हो रहा है। अरविंद का जन्म तो सिवानी गांव में हुआ था, लेकिन उनकी पढ़ाई-लिखाई और परवरिश हिसार में हुई। कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था कि 20 साल बाद यह लड़का दिल्ली का मुख्यमंत्री बन जाएगा। ये कोई मामूली बात नहीं है। उनका जन्म 16 अगस्त 1968 को हुआ था। उस दिन कृष्ण जन्माष्टमी थी। यह भी कोई मामूली इत्तेफाक नहीं है।

उन्होंने कहा कि भगवान आपके बेटे से कुछ बड़ा करवाना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने जीरो से शुरू की खुद की पार्टी बनाई और पहले ही चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने देश की राजनीति में भूचाल लाने का काम किया। ऐसे-ऐसे काम किए, जो कोई भी पार्टी नहीं कर पाई। आज पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल को उनके कामों से जानते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। गरीबों के बच्चों का भविष्य उज्जवल कर दिया। शानदार मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल कर दिए, जहां मुफ्त और अच्छा इलाज होता है। उन्होंने बिजली फ्री कर दी। महिलाओं को बस में फ्री सफर करने की सुविधा दी। बुजुर्गों के लिए फ्री तीर्थ यात्रा कर दी और अब हर महीने हर महिला को एक हजार रुपए की सम्मान राशि देने जा रहे हैं।

# हुड्डा व जनता के आशीर्वाद से चुनाव में पूंडरी से जीत तय: सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 सितंबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आशीर्वाद एवं पूंडरी विधानसभा क्षेत्र की 36 बिरादरियों के सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद से विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराएंगे और हर वर्ग को पहले की तरह साथ लेकर चलते हुए सांझे विकास कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार बनते ही कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन योजना (ओ.पी.एस.) को लागू किया जाऐगा और कांग्रेस इस मांग को अपने घोषणा पत्र में भी शामिल करेगी और प्राथमिकता के आधार पर इसे पूरा करेगी। ढांड में बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि हरियाणा की जनता 5 अक्तूबर की राह देख रही है, ताकि वोट की ताकत से जनविरोधी सरकार को सबक सिखाने का काम करते हुए स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बना सके। हरियाणा की जनता हुड्डा शासनकाल को याद कर रही है, जिसमें चारों तरफ विकास व रोजगार की गंगा बहती थी और हर क्षेत्र में प्रदेश नंबर वन था। पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि हरियाणा की जनता के आशीर्वाद से हुड्डा के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और हरियाणा में विकास व रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे। हर हाथ को काम होगा, हर तरफ विकास होगा। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, युवा सहित आमजनमानस की सरकार होगी, जिसमें हर वर्ग की सुनवाई होगी। पूर्व विधायक सुल्तान जडौला ने दावा किया कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में जनआशीर्वाद से रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे और पूंडरी को फिर से हुड्डा शासनकाल से जोड़ते हुए विकास व रोजगार की राह में नंबर वन क्षेत्र बनाएंगे।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा होती है उजागर: डीईओ

## जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 7 सितंबर।** जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता का आगाज किया। डॉ विजय लक्ष्मी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा उजागर होती है। जिला कल्चरल संयोजक सुशील कुमार ने बताया कि कक्षा 9 से 12 के सभी ब्लाक के 550 विद्यार्थियों में अलग-अलग विधाओं हास्य नाटिका, लघु नाटिका, रागिनी, ग्रुप डांस, सोलो डांस और स्किट प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन निर्णायक मंडल में एकल व समूह नृत्य के लिए पवन कुमार जींद, अशोक सिंहान चीका, वंदना संगीत अध्यापिका एवं एकल व समूह गान के लिए सुनीता गुप्ता, मंगतराम शास्त्री जींद एवं ममता संगीत अध्यापिका, लघु नाटिका के लिए उदय चंद जींद, डॉ राजीव कुमार, सहायक प्रोफेसर एवं राजकुमार प्राध्यापक रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में केवल सभी प्रथम आने वाले विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी ने विजेताओं और अध्यापकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

**ये रहेगी पुरस्कार की राशि:** फोक डांस ग्रुप प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को नकद पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय को 8000 रुपए, तृतीय टीम को 6000 रुपए एवं कंसोलेशन प्राइज 2000 रुपए दिया जाएगा। फोक डांस सोलो में प्रथम टीम का 4100 रुपए, द्वितीय टीम को 3100 रुपए, तृतीय टीम को 2100 रुपए एवं कंसोलेशन प्राइज 2000 दिए जाएगा। रागिनी सोलो में प्रथम टीम को 4100 रुपए, द्वितीय टीम को 3100 रुपए, तृतीय टीम को 2100 रुपए और 2000 रुपए कंसोलेशन प्राइस दिया जाएगा। स्किट ग्रुप में प्रथम आने वाली टीम को 10000 रुपए, द्वितीय टीम को 8000 रुपए और तृतीय टीम को 6000 रुपए की राशि उनके बैंक अकाउंट में भेजी जाएगी। सभी पुरस्कार विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे।

**ये रहे आज के परिणाम:** ग्रुप डांस कक्षा 9 से 12 के परिणाम में प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़, द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चन्दाना, तृतीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका और कंसोलेशन प्राइज पीएम श्रीराजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल को मिला। सोलो डांस कक्षा 9 से 12 में प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़, द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चन्दाना, तृतीय पीएम श्रीराजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल और कंसोलेशन प्राइज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाई को गया। रागिनी प्रतियोगिता में प्रथम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्योडक़, द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुराड़, तृतीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाई और कंसोलेशन प्राइज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी ने जीता। इसी प्रकार स्किट प्रतियोगिता में प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलवंती, द्वितीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाई, तृतीय पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगल और कंसोलेशन प्राइज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देबवन का रहा।

# युवक की मौत पर परिजनों ने किया हॉस्पिटल में हंगामा

## पट्टीकल्याणा के युवक की देव हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत पर परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 7 सितंबर।** शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित देव हॉस्पिटल में शनिवार सुबह एक युवक की मौत पर परिजनों ने रोष प्रकट किया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल संचालकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा कर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुँच परिजनों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव पट्टीकल्याणा का रहने वाला अनिल नामक युवक रात करीब 1:00 बजे उल्टी लगने से अपने परिजनों के साथ समालखा के प्राइवेट देव हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुँचा था। जहां अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों व कर्मचारियों द्वारा उसका इलाज करना शुरू कर दिया। पर इलाज के दौरान युवक की हालत ज्यादा बिगड़ने से उसकी मृत्यु हो गई। हॉस्पिटल कर्मचारियों ने सुबह करीब 6:00 बजे अनील को पानीपत के लिए रेफर करने की बात कहीं। परिजनों द्वारा अनिल को पानीपत के एक निजी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। परिजनों के द्वारा मृतक की डेड बॉडी को लेकर समालखा के देव हॉस्पिटल में वापसी पहुंचे । जहां स्टाफ के द्वारा उनको अंदर घुसने नहीं दिया गया। परिजनों ने हंगामा कर मृतक अनिल की डेड बॉडी को अंदर रख दिया। हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। करीब 3 घंटे परिजनों का हंगामा चलता रहा। इसके बाद मौके पर डीएसपी सतीश वत्स पहुंचे मामले को शांत करवाया परिजनों से बात कर मृतक की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाए।

इसके बाद परिजनों द्वारा डॉक्टर व स्टॉप लापरवाही आरोप लगाए। मृतक अनिल के पिता जय सिंह ने कहा रात को पेट में दर्द होने की वजह से उल्टी लग गई थी जिसको लेकर हम समालखा देव हॉस्पिटल में और लेकर पहुंचे जहां पर अस्पताल के स्टाफ के द्वारा हमारे से रुपये 30,000 पहले जमा करवा लिए उसके बाद कोरे कागज पर साइन करवा कर इलाज शुरू कर दिया इलाज शुरू होने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई लेकिन अस्पताल के स्टाफ के द्वारा उसको इंजेक्शन दिया गया उसके बाद उसकी मृत्यु हो गई मृत्यु होने के बाद अस्पताल स्टाफ के लोगों के द्वारा उसको पानीपत ले जाने को कहा । पानीपत में एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने कहा यह तो पहले ही मर चुका है।

### मृतक दो बच्चों का पिता है उम्र करीब 28 साल

डीएसपी सतीश वत्स ने जानकारी देते हुए मृतक पट्टीकल्याण के रहने वाले हैं अनिल नमक युवक को रात के समय उल्टी लगने से अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे थे जहां पर इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हॉस्पिटल का स्टाफ को लेकर डॉक्टर को लेकर लोगों में रोष था मामले को शांत करवाया गया मृतक की डेड बॉडी को पानीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया फिलहाल परिजनों की लिखित रूप में जो शिकायत दी है उसे पर कार्रवाई की जाएगी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जो भी आरोपी है उसको छोड़ नहीं जाएगा।

▲ अधिकतम 33 डिग्री से.
डिग्री से. 26 न्यूनतम ▼
सूर्यादय 6.03 बजे
सूर्यास्त 6.38 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,020.00 |
| सैसेक्स | 81,183.93 |
| अमेरिका | 83.99 |
| कैनेडियन | 62.00 |
| आस्ट्रेलिन | 56.14 |

# ट्राईसिटी में 500 टेंपो ट्रैवलर्स गाड़ियां रुके पहिये

## चेतावनी : स्टेशन और एयरपोर्ट पर नाका लगा बाहरी गाड़ियों को जल्द रोकने का किया ऐलान

**यूनियन का आरोप : टेंपो ट्रैवलर्स ऑनलाइन ट्रैवलर बुला कर हिमाचल की गाड़ियां को भेज रहे सस्ते रेट पर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 7 सितंबर।** स्थानीय टेंपो ट्रैवलर्स के संचालकों ने ट्राईसिटी में अपनी करीब 500 गाड़ियों का चक्का जाम करते हुए रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर नाका लगाकर हिमाचल प्रदेश से बुलाई जा रही गाड़ियों को जल्द रोकने का ऐलान कर दिया है। शनिवार को यूनियन के सैकड़ों संचालकों ने यहां कलाग्राम ग्राउंड में प्रदर्शन किया। यूनियन ने चंडीगढ़ प्रशासन से हिमाचल प्रदेश से बुलाई जा रही गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि हिमाचल की गाडियां बिना किसी रोक-टोक के चंडीगढ़ में व्यवसाय कर रही हैं और यहां के संचालकों को दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। ट्राईसिटी टेंपू ट्रैवर्स यूनियन के प्रधान रोहित ने कहा कि प्रशासन से इस मामले की हस्ताक्षेप तुरंत हस्ताक्षेप कर बाहरी गाडियों के ट्राईसिटी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से आने वाली गाडियां कम रेट पर काम कर रही हैं, जिससे यहां के संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि वे लोन पर ली गई गाड़ी की किस्त भी नहीं निकाल पा रहे हैं। बाहरी गाड़ियों के व्यवसाय करने से उनकी जुलाई और अगस्त की किस्तें टूटी चुकी हैं। रोहित ने कहा कि उनकी किसी से निजी रंजिश नहीं है लेकिन यह रोजगार की लड़ाई है। जिसके लिए उन्हें लामबंद होकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें उठानी पड़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि बाहरी गाडियां बुलाने के लिए एक चेन बनी हुई है। गाडियां ऐजेंट ऑन लाइन रेलवे स्टेशन पर फुल रेट में मंगवा कर हिमाचल की गाड़ियां कम रेट पर चला रहे हैं। हालांकि, ट्राईसिटी टेंपो टैवलर्स यूनियन कई यूनियनों के साथ बैठकें कर न्यूनतम रेट पर काम करने को तैयार है। यूनियनों की ओर से भी उन्हें आश्वासन दिलाया गया है, लेकिन हिमालच प्रदेश की गाडियां शहर में आकर उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचा रही हैं।

### जल्द ही प्रशासन को ज्ञापन देकर उठाएंगे अपनी मांगें: रोहित

प्रधान रोहित समेत सैकड़ों ड्राइवरों ने ऐलान कर दिया है कि यदि प्रशासन की ओर से उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो शीघ्र ही वे रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर अपनी गाड़ियों के साथ नाके लगा किसी बाहरी टेंपो ट्रैवलर्स को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगें उठाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें प्रशासन की ओर से भरपूर मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों की टाइमिंग के हिसाब से नाके लगाए जाएंगे। उनका मकसद ऑन लाइन उस चेन को तोडऩा है जिसके जरिए चंडीगढ़ में बैठे कुछ लोग बाहरी गाडिय़ों को बुला कर सस्ते दाम पर आगे किराए पर भेज रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कानून के दायरे में रह कर वे अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखेंगे। किसी प्रकार का अडिय़ल रवैया अपनाया नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल में यूनियन चंडीगढ़ या आसपास के शहरों के चालान करवा रही है। कुल्लू में हाल ही में कई चालान हुए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी के तीन मामले दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने अलग अलग तीन मामलों में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र के रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया की कुछ समय पहले उसका संपर्क सेक्टर 8 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी से हुआ था। उन्होंने पीड़िता को झांसे से में लेते हुएकहा था कि वह उसका यूएसए का स्टडी वीजा दिलवा देंगे। पीड़िता उनके झांसे में आ गई ।और उसने कंपनी के आरोपी को एक लाख 91 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश भेजा। और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में हरियाणा के जिला यमुनानगर की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की कुछ समय पहले उसका संपर्क सेक्टर 8 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी से हुआ था। उन्होंने पीड़िता को झांसे से में लेते हुए कहा था कि वह उसका ऑस्ट्रेलिया का स्पाउस वीजा दिलवा देंगे। पीड़िता उनके झांसे में आ गई ।और उसने कंपनी के आरोपी को 9 लाख 80 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश भेजा। और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। जबकि तीसरे मामले में पंजाब के जिला अमृतसर की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की कुछ समय पहले उसका संपर्क सेक्टर 17 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी से हुआ था। उन्होंने पीड़िता को झांसे से में लेते हुए कहा था कि वह उसका कनाडा का वीजा दिलवा देंगे। पीड़िता उनके झांसे में आ गई ।और उसने कंपनी के आरोपी को 16 लाख 74 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश भेजा। और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से चार मोबाइल फोन चोरी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन के थाना आईटी पार्क पुलिस ने घर से चार मोबाइल फोन गायब होने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता शास्त्री नगर के रहने वाले संदीप कुमार ने पुलिस को बताया की वह अपने परिवार सहित रहता है। 4 सितंबर को वह घर में परिवार समेत सो रहे थे। इसी दौरान घर के कमरे का दरवाजा खुला था। कोई अज्ञात कमरे में घुसकर घर में पड़े चार मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ के स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन

**सीपीसीसी के संचालित कार्यक्रम के लिए ग्लोबल यूथ फेडरेशन इंडिया का लिया सहयोग**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** वायु गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, चंडीगढ़ नगर निगम और चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीसी) द्वारा संचालित, ग्लोबल यूथ फेडरेशन इंडिया के सहयोग से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) पहल के तहत शहर भर में स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया।

सरकार के छात्र. गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 18; सरकार. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-38 वेस्ट; सरकार. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-32 वेस्ट; और सरकार. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव खुड्डा अली शेर ने क्विज़, निबंध लेखन, पोस्टर-मेकिंग और नारा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन आकर्षक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

चंडीगढ़ नगर निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने और निरंतर उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए।

इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गहरी समझ पैदा करना है। छात्रों को रचनात्मक और शैक्षिक कार्यक्रमों में शामिल करके, अभियान पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सूचित और सक्रिय पीढ़ी तैयार करने का प्रयास करता है। यह मिशन स्वच्छ हवा के अभियान का समर्थन करता है और व्यापक जलवायु परिवर्तन शमन प्रयासों में योगदान देता है, जिससे अंततः सभी समुदायों की भलाई में सुधार होता है।

# दो पहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना आईटी पार्क पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहित के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बीते दिन थाना आईटी पार्क क्षेत्र एरिया के अतर्गत से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला आरोपी चोरी के मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना आईटी पार्क के प्रभारी इंस्पेक्टर जुलदान सिंह की टीम ने आरोपी को एक होटल के पास से रोककर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हआ। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायकि हिरासत में भेज दिया है।

### क्या था मामला

मनीमाजरा के रहने वाले शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 30 जुलाई को उसकी मोटरसाइकिल थाना आईटी पार्क क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पार्किंग से चोरी हो गई थी। मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी गई थी ।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था ।जबकि पुलिस ने मामले को सुलझा लिया है।

# किन्नर मंदिर में विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना



**चंडीगढ़, 7 सितंबर (अप्रस)।** जय माता मंदिर किन्नर एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किन्नर मंदिर में विधि विधान से गणपति जी की मूर्ति स्थापित की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और भगवान गणेश की आरती की। मंदिर परिसर भक्तों के जयकारों से गूंज उठा। शनिवार को बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर में स्थापना से पूर्व गणपति महाराज की मूर्ति को स्नान कर कर उन्हें सुंदर-सुंदर वस्त्र पहनाकर सुशोभित किया। मंदिर की पुजारिन महंत कमली माता ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए गणपति महाराज की हल्दी, गोबर और मिट्टी से निर्मित इको फ्रेंडली मूर्तियों की स्थापना कराई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने गणपति महाराज की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर भगवान गणेश की जयकारे से गूंज उठा। महंत कमली माता ने बताया कि संस्था ने इस बार गणेश चतुर्थी के मौके पर हल्दी, गोबर और मिट्टी के ऐसे गणेश जी तैयार किए हैं, जो पूरी तरह से ईको फ्रेंडली भी हैं और विसर्जन के बाद घर के गार्डन में पौधे के रूप में लहलहाते भी रहेंगे। मिट्टी और गोबर जी के गणेश जी की मूर्ति को यहां गमले में ही पानी मे विसर्जित कर उसमें पौधे को रोप दिया जाएगा तो वहीं हल्दी वाले गणेश जी की मूर्ति को पानी मे विसर्जित कर उसके घोल को मंदिर परिसर में छिड़का जाएगा।

# चंडीगढ़ में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बनेंगे सख्त नियम

**10 हजार में से 3 हजार वेंडर्स जमाकर रहे फीस, निगम ने साइट्स को रद्द किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** चंडीगढ़ शहर में रजिस्टर 10,000 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स में से केवल 3,000 ही अपनी मासिक फीस नगर निगम को जमा कर रहे हैं, जिससे निगम को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। कई वर्षों से डिफॉल्टर बने इन वेंडर्स पर अब निगम सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जो वेंडर्स नियमित रूप से फीस जमा नहीं कर रहे हैं, उनकी साइट्स कैंसिल कर दी जाएगी।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि शहरभर में वेंडर्स को बैठने के लिए निर्धारित स्थानों का सर्वेक्षण कर अलॉटमेंट किया गया था, लेकिन कई वेंडर्स ने अपनी आवंटित जगहों से असंतोष जताया, क्योंकि उन्हें उनकी मूल जगह से हटाकर अन्य सेक्टर्स में स्थान दिया गया था। इस असंतोष के चलते कई वेंडर्स ने अपनी अलॉट की गई जगहें निगम को वापस कर दीं, जबकि कुछ वेंडर्स अपनी जगहों का इस्तेमाल तो कर रहे हैं, पर फीस जमा नहीं करवा रहे हैं।

### कोविड-19 के कारण नुकसान का हवाला

डिफॉल्टर वेंडर्स ने जब निगम की सख्ती का सामना किया, तो उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान हुए आर्थिक नुकसान का हवाला देकर फीस माफी की मांग की। इसके अलावा, कुछ वेंडर्स ने अपनी आवंटित साइट्स को दूसरों को चलाने के लिए दे दिया था, जिसके चलते निगम ने उन साइट्स को रद्द कर दिया।

### नियमित फीस जमा करने वालों को मिलेगा फायदा

नगर निगम की टाउन वेंडिंग कमेटी की सदस्य ने जानकारी दी कि कई वेंडर्स जो नियमित रूप से अपनी लाइसेंस फीस जमा कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही नई साइट्स आवंटित की जाएंगी। बताया गया कि शहर में ऐसे लगभग 350 वेंडर्स हैं, जो नियमित रूप से अपनी फीस जमा कर रहे हैं और उनकी साइट्स सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि वे बिना किसी समस्या के अपने काम को जारी रख सकें।

### बैठक में प्रस्ताव होगा पेश

टाउन वेंडिंग कमेटी की आगामी बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसमें उन वेंडर्स को प्राथमिकता दी जाएगी जो निगम की फीस नियमित रूप से जमा कर रहे हैं। यह प्रस्ताव उन वेंडर्स के लिए भी है, जिनकी साइट्स किसी कारणवश खाली पड़ी हैं या जिन्हें रद्द कर दिया गया है। वर्तमान में नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, 4 अक्टूबर को होने वाले टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव के लिए केवल 3,500 वेंडर्स ही वैध पाए गए हैं, जो वोट डाल सकेंगे। शेष 7,342 वेंडर्स किसी न किसी कारणवश डिफॉल्टर की श्रेणी में आते हैं और वे चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे।

# अब चंडीगढ़ पीजीआई में नहीं लगेगी लंबी लाइनें

**संपर्क सेंटर से बनेगा कार्ड, नई योजना के तहत भीड़ होगी नियंत्रित**

**इंफॉर्मेशन सिस्टम किया अपग्रेड**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** चंडीगढ़ में अब पीजीआई के नए ओ.पी.डी. में कार्ड बनवाने के लिए लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। पीजीआई प्रबंधन एक नई योजना के तहत संपर्क सेंटर के जरिए कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मरीजों को सुविधा प्रदान करना और भीड़ को नियंत्रित करना है।

डिप्टी डायरेक्टर पंकज राय के अनुसार, पीजीआई ने हाल ही में एचआईएस (हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम) वर्जन 2 अपग्रेड कर लिया है, जिससे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा मिलेगा।

यह सुविधा उन मरीजों के लिए फायदेमंद होगी जो दूरदराज़ इलाकों से आते हैं और कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतारों में लगने से बचना चाहते हैं।

### संपर्क सेंटर से कम पढ़े-लिखे लोगों को लाभ

संपर्क सेंटर से कार्ड बनने की सुविधा उन लोगों के लिए अधिक उपयोगी होगी जो तकनीकी जानकारी में कमजोर हैं। यह पहल पीजीआई में भीड़ को कम करने के साथ-साथ मरीजों के समय की भी बचत करेगी।

### टेक्नोलॉजी से होगी कतारों में कमी

पीजीआई प्रबंधन के अनुसार, रोजाना 10 हजार मरीज ओपीडी में आते हैं और कार्ड बनवाने के लिए सुबह 8 से 11 बजे तक ही काउंटर खुलता है। कतारों से बचने के लिए प्रबंधन टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग करने की योजना बना रहा है, जिससे मरीजों को अधिक सुविधा हो सकेगी।

### जीएमएसएच सेक्टर-16 में भी सुविधा

साल 2023 में सेक्टर-16 स्थित जीएमएसएच अस्पताल में भी संपर्क सेंटर से कार्ड बनाने की सुविधा शुरू की गई थी। हालांकि, हेल्थ डायरेक्टर डॉ. सुमन सिंह के मुताबिक यह सुविधा अस्पताल में उतनी प्रभावी नहीं हो पाई। कारण यह है कि संपर्क सेंटर में कार्ड बनवाने के लिए 10 रुपए का शुल्क लिया जाता है, जबकि अस्पताल में यह सेवा नि:शुल्क है।

### आई सेंटर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बढ़ा

नेत्र विभाग (आई सेंटर) में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा हाल ही में बढ़ाई गई है। पहले जहां रोजाना 150 मरीजों का स्लॉट होता था, उसे अब 200 कर दिया गया है। रिस्पॉन्स अच्छा मिलने पर इसे और बढ़ाया जा सकता है। आई सेंटर में रोजाना करीब 1500 मरीज आते हैं और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को प्राथमिकता दी जाती है।

# रायपुरकलां गौशाला में 2 डाक्टरों व 16 कर्मचारियों के आवासों का होगा निर्माण

**566.86 लाख रुपये का आयेगा खर्च**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** चंडीगढ़ के रायपुर कलां गांव में गौशाला फेज-3 में डाक्टर आफिस, 02 डाक्टरों और 16 कर्मचारी आवासों का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए अनुमानित खर्च 566.86 लाख रुपये का आंकलन किया गया है।

बता दें कि रायपुरकलां गांव में गौशाला फेज-3 में डाक्टर कार्यालय, 2 डाक्टरों और 16 कर्मचारी आवारों का निर्माण किया जायेगा। सीबीडब्ल्यूडी प्लिंथ एरिया रेट (पीएआर) 2023 के अनुसार अनुमान तैयार किया गया है।

तदनुसार चंडीगढ़ के रायपुर कलां गांव में गौशाला फेज-3 में डाक्टर कार्यालय 02 डाक्टर आवास और 16 कर्मचारी आवासों का निर्माण होना है।

इस अति महत्वपूर्ण कार्य के लिए 566.86 लाख रुपये की धनराशि का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसमें लिए गए कार्य का दायरा पहले से स्वीकृत किसी भी अनुमान में नहीं लिया गया है। इस पर होने वाला खर्च गौशाला का विकास/निर्माण शीर्षक के अंतर्गत किया जायेगा। यह प्रस्ताव नगर निगम की विगत सदन की मासिक बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसकी मंजूरी दी जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि इस गौशाला को अति आधुनिक रूप दिया जायेगा। इसमें बीमार गायों और स्वस्थ गायों के लिए अलग-अलग गौशालाएं होंगी। क्योंकि इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि बीमार गौवंश के संपर्क में आने से स्वस्थ गोवंश भी बीमारी के संक्रमण का शिकार न होने पाये। दूसरी बात यह है कि गौशाला के गायों के अतिरिक्त सड़कों पर बेसहारा घूमते-फिरते गाय/गोवंश यदि किसी वाहन की टक्कर से घायल हो जाएं तो उन्हें भी अस्पताल में लाकर विधिवत इलाज आदि किया जा सके।

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया था उद्घाटन

यह भी बताना जरूरी है कि इस गौशाला का उद्घाटन देश के रक्षा मंत्री एवं पूर्व गृहमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ था। इस समारोह को विशेष रूप से भव्य बनाया गया था। इसके अलावा इसमें सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी है। गायों के गोबर और मूत्र को अलग-अलग निकाल कर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जायेगा।

सम्पादकीय

# टिकटों वितरण में ही शह और मात, क्या सब ठीक ठाक है

हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस की अभी एक-एक ही उम्मीदवारों की सूची जारी हुई है, लेकिन उसे लेकर असंतोष सामने आ रहा है। भाजपा में तो लगभग हर तीसरा नेता असंतुष्ट नजर आ रहा है और उनकी आंखों से आंसू बह रहे हैं। यह भी समझने की बात है कि राजनीति किसी एक के बूते नहीं चलती, इसमें हजारों, लाखों लोग शामिल होते हैं, तब ही एक उम्मीदवार निर्वाचित होता है और फिर उनके जैसे एक ही पार्टी से जब और ज्यादा चुने जाते हैं तो फिर सरकार बनती है। ऐसे में प्रत्येक पांच वर्ष बाद एक ही नेता को बार-बार टिकट देने का औचित्य क्या है। बेशक, यह सवाल पेचीदा है और विडम्बनापूर्ण भी। हरियाणा में भाजपा ने एक दर्जन के करीब अपने मौजूद विधायकों को टिकट नहीं दी है, इनमें अनेक बड़े नाम भी शामिल हैं। प्रश्न यह है कि आखिर इन नेताओं को टिकट की उम्मीद क्यों जगाई गई थी, जिसके लिए वे पिछले पांच साल से मेहनत कर रहे थे। सोनीपत का मामला ऐसा ही है, यहां पूर्व मंत्री और उनके राजनीतिक पति पार्टी के लिए लगातार मेहनत कर रहे थे, लेकिन चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही विरोधी पार्टी से एक युवा नेता को भाजपा ने अपने पाले में शामिल कर लिया और अब उन्हें टिकट भी दे दी।

**इसी तरह से सिरसा में रानियां हलके का मामला है। यहां से पूर्व मंत्री रणजीत सिंह को पहले भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपना सदस्य बनाया, फिर उन्हें टिकट दिया लेकिन वे जीत न सके। अब विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें टिकट ही नहीं दिया जबकि वे यहां से निर्दलीय जीत चुके हैं। प्रदेशभर में तमाम जगह ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। बहादुरगढ़ में तो एक भाई की टिकट काटकर दूसरे भाई को दे दी गई। आखिर इन अवसरों पर किस भीम बली की आंखों से आंसू नहीं बह निकलेंगे। राजनीति कुर्बानी लेना और देना सिखाती है। लेकिन इसका फैसला कैसे होता है कि कोई कुर्बानी के लिए उचित है।**

इसी तरह से सिरसा में रानियां हलके का मामला है। यहां से पूर्व मंत्री रणजीत सिंह को पहले भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपना सदस्य बनाया, फिर उन्हें टिकट दिया लेकिन वे जीत न सके। अब विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें टिकट ही नहीं दिया जबकि वे यहां से निर्दलीय जीत चुके हैं। प्रदेशभर में तमाम जगह ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। बहादुरगढ़ में तो एक भाई की टिकट काटकर दूसरे भाई को दे दी गई। आखिर इन अवसरों पर किस भीम बली की आंखों से आंसू नहीं बह निकलेंगे। राजनीति कुर्बानी लेना और देना सिखाती है। लेकिन इसका फैसला कैसे होता है कि कोई कुर्बानी के लिए उचित है। कहीं ऐसा तो नहीं होता कि बेकसूर अपनी कुर्बानी दे देता है। वास्तव में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के साथ ऐसा हो चुका है। पार्टी ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी दस सीटें जीती थी, लेकिन इस बार वह सिर्फ पांच सीटें ही जीत पाई और वे भी बहुत चुनौतीपूर्ण हालात में। कहा जाता है कि इसकी वजह पार्टी का टिकटों के आंवटन में सही फैसला न लेना और भितरघात रही। यानी एक तो पार्टी ने संबंधित सीट पर उम्मीदवार का चयन उचित तरीके से नहीं किया और इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में हुए असंतोष ने भितरघात का काम किया। यह भी कहा गया कि अगर पार्टी अपने सहयोगी दल जजपा के साथ गठबंधन बनाए रखती और उसे विश्वास में लेकर टिकट वितरण करती तो संभव है, पांच की बजाय जीती हुई सीटों का आंकड़ा और ज्यादा होता। खैर, यह सब अब अतीत हो गया है और अब विधानसभा चुनाव का समय है।

ऐसी रपट हैं कि भाजपा के राज्य नेतृत्व की ओर से सर्वे कराया गया और फिर केंद्रीय नेतृत्व ने भी सर्वे कराया। वहीं पार्टी के पितृ संगठन आरएसएस ने भी उम्मीदवारों के संबंध में सर्वे किया है, जिसके आधार पर टिकटों को वितरित किया गया है। लेकिन इसके बावजूद पार्टी में भयंकर असंतोष नजर आ रहा है और यह असंतोष चिंताजनक है। गौरतलब है कि एक पूर्व मंत्री ने तो मुख्यमंत्री से नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे हाथ मिलाने तक से इनकार कर दिया। बेशक, यह रोष जाहिर करने का तरीका है, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस पार्टी को सर्वाधिक अनुशासित कहा जाता है, उसमें टिकटों के आवंटन के दौरान यह हालात बन रहे हैं। इसी प्रकार कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 32 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इनमें 28 मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिया गया है। इन टिकटों पर भी असंतोष सामने आने लगा है, कांग्रेस में इस बार एक-एक हलके में एक अनार-सौ बीमार वाली स्थिति रही है, तब क्या वे असंतुष्ट इसका सब्र करेंगे कि उनके नाम की अनदेखी करके फिर से मौजूदा विधायक को ही टिकट दे दी गई।

भाजपा-कांग्रेस की ओर से अभी और सूची जारी की जाएंगी। भाजपा में तो एक तरफ टिकट बदलने की चर्चाएं हैं, वहीं यह बयान भी सामने आ रहा है कि बदलाव नहीं होगा। हालांकि जिस प्रकार के हालात बन रहे हैं, उन्हें देखते हुए क्या पार्टी के लिए इतने बड़े असंतोष को दबा पाना संभव होगा? हालांकि राजनीति संभावनाओं का खेल है। यह शतरंज की बाजी की तरह है, जो न जाने किस तरफ पड़ जाए। अगर पार्टी अपने मौजूदा विधायकों या फिर अन्य नेताओं के संबंध में ऐसी रपट पा रही है कि उनके खिलाफ सत्ता विरोधी भावनाएं हैं तो टिकट कट भी सकती है। बेशक, यह मामला एक पार्टी का अंदरूनी है, क्योंकि उसे जीत हासिल करनी है, चाहे फिर दूसरे दलों से नेताओं को गोद क्यों न लेना पड़े। मौजूदा राजनीति इसी तरह की हो गई है। अब मेहनत का मोल ज्यादा नहीं रह गया है और रातों-रात किसी की मेहनत पर पानी फेरा जा सकता है।

# ‘अपराजिता’ बनने के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाना होगा



**इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि मौत की सजा देने से यौन अपराध थम जाते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के बाद ज्यादा कठोर कानूनों की मांग पर अक्सर एक आधिकारिक प्रतिक्रिया होती है। यह कहकर कि ‘बलात्कार मानवता के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर सरकार की है कि कानून प्रभावी ढंग से लागू किये जाएं और यौन हमलों को रोकने व दंडित करने के लिए पुलिस बिना पक्षपात के काम करे। अगर महिलाओं के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को महफूज बनाकर उनके आगे बढ़ने की राह से अवरोध हटाये जाएं, तो इंसाफ और अच्छे से दिया जा सकेगा।**

**-प्रियंका सौरभ**

हरेक जघन्य यौन अपराध के बाद सजा-ए-मौत का शोर उठना और अध्यादेश जारी करके या विधेयक पारित करके इसे मान लेना, काफी आम हो गया है। दिल्ली में एक महिला से वहशियाना बलात्कार के बाद 2013 में आपराधिक कानूनों में बदलाव किया गया। उसके बाद, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों ने यौन हमले के लिए बढ़ी हुई सजा की खातिर संशोधन किये। अब पश्चिम बंगाल में अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 में यौन अपराधों के लिए दंड बढ़ाने का प्रावधान किया गया है, खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। विधेयक में बलात्कार के विशिष्ट मामलों के लिए अनिवार्य मृत्युदंड और त्वरित जांच जैसे कड़े उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। यह किसी बड़ी आपराधिक घटना के बाद जन आक्रोश पर पश्चिम बंगाल की विधायी प्रतिक्रिया को उजागर करता है, जिसका उद्देश्य कानूनी ढाँचे को मजबूत करना और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है।

विधेयक में बलात्कार पीड़िता की मृत्यु होने अथवा मरणासन्न अवस्था में पहुंचने पर मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है, जिससे निवारक प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि यौन अपराधों की जांच 21 दिनों के भीतर पूरी की जाए, जिसका उद्देश्य न्याय में तेजी लाना है। विधेयक पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को मजबूत करता है, तथा खुलासा करने पर 3-5 वर्ष के कारावास का प्रावधान करता है। विधेयक में यौन हिंसा के मामलों के लिए समर्पित विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रस्ताव है, जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। विधेयक, नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लक्षित करता है , कठोर दंड और बढ़ी हुई निगरानी लागू करता है। विधेयक, पुनर्वास और सामाजिक सुधारों के बजाय दंडात्मक कार्रवाइयों को अधिक प्राथमिकता देता है, तथा गहन प्रणालीगत मुद्दों की उपेक्षा करता है। कठोर दंड के बावजूद यौन अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो विशुद्ध दंडात्मक कानूनों के सीमित प्रभाव को दर्शाता है। विशेष न्यायलयों की स्थापना से मौजूदा न्यायिक ढाँचे पर दबाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से प्रक्रियागत देरी हो सकती है। निर्भया के बाद शुरू की गई फास्ट-ट्रैक कोर्ट को भी बोझिल कानूनी व्यवस्था और संसाधनों की कमी के कारण, इसी तरह की देरी का सामना करना पड़ा।

निवारक के रूप में मृत्यु दंड के उपयोग पर व्यापक रूप से बहस हुई है, परंतु इसकी प्रभावशीलता के साक्ष्य, सीमित हैं। वर्मा समिति की रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मृत्यु दंड से यौन अपराधों में पर्याप्त कमी नहीं आती है, इसलिए अधिक प्रभावी समाधानों की आवश्यकता है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के साथ संभावित संघर्ष उत्पन्न करता है, जिससे कानूनी चुनौतियों के कारण कार्यान्वयन में देरी होने की संभावना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है। विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरूकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जागरूकता और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो ऐसे अपराधों को कम करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

पीड़ितों के लिए सशक्त पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रणालियाँ शुरू करना दंडात्मक उपायों का पूरक होगा। यौन अपराध के मामलों से निपटने में होने वाली देरी को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढाँचे को अधिक संसाधन आवंटित करना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा ई -कोर्ट परियोजना का उद्देश्य न्यायपालिका को डिजिटल बनाना है, जिससे मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। स्कूली बच्चों और आम जनता को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाकर यौन हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करते हुए इस तरह की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर पहल शिक्षा और जागरूकता प्रदान करती है, जिससे महिलाओं को अपराधों की जल्द रिपोर्ट करने का अधिकार प्राप्त होता है। राज्य के कानूनों का, केंद्रीय ढाँचे के साथ सामंजस्य होने से सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित होता है और अनावश्यक संघर्ष से बचा जा सकता है।

केरल में राज्य की पहलों के साथ पोक्सो का सफल संरेखण, एक सहयोगी दृष्टिकोण के लाभों को दर्शाता है। स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण और लिंग संवेदीकरण जैसे दीर्घकालिक निवारक उपायों को शुरू करने से यौन हिंसा को रोकने में मदद मिल सकती है। दिल्ली पुलिस निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है। अपराजिता विधेयक पश्चिम बंगाल में यौन हिंसा को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सार्वजनिक आक्रोश के प्रति विधायी प्रतिक्रिया को दर्शाता है। हालाँकि, प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो दंडात्मक उपायों को पुनर्वास, सार्वजनिक जागरूकता और बुनियादी ढाँचे के समर्थन के साथ जोड़ता है । राज्य और केंद्र के बीच एक समन्वित प्रयास, महिलाओं और बच्चों के लिए स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन और उन्नत सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि मौत की सजा देने से यौन अपराध थम जाते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के बाद ज्यादा कठोर कानूनों की मांग पर अक्सर एक आधिकारिक प्रतिक्रिया होती है। यह कहकर कि ‘बलात्कार मानवता के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर सरकार की है कि कानून प्रभावी ढंग से लागू किये जाएं और यौन हमलों को रोकने व दंडित करने के लिए पुलिस बिना पक्षपात के काम करे। अगर महिलाओं के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को महफूज बनाकर उनके आगे बढ़ने की राह से अवरोध हटाये जाएं, तो इंसाफ और अच्छे से दिया जा सकेगा

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### 200 हत्याओं का दोषी बिल्लू मारा गया

**चंडीगढ़।** भिंडरावाले टाइगर्स फोर्स का तथाकथित लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह उर्फ बिल्लू आज सवेरे तरनतारन जिला में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस को वह 200 के लगभग हत्याओं में वांछित था तथा लूटपाट व अपहरण की कई वारदातों में उसका हाथ था। इसके अलावा पंजाब में होमगार्ड के एक जवान व उसक्के भाई सहित 6 लोग मारे गये। आज सुबह जगराओ पुलिस जिला में खाड़कुओं ने होमगार्ड के एक जवान तथा उसके भाई की हत्या कर दी। मजीठा पुलिस जिला से सुरक्षा बलों को एक स्त्री व एक पुरुष के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए है इसी दौरान खाड़कुओं ने इसी जिला में एक महिला की हत्या कर दी। पटियाला में खाड़कुओं ने शराब के ठेके के एक मालिक सत्यनारायण को गोली मार कर हत्या कर दी। जबकि बठिंडा जिला के नथाना कस्बे में गंदूर सिंह नाम व्यक्ति को खाड़कुओं ने अपहृत कर दिया।

### माली रामपाल जमानत पर रिहा

चंडीगढ़। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट की एक खंडपीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.सी. बजाज ने प्रतिवादी की अपील पर केंद्रीय सुरक्षा बल के दो जवानों की कथित हत्या के अपराधी माली रामपाल को आज जमानत पर रिहा करने के आदेश दे दिये है। उल्लेखनीय है गत 2 जुलाई की मध्य रात्रि को मोहाली बैरियर के निकट एक नर्सरी में कुसुमा देवी के साथ केंद्रीय सुरक्षाबल के दो जवानों द्वारा बलात्कार किये जाने की कथित घटना में कुसुमा के पति माली रामपाल ने कुदाल मार दोनों जवानों की हत्या कर दी थी और वह इस आरोप में पिछले दो महीनों से जेल में बंद है। पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन माली रामपाल को निर्दोष साबित करने व उसकी रिहाई के लिए विशेष रूप से प्रयासरत है तथा गत 31 जुलाई को उन्होंने रामपाल का केस धारा 302 से धारा 304 में तबदील कराने में सफलता हासिल की थी रामपाल की ओर से मुख्य वकील डीएस पाली सजपा के विधि निकाय के अध्यक्ष ठाकुर करतार सिंह व ए.के. जैसवाल तथा कुमारी शालिनी मुकदमा लड़ने वालों में शामिल है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1320- गाजी मलिक दिल्ली का सुल्तान बना।
1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना हुई।
1563- मैक्सीमिलियन को हंगरी का राजा चुना गया।
1664- नीदरलैंड की सेनाओं ने अंग्रेजों को न्यू एमस्टर्डम (मौजूदा न्यूयॉर्क) सौंपा।
1689- चीन और रूस ने नेरट्सजिंस्क संधि पर हस्ताक्षर किए।
1831- विलियम चतुर्थ ब्रिटेन की गद्दी पर बैठे।
1900- टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती और ज्वारीय तूफान से 6000 लोगों की मौत हुई।
1926- संगीतकार और फिल्म निर्माता भूपेन हजारिका का जन्म। 1933- मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।
1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) में ‘भारत छोड़ो प्रस्ताव’ पारित किया।
1946- बुल्गारिया ने राजशाही का अंत किया।
1951- जापान ने 48 देशों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1952- जेनेवा में कॉपीराइट के लिये पहले विश्व सम्मेलन में भारत समेत 35 देशों ने हस्ताक्षर किये।
1960- देश के जाने माने राजनीतिज्ञ और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।
1962- चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।
1982- जम्मू-कश्मीर के क्रांतिकारी नेता शेख़ मोहम्मद अब्दुल्ला का निधन।
1966- संयुक्त राष्ट्र के शिक्षा और सांस्कृतिक विभाग यूनेस्को ने पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया।
1991- मैसिडोनिया गणराज्य स्वतंत्र हुआ।
2001- बंगलादेश के बल्लेबाज मोहम्मद अशरफुल ने श्रीलंका के खिलाफ शतक बनाया।
2006- महाराष्ट्र का मालेगांव में सीरियल ब्लास्ट 37 लोगों की मौत हुई,100 से ज्यादा लोगों घायल हुए।
2008- प्रसिद्ध अमेरिका पत्रिका फोर्ब्स ने भारतीय अरब पति लक्ष्मी मित्तल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड देने की घोषणा की।
2016- नासा ने ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स लॉन्च किया।

## बोल ब्यूटीफुल



**मिलिंद खांडेकर:** विडंबना देखिए कि इमरजेंसी पर बनी फिल्म को ही सेंसर बोर्ड ने रोक दिया। इमरजेंसी में लड़ाई सेंसर के खिलाफ भी थी। अब सरकार भाजपा की है, कांग्रेस की नहीं।

**हर्ष गोयनका:** चीजों को कभी भी बाद के लिए मत टाले। बाद में लोग बदल जाते है। शब्द अनकहे रह जाते है। अवसर भी हाथ से निकल जाते है। फिर पछतावा के अलावा कुछ नहीं हाथ आता।

**अशोक श्रीवास्तव:** अब तक उत्तराखंड में डेमोग्राफी में बदलाव के खतरे की चर्चा हो रही थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश में संजोली की अवैध मस्जिद और कांग्रेस के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के बयान के बाद अब यह साफ है कि खतरा कहीं बड़ा और व्यापक है।



## जो लिख रहे हैं इन दिनों

# मनोभावों के संप्रेषण का खूबसूरत माध्यम है कविता

### आशा पाराशर से संतोष गर्ग की बातचीत

आशा पाराशर ने पुस्तकालयाध्यक्ष की राजकीय सेवा से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ली है। हिंदी कहानियो की उनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साझा संकलन में रचनायें प्रकाशित हुई हैं। आकाशवाणी जयपुर, जोधपुर, धर्मशाला से कविताओं, कहानियों का प्रसारण होता रहा है। दूरदर्शन शिमला,जयपुर पर पुस्तक चर्चा का प्रसारण भी हो चुका है।

पिछले दिनों आशा पाराशर से उनके लेखन को लेकर ‘अर्थप्रकाश’ के लिए संतोष गर्ग ने उनसे लंबी बात की। यहां प्रस्तुत हैं इस बातचीत के मुख्य अंशः-

**साहित्य की तरफ आपका रुझान कैसे पैदा हुआ?**

- पुस्तकालयाध्यक्ष की सरकारी नौकरी में किताबों की दुनिया में रहती थी। किताबें पढ कर ही उनका तकनीकी कार्य किया जाता था। कुछ लेखकों को पढकर लिखने भी लगी।







**गृहस्थ जीवन और सरकारी नौकरी करते हुए लिखने के लिए आप कैसे समय निकाल पाती हैं?**

-.लिखने का जुनून कहीं भी,कभी भी लिखवा लेता है।

**आप किस-किस साहित्यकार से प्रभावित हैं?**

-.महिला साहित्यकार विशेषतया शिवानी, ममता कालिया, मालती जोशी, नासिरा शर्मा, शशिप्रभा शास्त्री। इनका कथन, भाषा शिल्प बेहद कसा होता है। पढते समय लगता है कि घटना आंखों के सामने घटित हो रही है।

**अपने लेखन से कितना संतुष्ट हैं?**

-.पूरी तरह संतुष्ट होती हूं, पर जब किसी दूसरे का पढती हूं तो लगता है कि मुझे अभी और अच्छा लिखना चाहिये।

**हाल ही में आपके संग्रह का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया था. इस संग्रह की काफी चर्चा हो रही है। क्यों?**

-.पाठक कह रहे हैं कि मेरे लेखन में भी भाषा और कथन सधा हुआ है ।

**आपकी नजर में कविता क्या है?**

-.कविता मनोभाव के संप्रेषण का खूबसूरत माध्यम है।

**सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर साहित्य में इसके योगदान को आप कैसे देखती हैं?**

- पहले लेखक का लेखन कुछ पाठकों तक ही पहुंच पाता था। आज दुनिया के प्रत्येक कोने तक रचनाएं पहुच रही हैं। लेखक अन्य लेखकों की पुस्तकें घर बैठे पढ सकते हैं।

**साहित्यिक संस्थाओं की भूमिका के बारे में आप क्या कहना चाहेंगी?**

- साहित्यिक संस्थाओं के माध्यम से लेखक को एक मंच मिलता है अपनी रचनाओं को संप्रेषित करने में।

**नए रचनाकारों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?**

-.लिखने से ज्यादा पढने पर ध्यान दें। पढने से पता चलता है कि किसी रचना को प्रभावशाली कैसे बनाया जाता है।

**आगे आने वाले दिनों में आपकी क्या योजनाएं हैं?**

-.एक उपन्यास लिखने की योजना है।


## आशा पाराशर की कुछ रचनाएं

### ओ रे पथिक

इक बात बता, थोड़ा सुस्ता
जिस राह से चलकर आया है
जिस पर पेड़ों की छाया है
क्या पनघट कोई तुझे मिला
जब सूरज का था ताप जला
क्या सूरजमुखी था कोई खिला
क्या घटायें वहां पर बरसी थीं
क्या हवायें वहां पर बहकी थीं
ओ रे पथिक ,इक बात बता
पनघट के किनारे सखियों की
क्या हंसी-ठिठोली चलती थी
सर पर जब गागर धर के चली
गोरी की पायल बजती थी
क्या तुझको कोई नहीं मिला
क्या सूरजमुखी था नहीं खिला
अब गांव में कोई नहीं रहता
न दिल की बात कोई कहे
न दूजे की कोई सुनता
न गीतों की अब स्वर लहरी में
सपना नया कोई बुनता
न कोई वारिस शाह रहा,
अब कोई हीर नहीं लिखता।

### तलाश

दूर से देखने पर लगता है
मानो इक हिरण को
ले लिया है ,चंद्रमा ने
अपने अंक में
पर मैं जानती हूं,
मेरी ही तरह निकला था
अमृत ढूंढने
पर फंस गया
रिश्तों के पंक में
गौर से देखो,लगता है
अब भागा - अब भागा
कहीं तथागत की तरह न चल दे
इसलिये
चंद्रमा कई रातों से है जागा
मोह के बंधन,
इक बार जब बंध जाते हैं
लाख छुड़ाएं दामन अपना
छूट नहीं पाते हैं
जा नहीं सकेगा हिरण भी
चन्द्रमा को छोड़ कर
क्योंकि
बिछुड़ने के बाद फिर
मिलने की आस होती है
तोड़ कर रख देता है
अकेलापन सबको ,इसलिये हर इक
को
इक साथी की तलाश होती है।





## प्रकाशित पुस्तकें

1 आदमखोर
2 मन न भये दस-बीस

## पुरस्कर / सम्मान

* राजभाषा समिति, बैंक ऑफ ब?ैदा, जयपुर से महिला दिवस पर श्रेष्ठ कविता सम्मान।
* वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, हिमाचल से श्रेष्ठ कविता सम्मान।
* हिंदी दिवस पर कनौडिया महाविद्यालय, जयपुर से सम्मान।
* प्रेमकुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता, इंदौर से श्रेष्ठ कहानी पुरूस्कार।

# भाजपा सरकार ने पहले रोजगार छीना और अब बढ़ती महंगाई से जनता हुई परेशान : कुमारी सैलजा

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट होने पर भी पेट्रोल डीजल के दाम कम नहीं करती भाजपा सरकार

हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान की स्थिति भारत से ज्यादा बेहतर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले लोगों से उनका रोजगार छीना और अब बढ़ती महंगाई उन्हें चैन से जीने भी नहीं दे रही है। सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है और



कालाबाजारी में लिप्त लोग जनता की जेबे खाली करने में लगे हुए है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की कीमत होती है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिर रही है तो सरकार तेल के दाम कम नहीं करती और जैसे ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उछाल आता है तो कीमतें बढ़ा दी जाती है, इस एक प्रकार से जनता पर अत्याचार ही कहा जा सकता है। बाजार में खाद्य वस्तुओं, सब्जियों और फलों के दाम बढ़ रहे है, ये सब सरकार की लचर नीतियों के चलते हो रहा है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार से पेट्रोल और डीजल खरीदती है और उस पर अपने सुविधानुसार टैक्स लगाकर राज्य सरकारों को देती है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अक्सर पेट्रोल-डीजल की कीमतों को बढ़ा देती हैं जिससे उनका खजाना तो भर जाता है, लेकिन जनता की जेब ढीली हो जाती है। उन्होंने कहा कि मोदी के शासनकाल में भाजपा ने अपनी जन विरोधी नीतियों से देश की जनता को गहरी निराशा में ढकेल दिया है। एक तरफ देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है तो दूसरी तरफ नौजवान बेरोजगारी के कारण हताश और निराश हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अच्छे दिनों का सपना दिखाया था, लेकिन वर्तमान समय में जनता को अच्छे दिनों के बदले में महंगाई व बेरोजगारी मिल रही है। भाजपा सरकार विकास को ढिंढोरा तो पीट रही है पर जनता की सुविधाओं पर ध्यान देने के बजाए आज केवल मंदिर-मस्जिद की करती है।

उन्होंने कहा है कि डीजल व पेट्रोल के नाम पर सरकार मुनाफा वसूल रही है। उसे जनता से कुछ लेना देना नहीं है, भाजपा को चुनाव में ही जनता याद आती है। उन्होंने कहा कि फलों और सब्जियों के भाव आज भी रसोईघर के बजट से खिलवाड़ कर रहे है। गरीब वर्ग आलू प्याज से गुजारा कर लेता था पर आज ये दोनों भी उसकी हद से बाहर होते जा रहे है, लौकी और तोरी का भाव 50 से 70 के बीच घूम रहा है जो कभी 15-20 रुपये तक ही होता था। लोग स्टॉक कर रहे पर उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, किसान को आज भी ठगा जा रहा है और मुनाफा बीच के लोग कमा रहे है जबकि किसान को अपनी फसल का उचित भाव तक नहीं मिल रहा है। तेल, आटा, दाल और अन्य घरेलू उत्पादों के दाम कम होने का नाम नहीं ले रही है, ऐसा लग रहा है कि भाजपा सरकार लोगों की जेबें काटकर अपना खर्च चला रही है।

### हंगर इंडेक्स में भारत पाकिस्तान से भी पीछे

कुमारी सैलजा ने कहा कि आल भाजपा सरकार एक ही बात कह रही है कि उसने करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, अगर देश में गरीब नहीं है तो जिन 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह राशन देने की बात कही जा रही है तो वे कहां से आए गए। अगर वे गरीब है तो गरीबी दूर करने का नाटक कर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है। सरकार जनता के समक्ष झूठ बोलकर बच नहीं सकती जनता सब जान चुकी है। उन्होंने कहा कि हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान भारत से ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं। गरीबी कागजों में मिटाने से गरीबों का भला होने वाला नहीं है।

### कांग्रेस बनी लोगों की पहली पसंद

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश और देश में कांग्रेस लोगों की पहली पसंद बनी हुई है, कांग्रेस को लोग उम्मीद भरी नजरों से देख रहे है, कांग्रेस को विकल्प मानकर चल रहे है। जनता ने भाजपा को दो बार मौका देकर देखा पर वह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, दस साल के राज में जनता ने स्वयं को ठगा हुआ ही पाया। कांग्रेस को 36 बिरादरी को साथ मिला और कांग्रेस ने उनका साथ भी दिया है, समाज का सबसे कमजोर वर्ग कांग्रेस की रीढ़ है जो पूरी उम्मीद के साथ कांग्रेस की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आज कांग्रेस के साथ खड़ी है और कांग्रेस की सरकार आएगी भाजपा जाएगी।

## 30 दिन में हल्के की तस्वीर बदलने का काम करूंगी: संतोष सारवान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में संतोष सारवान का जोरदार स्वागत

**मुलाना।** विधानसभा चुनाव का दौर जारी है। हल्का मुलाना से भाजपा प्रत्याशी संतोष सारवान जोरों शोरों से प्रचार में जुट गई है। उन्होंने मुलाना सहित कई गांवों में जाकर लोगों से संपर्क साधा । सिरसगढ़ में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा की नीतियों से लोग प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम रहे है। उन्होंने कहा कि मैनें 2014 से 19 तक विधायक रहते हल्का मुलाना में बहुत विकास कार्य कराए है। अब फिर जीत के बाद केवल 30 दिनों के अंदर ही हल्के की तस्वीर बदलने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं हल्के की सभी समस्याओं से परिचित हूं । सभी समस्याओं का समाधान होगा । मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन किसी भी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन

12 सितंबर तक प्रात: 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे भरे जा सकेंगे नामांकन, रविवार को रहेगा अवकाश

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा ।** एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अश्वनी मलिक ने बताया नामांकन भरने की प्रक्रिया के तीसरे दिन किसी भी राजनीतिक दल एवं निर्दलीय उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं तथा 8 सितंबर रविवार को अवकाश के दिन नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे तथा 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, 16 सितंबर को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे और 16 सितंबर को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा तथा आठ अक्टूबर को मतगणना होगी।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही नामांकन स्थल की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में प्रात: 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय अनुसूचित जाति श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को 5 हजार रुपये नामांकन शुल्क (सिक्योरिटी राशि) के रूप में जमा करवाने होंगे। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में सभी कॉलम भरने होंगे।

## पृथला विधायक नयनपाल रावत के निर्दलीय चुनाव लडने का ऐलान करते ही तालियों की गडगडाहट से गूंजा पांडाल

### क्षेत्र की जनता ही मेरी टिकट, जनता ही मेरा भगवान : नयनपाल रावत

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल व भाजपा प्रत्याशी पर जमकर साधा निशाना

दम है तो पृथला विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताकर दिखाएं



अर्थ प्रकाश /दयाराम विशिष्ठ

**फरीदाबाद।** पृथला विधायक नयनपाल रावत ने चंदावली में आयोजित महापंचायत में उमडी भीड के सामने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडने का ऐलान किया। इसके साथ ही तालियों की गडगडाहट गूंज उठी। नयनपाल रावत तुम आगे बढो, हम तुम्हारे साथ है। महापंचायत में ही इलाके के लोगों ने चुनाव में नयनपाल रावत को आर्शीवाद देकर आर्थिक व वाहनों की मदद भी की।

खराब मौसम के बावजूद चंदावली में हजारों की संख्या में लोग ढोल नंगाडों के बीच विधायक नयनपाल रावत की ओर से बुलाई गई महापंचायत में पहुंचे। इलाके के पंच सरपंचों के अलावा मौजिज लोगों ने पंचायत को संबोधित कर नयनपाल रावत का चुनाव में तन मन धन से साथ देने का भरोसा दिलाया। रावत ने भारी संख्या में लोगों के पहुंचने पर आभार जताते हुए कहा कि सरदारों मैं राजनीति करना नहीं जानता। मैं मन का काला नहीं हूं। मैं पेट का भी साफ हूं और जेब का भी साफ हूं। ये देश कहीं न कहीं मोदी के लिए बना। मोदी की बजह से लोकसभा चुनावों में मैंने कृष्णपाल गुर्जर को जिताने के लिए लोगों को पैर पकडे, हाथ जोडे। जबकि ये पृथला क्षेत्र में पैर भी नहीं रख सकते थे। किसी भी हालत में जीत नहीं पाते। लेकिन मैंने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के प्रयास किए।

विधायक रावत ने भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा का नाम लेते हुए कहा कि जो व्यक्ति कृष्णपाल गुर्जर को करप्शन पाल व भ्रष्टचारी बताते हुए कभी टेल प्लाजा पर धरना देता था तो कभी किसान आंदोलन में जाकर भाजपा पर प्रहार करता था, आज उसे ही भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है। विधायक नयनपाल रावत ने केंद्रीय राज्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दम है तो वे भाजपा प्रत्याशी को पृथला विधानसभा से जिता दें तो मान जाएंगे, इस बार क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक जब्त कराकर सबक सिखाएगी। मैंने निष्पक्ष रूप से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी की मदद की, अन्यथा पृथला से वो 50 हजार वोटें से हारते।

**10 को नयनपाल करेंगे नामांकन**

उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 10 तारीख को पृथला विधानसभा से जीत का पर्चा भरूंगा। उन्होंने कहा मैं पैसे लेकर टिकट देने वालों में में नही हूं। पैसे अगर दूंगा तो अपनी क्षेत्र की जनता को मदद के लिए।

पृथला परिवार की 36 बिरादरी इस युद्ध को जीतने जा रही है। 24 घंटे मेरे दरवाजे लोगों के लिए खुले रहे। फिर भी कोई कमी रह गई हो तो क्षमा प्रार्थी हूं। अबकी बार क्षेत्र की जनता ने जिताया तो इन गद्दारों के बहकावे में आने वाला नही हूं। भारतीय जनता पार्टी ने जैसे टिकटें बांटी है, कोई भी पार्टी बहुमत नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि टेकचंद शर्मा को टिकट देते ही बीजेपी की एक सीट तो कम हो गई समझ लो। भाजपा के पास केवल टिकट है , जनता उनके पास नही। पहले भी जनता की सेवा करी है और आगे भी कोई कसर नहीं छोडूंगा। पूरे हरियाणा में आपको नयनपल जैसा विधायक, सेवक और नेता नही मिलेगा। आजीवन पृथला विधानसभा क्षेत्र की सरदारी का, जनता का ऋणी रहूंगा। आजाद हूं आजाद लडूंगा।

महा पंचायत में शशिबाला तेवतिया ने भी उनके समर्थन में आकर कहा कि आज गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त पर पृथला विधानसभा क्षेत्र की सरदारी यहां पहुंची है। युवाओं की ऊर्जा देखते ही बनती है। चंदावली की यह धरती इतिहास रचने वाली धरती है।

## विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन किसी भी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन

12 सितंबर तक प्रात: 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे भरे जा सकेंगे नामांकन, रविवार को रहेगा अवकाश



अर्थ प्रकाश /सचिन मलिक

**मुलाना।** एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अश्वनी मलिक ने बताया नामांकन भरने की प्रक्रिया के तीसरे दिन किसी भी राजनीतिक दल एवं निर्दलीय उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं तथा 8 सितंबर रविवार को अवकाश के दिन नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे तथा 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, 16 सितंबर को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे और 16 सितंबर को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा तथा आठ अक्टूबर को मतगणना होगी।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही नामांकन स्थल की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में प्रात: 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन के समय अनुसूचित जाति श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को 5 हजार रुपये नामांकन शुल्क (सिक्योरिटी राशि) के रूप में जमा करवाने होंगे। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में सभी कॉलम भरने होंगे।


## न्यूज ब्रीफ

### फोक डांस रोल प्ले प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन



**घरौंडा (अप्रस)।** 7 सितंबर को खंड कार्यालय घरौंडा (करनाल) में फोक डांस रोल प्ले प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला और संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री इन्द्रजीत कालिया, प्रधानाचार्य, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंडा ने शिरकत की, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से उपस्थित पर्यवेक्षक बृजेश वत्स ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कैमला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौरा ने दूसरा और राजकीय कन्या विद्यालय घरौंडा ने तीसरा स्थान हासिल किया। लघु नाटिका वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसत ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौरा ने द्वितीय स्थान और राजकीय उच्च विद्यालय लालुपुरा ने तृतीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। इस कार्यक्रम में सीमा (प्राध्यापक, संगीत) राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदी, अर्चना (प्राध्यापक, संगीत) राजकीय प्रधानमंत्री श्री स्कूल नीलोखेड़ी, पूजा मोयल (संपर्क फाउंडेशन जिला समन्वयक), दिनेश कुमार (एबीआरएल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड), और सतीश कुमार (सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली) ने विशेष योगदान दिया। इसके साथ ही, तन्नु, जो कि राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरौंडा की छात्रा हैं, ने अपने शानदार लोक नृत्य प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया।

### रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित



**मुलाना (अप्रस)।** एम एम अस्पताल मुलाना में रक्तसेवक परिवार और फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तसेवक परिवार की मुलाना शाखा से यश कुमार ने बताया कि रक्तसेवक परिवार पिछले काफ़ी सालों से रक्तसेवा और प्लेटलेट्स सेवा कर रहा है और उसी मुहिम के अन्तर्गत इस रक्तशिविर का आयोजन किया गया । रक्तसेवक परिवार के संस्थापक गगन चंडोक ने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को हर 90 दिन के बाद अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए।


रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/99    REGD. No. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**

**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04092024-256886

CG-DL-E-04092024-256886

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II– खण्ड 3–उप-खण्ड (ii)

PART II – Section 3 – Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं.: 3452] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 3, 2024/भाद्र 12, 1946

No. 3452] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 3, 2024/BHADRA 12, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2024

का. आ. 3782 (अ) – केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि हरियाणा राज्य के अम्बाला जिले के गाँव – बिहटा, तालुक – साहा मे Greenfield Highway के कि.मी. 74.533 से कि.मी.103 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन / 4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा । इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

**अनुसूची**

हरियाणा राज्य के अम्बाला जिले के गाँव – बिहटा, तालुक – साहा मे Greenfield Highway के कि.मी. 74.533 से कि.मी. 103 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।

जिलाः अम्बाला
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 3 September 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फाइल नंबर : 16002/NHAI/PIU/AMB/3A1
अभय जैन, उप सचिव

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू /पीएमयू/आरओ/ ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं ।



रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/99    REGD. No. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**

**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.- 05092024-256923

CG-DL-E-05092024-256923

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II– खण्ड 3–उप-खण्ड (ii)

PART II – Section 3 – Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं.: 3440] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 3, 2024/भाद्र 12, 1946

No. 3440] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 3, 2024/BHADRA 12, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2024

**का. आ. 3770 (अ)**– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि हरियाणा राज्य के अम्बाला जिले के गाँव– बहबलपुर (170), बलाना, तालुक – अंबाला शहर और गाँव– बोहावा, मंगलाई, शाहपुर, तालुक– अम्बाला कैंट मे Ring Road के कि.मी. 18 से कि.मी. 40 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन / 4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा ( 1 ) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डिस्ट्रिक्ट रेवेन्यू ऑफिसर अम्बाला को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा । इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

**अनुसूची**

हरियाणा राज्य के अम्बाला जिले के गाँव– बहबलपुर (170), बलाना, तालुक – अंबाला शहर और गाँव– बोहावा, मंगलाई, शाहपुर, तालुक – अम्बाला कैंट में Ring Road के कि.मी. 18 से कि.मी. 40 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

ज़िलाः अम्बाला
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 3 September 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फाइल नंबर : 11140/Ambala Ring Road/2020/3A
अभय जैन, उप सचिव

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू /पीएमयू/आरओ/ ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# पंचकूला में वाटर लॉगिंग से मची त्राहि-त्राहि

**घरों-फैक्ट्रियों में घुसे पानी से सब बर्बाद**

**सेक्टर 19 में रेजिडेंट्स ने सड़कों पर उतर किया प्रदर्शन**

**पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रमोहन- बोले बारिश ने खोली नगर निगम के भ्रष्टाचार की परतें**

बारिश के बाद इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 और फेज 2 और पंचकूला के कई सेक्टरों में भरा पानी

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पिछले 2 दिनों में शहर में हुई बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। शहर में वाटर लॉगिंग होने से इंडस्ट्रियल एरिया के फेस 1 और 2 सहित सेक्टर 19, 15 व 16 में पानी फैक्ट्रियों और घरों में घुस गया, जिससे काफी सामान बर्बाद हो गया। सेक्टर 19 में गुस्साए लोगों ने सुबह होते ही सेक्टर 19 की रेलवे लाइन के पास धरना देकर नगर निगम, एच एस वी पी और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि घरों में बरसाती पानी के साथ सिवरेज का पानी भी घुस गया। बीती शाम के बाद देर रात तक लोग घरों से पानी निकालने में जुटे रहे। मगर सामान को काफी नुकसान पहुंचा। सेक्टर-19 के निवासियों ने शुक्रवार शाम को अपने घरों में घुसे बारिश के पानी और सामान को नुकसान पहुंचाने के विरोध में आज प्रदर्शन किया। निवासियों ने कहा कि उन्होंने कई बार नगर निगम से पानी के जमाव की शिकायत की है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।
स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती दोपहर और शाम के समय बारिश हुई। इलाके की सड़कें जलमग्न हो गईं और पानी उनके घरों में भी घुस गया।
सेक्टर-19 के निवासी ओमेश्वर शर्मा ने बताया कि उनके इलाके के लोग लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। उनका घर ऊंचाई पर है, लेकिन रेलवे लाइन के पास जो घर हैं, उन्हें हर बार भारी बारिश के दौरान इस समस्या से जूझना पड़ता है। कल दोपहर से पानी भरना शुरू हुआ और शाम तक जारी रहा।
इलाके के निवासी पवन कुमार ने बताया कि उनके घरों में करीब 4 फीट तक पानी भर गया है। उन्होंने कहा कि उनके इलाके में एक नहीं, बल्कि कई घरों में यह समस्या है। बारिश के दौरान परेशानी यह है कि बारिश का पानी सड़कों पर जाम हो जाता है और घरों में घुस जाता है। हमने अपना कुछ सामान स्थानांतरित कर लिया, जबकि कुछ पानी में फंसे होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। बारिश के पानी की आसान निकासी सुनिश्चित करने में निगम की विफलता से परेशान होकर हमने शनिवार को विरोध प्रदर्शन शुरू किया। हम नगर निगम को भी शिकायत सौंपेंगे। अंकुर ने कहा कि बारिश का पानी उनके घरों में घुस गया और देर शाम तक नहीं निकला। जबकि वे लंबे समय से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। अंडरपास का निर्माण किया गया है हमारे क्षेत्र ने केवल हमारे मुद्दों को बढ़ाया है। इलाके की सीवर लाइनें जाम हो जाती हैं, जिससे बारिश और सीवर का पानी हमारे घरों में घुस जाता है। ये कई सालों से चलता आ रहा है। इसलिए, हमने अपने क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि एमसी समस्या का समाधान ढूंढे। हमने इस मामले पर निगम आयुक्त और उपायुक्त पंचकुला से भी संपर्क किया। निवासियों ने कहा कि देर रात तक पानी पूरी तरह से कम हो गया। यह कई वर्षों से चल रहा है इसलिए, हमने अपने क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि एमसी इस समस्या का समाधान निकाले। हमने इस मामले पर निगम आयुक्त और उपायुक्त पंचकुला से भी संपर्क किया। निवासियों ने बताया कि देर रात तक पानी पूरी तरह से उतर गया। इसके बाद लोगों ने धरना दिया।





**बारिश बनी आफ्त**

### सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है: चंद्रमोहन



पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रमोहन ने कहा पंचकूला इंडस्ट्रीयल एरिया फ़ेस -2 प्लॉट नॉ 1 से 30 के तक रोड पर रेन वाटर की अन्दर पाइप लाइन नहीं है। इस लिए पानी इंडस्ट्री के अन्दर आ रहा है। लोगों के काम ठप पड़े हैं। किरायेदार काम बन्द करने की सोच रही है। सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। उन्होंने कहा कि बीती रात हुई बारिश से शहर में कई जगह पानी भर गया। शहर में करीब एक दर्जन ऐसे स्पॉट हैं जिनमें बारिश होने पर पानी भरता ही है। मानसून सीजन शुरू होते ही इन स्पॉट के आसपास रहने वाले लोगों को घरों में पानी भरने और इससे सामान खराब होने की चिंता सताने लगती है। इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 और 2 के अलावा सेक्टर-8, 9, 16, 17 के गोल चक्कर के निकट सेक्टर-8 की तरफ बारिश के पानी की समस्या के समाधान के लिए पंचकूला नगर निगम पिछले चार साल में करीब सवा करोड़ रुपये खर्च कर चुका है।

### फेज-1 व फ़ेज़ –2 का ड्रेनेज सिस्टम खराब

इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 व फ़ेज़ –2 का ड्रेनेज सिस्टम एकदम खराब पड़ा है। यहां का ड्रेनेज सिस्टम ठप पड़ा है। ड्रेनेज सिस्टम पर झाड़ियां उगी हैं और गंदगी का अंबार लगा है। बारिश आने वाली है और इनकी सफाई तक नहीं की गई। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में अतिक्रमण उद्यमियों के लिए एक बड़ी परेशानी बन चुका है। इसके कारण पार्किंग की समस्या आती है। यहां की मार्केट में ट्रक आदि खड़े रहते हैं, जिससे उद्यमियों की कारें पार्क नहीं हो पाती हैं। चंद्रमोहन कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक में अतिक्रमण की समस्या से काफी परेशानी होती है। यहां प्रत्येक सड़क पर चाय बेचने वालों ने अपना कब्जा किया हुआ है। काफी जगहों फेज एक व फ़ेज़ -2 की सबसे मुख्य समस्या यहां की टूटी हुई सड़कें हैं। इसके बारे में हम नगर निगम से कई बार शिकायत कर चुके हैं, परंतु कोई समाधान नहीं निकल सका। पिछले दस वर्षों से यहां की सड़के बदहाल पड़ी है। यहां पर जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। सफाई कर्मचारी भी नजर नहीं आते है। गंदगी की बदबू के कारण कर्मचारियों काम करने में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा टूटी सड़कों के कारण आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

### महापौर ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में किया दौरा, पानी निकालने के लिए निर्देश




पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने शुक्रवार को हुई वर्षा के कारण अलग-अलग स्थान पर पानी भरने के बाद हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए निरीक्षण किया। उनके साथ पार्षद जय कौशिक भी थे। कुलभूषण गोयल ने औद्योगिक क्षेत्र फेस एक और दो के पास से गुजर रहे नाले का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उसमें भारी मिट्टी और गंदगी को सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सफाई वर्षा से पहले होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। कुलभूषण गोयल ने संबंधित अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि 1 दिन के अंदर पूरा नाला साफ कर दिया जाए, ताकि पानी कहीं पर ना रुके। उन्होंने सेक्टर 19 के अंडरपास में भर पानी को निकालने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने इस अंडरपास के पास पानी की निकासी का प्रबंध करने को भी कहा और कहा कि जब तक निकासी का प्रबंध नहीं हो जाता, तब तक यहां एक मोटर रखी जाए, ताकि जब भी वर्षा हो तो तुरंत पानी निकाल दिया जाए।

### रोड गालियां ब्लॉक, शिकायतें मिलीं

चन्द्रमोहन ने कहा कि कुछ सेक्टरों में रोड गलियां ब्लॉक पड़ी होने की शिकायतें मिली थी। इन सेक्टरों में ब्लॉक रोड गलियां खोलने के लिए चार एजेंसियों को 27.61 लाख रुपये में टेंडर अलॉट हो चुके हैं। यह एजेंसियां अगले दो-तीन दिन में काम शुरू कर देगी। शेष बचे सेक्टरों के लिए भी 10 लाख रुपये से रोड गलियां खुलवाने के दो टेंडर जल्द अलॉट कर दिए जाएंगे। पंचकूला शहर में सड़कों की रिकार्पेटिंग के कारण इसका लेवल काफी ऊंचा हो गया है। रोड साइड का एरिया नीचे हो गया है। इससे भी बारिश के दिनों में दिक्कत आती है। पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। कुछ जगह की प्लानिंग में भी गड़बड़ी है। इसका प्रॉपर समाधान होना चाहिए। इसे प्रशासन में बैठे अफसरों को गंभीरता से लेना चाहिए।

**एस.के. चड़ढा, रिटायर चीफ इंजीनियर**

### सेक्टर 8 में गिरा पेड़, ट्रैफिक रुका



भारी बारिश के बाद सेक्टर 8 में रात को रिहायशी इलाके में भारीभरकम करीब 60 फुट ऊंचा पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ गिरने से कोई जानी निक्सन नहीं हुआ। बताए गया की सड़क के किनारे से पेड़ उखड़ कर सड़क के बीच गिर गया और सड़क पर ट्रैफिक जाम हो गया। रातभरोड़े पेड़ को काट कर हटाने का प्रयास किया गया। इस बीच वाहन चालकों को यू टर्न लेकर आगे जाना पड़ा।

### महापौर को सौंपा ज्ञापन

नगर निगम कार्यालय में कल हुई बारिश के कारण शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए तथा भविष्य में ऐसा कोई नुकसान न हो इस बारे मेयर एवं आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपने के लिए जजपा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग के नेतृत्व में पहुंचे, परंतु शहर में बहुत ही खराब हालात होने के बावजूद कोई अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं था। न ही मेयर बात होने के बावजूद कार्यालय में आए। तब जजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन कार्यालय के सामने चस्पा कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी मॉडल स्कूल 35 के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** स्कूल शिक्षा विभाग चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इंटर



स्कूल स्टेट टूर्नामेंट 2024-25 में सरकारी मॉडल स्कूल सेक्टर 35 चंडीगढ़ के खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में कईं मेडल जीते। अर्नव कंवर ने लड़कों के आयुवर्ग-17 के ताइक्वांडो टूर्नामेंट (-63 वेट कैटेगरी) में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं लड़कों के इसी आयुवर्ग-17 में राहुल सिंह ने (-35 वेट कैटगरी) में ब्रोंज मेडल जीता। लड़कियों के अंडर-19 आयुवर्ग में 35 मॉडल स्कूल की नीलम देवी भी योगा (रिदमिक) में ब्रांच मेडल जीतने में कामयाब रही। मेडल जीतकर स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रिंसिपल देवेंद्र गुसाईं ने सभी खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर शाबाशी दी और स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर कुलदीप मेहरा को बधाई दी।

### बैंक ऑफ इंडिया के 119वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** बैंक ऑफ इंडिया ने अपने 118 वर्षों की गौरवशालीयात्रा संपन्नकर आज 07.09.2024 को अपना 119 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से आयोजित किया। दिन की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान के साथ हुईए जिसका थीम श् एक पेड़ माँ के नाम श् रहा। इस शुभावसर पर श्री अनिल कुमार वर्मा महाप्रबंधकए एफजीएमओ चंडीगढ़ तथा श्री पीण् नवनीतकृष्णन आंचलिक प्रबन्धक द्वारा केंद्रीय विदधालय सेक्टर 31 में वृक्षारोपण किया तथा स्कूली बच्चों को उपहार भेंट किए। बैंक का स्थापना दिवस एवं गणेशचतुर्थी हेतु हवन किया गया। श्री अनिल कुमार वर्मा महाप्रबंधक एएफजीएमओ चंडीगढ़ ने स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ने राष्ट्र के निर्माण और इसकी अर्थव्यवस्था के उत्तरोत्तर विकास में जिस प्रकार से अपने उत्तरदायित्वका निर्वाह किया हैए वह अविस्मरणीय एवं अमूल्य है। बैंक की देश में 5100 से अधिक शाखाएं हैं जो बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दृ?ता से कार्य कर रही हैं। वर्तमान में बदलते परिदृश्य के अनुसार वित्तीय बाजार की जरूरतोंए प्रत्येक वर्ग के ग्राहकों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बैंक अनेक नवीनसेवाओं और प्रणालियों का शुभारंभ कर रहा हैं। बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह भी सजगता और जिम्मेदारी के साथ कर रहा है। विशेष रूप से भारत सरकार की विभिन्न पहलों एवं योजनाओं को बढ़ावा देकर समाज के सबसे निचले तबके को भी सशक्त बनाने के लिए बैंक प्रतिबद्ध है। बैंक ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सही रणनीतियों को अपनाने के प्रति सजग है और बैंक के पास ग्राहक सेवा की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त सुविधा एवं संसाधन हैं। बैंक का प्रत्येक स्टाफ.सदस्य अपने समर्पण सेवा भावए कड़ी मेहनत और अटूट प्रतिबद्धता के साथ बेहतर से बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए सक्षम और तत्पर है। इस अवसर पर मेक्स हास्पिटल द्वारा प्रायोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान के साथ.साथ रक्तदान शिविर भी लगाया गया है। जिसमें ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा चिकित्सा जांच कारवाई तथा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री अनिल कुमार वर्मा महाप्रबंधकए एफजीएमओ चंडीगढ़ तथा श्री पीण् नवनीतकृष्णन आंचलिक प्रबन्धक के नेतृत्व में किया गया।

# शक्ति रानी शर्मा ने किया चुनावी शंखनाद

**बोलीं-एक दिल ले के आई हूं हजारों के दिलों में बसना चाहती हूं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर जहां एक तरफ सभी पार्टियों में चुनावी सर गर्मी तेज हो गई है वहीं दूसरी तरफ कालका से भाजपा प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने शनिवार को एचएमटी पिंजौर से लेकर कालका माता मंदिर तक रोड शो निकाला जिसमें भारी संख्या में उनके समर्थक व पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके साथ ही शक्ति रानी शर्मा ने कालका माता मंदिर में माथा टेका और माता रानी का आशीर्वाद लिया इसके बाद शक्ति रानी शर्मा ने पिंजौर स्थित उनके चुनावी कार्यालय में हवन यज्ञ किया और इसके बाद चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र से उनका पुराना और गहरा नाता है। उन्होंने कहाँ कवह कालका के हर वर्ग को अपने साथ लेकर चलेंगी , कालका की समस्याओं का भी निवारण करेंगी। इसके साथ उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि कालका के विकास का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। कालका में स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार को लेकर जो भी मांगे हैं उन्हें पूरा करवाने का काम किया जाएगा ।

विधानसभा से बाकी प्रत्याशियों को लेकर उन्होंने कहा कि सामने वाले को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने सशक्त उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दलों की लिस्ट बार-बार रिवाइज हो रही है। शक्ति रानी शर्मा ने तमाम लोगो दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से भाजपा की प्रत्याशी बन कर आज कालका पहुंची हूं मैं भाजपा पार्टी आला कमान का दिल से धन्यवाद करती हूं।

शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि आज कालका के कार्यकर्ता और लोगो का उत्साह देख कर यह साफ हो गया है कि जनता हमारे साथ है। पार्टी का घोषणापत्र जल्द जारी होगा। कालका के विकास का रोडमैप उस घोषणा पत्र में रखा जाएगा । शक्ति रानी शर्मा ने कहा मैं एक दिल लेकर कालका आयी हूँ और मेरा लक्ष्य कालका के तमाम लोगो के दिल मे बसना है।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हम तमाम कार्यकर्ताओं का धन्यावाद करते हैं जिन्होंने इतनी गर्मजोशी से शक्ति रानी शर्मा जी का स्वागत किया। कालका का नंबर विधानसभा सूची में 1 नंबर पर है और हमें इसे विकास में नम्बर 1 विधानसभा बनाना है। ,आप एक विधायक चुनेंगे आपको एक सांसद साथ मिलेगा। कालका विधानसभा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना हमारा लक्ष्य है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने जैसे अम्बाला शहर का विकास किया वैसे ही हम कालका का विकास करेंगी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में ना आये जिस पार्टी ने देश के संविधान का अपमान किया जिन्होंने संविधान खत्म करने का काम किया आज वह संविधान हाथ मे लेकर चल रहे हैं इनके बहकावे में ना आये। ,10 साल की ऐंटी ऐंकम्बसी का जिक्र कांग्रेस कर रही है पर सरकार के काम ऐंटी ऐंकम्बसी को खत्म करके प्रदेश में पुनः सरकार बनाने का काम जनता करेगी कालका के तमाम मुद्दों , सेक्शन 7, पानी का मुद्दा , एचएमटी का मुद्दतमम मुद्दों का हल निकालने का काम करेंगे

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा 8 तारीख के बाद उन लोगो में से कोई नही दिखेगा जो आज कालका में भय का माहौल बनाये और नशे का कारोबार कर रहे हैं। 8 तारीख के बाद कालका भयमुक्त नशा मुक्त बनेगा। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश के सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हम हरियाणा का विकास संकल्प के साथ कराएंगे।

### दरिया में समुदाय-आधारित 'गोदभराई' समारोह आयोजित

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** दरिया में पारंपरिक 'गोदभराई' समारोह आयोजित किया गया, जो गर्भवती माताओं के सम्मान और उत्सव का एक महत्वपूर्ण अवसर है। खासकर उन माताओं के लिए जो अपने तीसरे तिमाही में प्रवेश कर चुकी हैं। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ियों में नामांकित गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें पौष्टिक थालियां प्रदान की गई, जिनमें हरी पत्तेदार सब्जियों सहित स्वस्थ आहार के महत्व को दर्शाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल थे।
**मलोया में पहले 1000 दिनों पर व्याख्यान:** मलोया में 'पहले 1000 दिनों' पर एक विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें गर्भावस्था की योजना से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक की महत्वपूर्ण अवधि को शामिल किया गया। इस सत्र में प्रारंभिक पोषण और देखभाल की महत्ता पर जोर दिया गया, जो बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
**आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा गृह दौरा:** सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों ने नई गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की माताओं की सहायता के लिए गृह दौरे किए।

# दुकान पर लगे दो कर्मचारियों को रंजिश में आकर किया अगवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीमंदिर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर पड़ताल शुरू की**

**पंचकूला।** एक फूड कार्ट को छोड़कर दूसरी फूड कार्ट पर नौकरी कर रहे दो कर्मचारियों को सेक्टर 27 में घुस कर कुछ अज्ञात बदमाशों ने अगवा कर लिया। हमलावरों ने वहां रह रहे युवकों पर हमला किया और धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस को सेक्टर 27 में रह रहे अनुराग नहे बताया कि वह चंडीगड़ में नौकरी करता है। उसका भाई उज्जवल चंडीगड़ आईटी पार्क में फूड कार्ट लगाता है। भाई की दुकान पर दीपक, प्रदीप व शीशिर नाम के नेपाली युवक फास्टफूड का काम करते हैं। प्रदीप व शीशिर करीब आठ दिस दिन पहले काम पर आए थे। प्रदीप व शिशिर उनके भाई से पहले एमडीसी में रह रहे अमित की फूडकार्ट पर आईटी पार्क में काम करते थे। इस बात से अमित उसके भाई उज्जवल से रंजिश रख रहा था। भरत ने बताया कि शुक्रवार रात आठ बजे उसे उज्जवल का फोन आया। उसने बताया कि दीपक ने उसे फोन कर बताया कि अमित अपने तीन दोस्तों के साथ आया और सेक्टर 27 में मकान में घुस कर मारपीट की और प्रदीप और शिशिर को जबरन अपने साथ गाड़ी में डाल कर ले गए। उसने बताया कि अमित अपनी कार में भाग्य और अंकुश के साथ आया था और उन सभी ने उसके साथ गालीगलौच व बदसलूकी की। अमित ने कहा कि वह उनका धंधा बंद करवा देगा। उसे डर है कि अमित प्रदीप और शिशिर के साथ कुछ अनहोनी न कर दे। वारदात की सूचना मिलते ही चंडीमंदिर थाना पुलिस ने मामले की छानबीन के लिए मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी जारी रखी, लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता अनुराग की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की।

# पंचकूला में रांग साइड कैंटर चलाने वाले 3 ड्राइवरों पर केस दर्ज

**रामगढ़ से पंचकूला आने वाले रास्ते पर ट्रेफिक नियमों को किया अनदेखा, मट्टा वाला रोड पर भी रांग साइड**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में नेशनल हाईवे पर रांग साइड वाहन चलाने वाले ड्राइवरों के लिए यह खबर विशेष हो सकती है, क्योंकि पंचकूला पुलिस ने नेशनल हाईवे पर ऐसे दो कैंटर चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर आपराधिक केस दर्ज किए हैं। रांग साइड वाहन चला कर अन्य वाहनों के लिए खतरे का कारण बनने के आरोप में पुलिस ने दोनों चालकों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर वाहनों को जब्त किया। पुलिस के अनुसार कैंटर चालकों की पहचान हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन की तहसील नालागढ़ के अंतर्गत गांव माजरा पीओ बरूणा के रहने वाले सतीश कुमार और हेतराम वासी जिला बिलासपुर के गांव ढांढस पीओ रानीकोटला थाना भरमाना के तौर पर हुई। चंडीमंदिर पुलिस की ओर से शनिवार को बंदरघाटी के नजदीक वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पीएसआई रामू स्वामी पंचकूला-यमुनानगर हाईवे पर बंदर घाटी के नजदीक रांग साइड वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि रामगढ़ की तरफ से दो भारी वाहन पंचकूला की तरफ आ रहे थे। ये वाहन हाईवे पर तेज वाहनों के लिए बने ट्रैक पर चल रहे थे, जिससे रामगढ़ की ओर जाने वाले वाहन चालक जोखिम उठा कर इन वाहनों से बचते हुए गुजर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह हेतराम का वाहन रोक कर अभी पूछताछ कर ही रहे थे कि उन्हें एक और कैंटर रामगढ़ से पंचकूला की ओर आता दिखाई दिया। हिमाचल नंबर का यह कैंटर सड़क के बायीं ओर तेज वाहनों के ट्रैक पर रांग साइड आ रहा था। उन्होंने देखा कि अन्य कार, जीप या अन्य हल्के वाहन चालक की जान को चालक ने जोखिम में डाल दिया था। यह देखकर उन्होंने कैंटर चालक को इशारा कर रोक लिया। उनके पूछने पर कैंटर चालक ने अपना नाम सतीश कुमार बताया जो नालागड़ जा रहा था।

### पुलिस नेशनल हाईवे पर भारी वाहन चालकों को बार बार कर रही जागरूक



हरियाणा पुलिस की तरफ से पूरे प्रदेश में नेशनल हाईवे पर चलने वाले भारी वाहनों को रांग साइड वाहन ना चलाने की सख्त हिदायत दी गई है। पुलिस चालकों को आगाह कर रही है कि यदि वे रांग साइड वाहन चलाएंगे तो उनके खिलाफ सीधा आपराधिक मामला यानी लोगों की जान जोखिम में डालने के आरोप में केस दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद वाहन को जब्त कर लिया जाएगा।

### पुलिस ने यहां भी की कार्रवाई

पुलिस ने माणक्या के नजदीक मटटावाला की तरफ से एक ट्रक आ रहा था। भारी वाहनों के लिए बनाए ट्रैक पर यह ट्रक तेज गति में आता देखकर पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस ने देखा कि रांग साइड से आ रहे ट्रक से बचने के लिए अन्य छोटे वाहन चालकों ने जोखिम उठा कर बाईं तरफ से निकलने की कोशिश की। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पुलिस ने डग के चालक भगत सिंह वासी गांव टीकरी थाना नालागड़ के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसका वाहन भी जब्त किया।

# शानन जल विद्युत परियोजना के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

## केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी मजबूती से अपना पक्ष रखेगी सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए हिमाचल प्रदेश के उचित दावों को न्यायालय में पेश करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में 110 मेगावाट की शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल प्रदेश को सौंपा जाना चाहिए, क्योंकि पंजाब के पक्ष में इस परियोजना की पट्टा अवधि (लीज) समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में सर्वोच्च उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। सर्वोच्च न्यायालय को पंजाब सरकार को यह परियोजना हिमाचल को सौंपे जाने के लिए दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजना को तुरंत सौंपे जाने के लिए केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी इस मसले को रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में प्रदेश के न्यायसंगत अधिकारों को सुरक्षित करने के मामले में भी तेजी लाएगी। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले ही निर्णय दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने में पुरजोर प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,045 मेगावाट कड़छम-वांगतू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के संबंध में कार्यान्वयन समझौते के गैर-अनुपालन का जेएसडब्ल्यू कंपनी को नोटिस दिया जाएगा।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हाइड्रो क्षेत्र में प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए विद्युत परियोजनाओं से 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रॉयल्टी लेने का निर्णय लिया गया है। वहीं 40 वर्ष बाद परियोजना राज्य सरकार को सौंपे जाने का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम के दूरगामी एवं सकारात्मक परिणाम आएंगे और प्रदेश की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

उन्होंने कहा कि हाइड्रो पावर और पर्यटन प्रदेश की आर्थिकी के प्रमुख क्षेत्र हैं तथा वर्तमान सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्पित है।

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, विधि सचिव शरद कुमार लग्वाल, राज्य विद्युत बोर्ड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार, ऊर्जा निदेशक हरिकेश मीणा, विशेष सचिव विद्युत अरिंदम चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एसएफआई-एबीवीपी कार्यकर्ता भिड़े

### लड़कियों पर कमेंट करने के आरोप, हथियार के साथ छात्र दबोचा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्र संगठन एसएफआई और एबीवीपी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। दोनों छात्र संगठनों ने एक दूसरे पर लड़कियों को कमेंट करने के आरोप लगाए।

सूचना के अनुसार, यूनिवर्सिटी कैंपस में एसएफआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में किसी बात को लेकर पहले गेट पर कहासुनी हुई। यह कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों में खूब लात घुसे चले। वीडियों में एक छात्र औजार के साथ नजर आ रहा है, जिसे पुलिस ने दबोच लिया और खूब पिटाई की।

यूनिवर्सिटी गेट के बाद पिंक पेटल पर दोनों छात्र संगठन के बीच दोबारा कहासुनी और मारपीट हुई। इससे यूनिवर्सिटी में कुछ देर को माहौल तनावपूर्ण हो गया।

**गुंडागर्दी पर उतरी एबीवीपी :** सेकटा एसएफआई की यूनिवर्सिटी इकाई के सचिव सन्नी सेकटा ने बताया, एबीवीपी कार्यकर्ता एसएफआई की लड़कियों पर कमेंट करते हैं। शनिवार को भी एबीवीपी वर्कर ने लड़कियों से छेड़छाड़ व कमेंट किए। एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जब इसका विरोध किया तो एबीवीपी वर्कर हाथापाई पर उतर आए और उनके कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि एसएफआई इन दिनों यूनिवर्सिटी में छात्रों की मांगो को लेकर संघर्ष कर रही है। इससे छात्र एसएफआई के साथ जुड़ रहे हैं, जिसके कारण एबीवीपी बौखला गई है और गुंडागर्दी पर उतर आई है।

### एसएफआई का खूनी इतिहास रहा: अविनाश

एबीवीपी इकाई मंत्री अविनाश ने कहा कि काफी समय से गेट पर खड़े होकर एसएफआई कार्यकर्ता एबीवीपी की छात्राओं पर कमेंट कर रहे थे। विरोध करने पर एसएफआई ने मारपीट की। उन्होंने कहा, एसएफआई का इतिहास खूनी संघर्ष का रहा है। वहीं एनएसयूआई ने एसएफआई और एबीवीपी पर यूनिवर्सिटी का माहौल खराब करने का आरोप लगाया और केंद्रीय छात्र संघ चुनाव नहीं होने की वजह बताया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### झमाझम बरसे बादल, मौसम खराब रहने के आसार

**शिमला ( अप्रस)।** येलो अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में शनिवार दोपहर को झमाझम बारिश दर्ज की गई। बारिश से मौसम कूल-कूल हो गया। कुछ देर के लिए हुई तेज बारिश से नाले उफान पर आ गए और कई सड़कें लबालब हो गईं। श्राम तक रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। उधर, प्रदेश के कुछ भागों में 13 सितंबर तक मौसम खराब बना रहने की संभावना है। 8 सितंबर से राज्य में बारिश में कमी आने की संभावना है। वहीं बीते 24 घंटों के दौरान मालरांव में 64.0, पंडोह 32.5, बरठीं 30.4, अघार 29.8, मंडी 28.7,भटियात(चुवाड़ी) 28.4, जुब्बड़हट्टी 26.0, सुंदरनगर 18.6, भुंतर 25.7, मनाली 12.0, कुफरी 11.6, धौलाकुआं 13.0, कसौली 18.2, पांवटा साहिब 13.4 व सराहन में 11.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ, महिला ने बचा ली जान

**ठियोग (अप्रस)।** ठियोग के जोधपुर धार में वीरवार रात को एक महिला ने अपने पालतू कुत्ते को तेंदुए का शिकार होने से बचा लिया। नेपाली मूल की महिला अपने लकड़ी के मकान में सो रही थी। साथ में उसका बच्चा भी था। रात को अचानक तेंदुआ उसके कमरे के दरवाजे के पास सोए कुत्ते को उठा कर ले गया, लेकिन महिला ने बहादुरी दिखाते हुए दराट और एक डंडा लेकर रात के अंधेरे में तेंदुए के पीछे निकल गई। घर की पीछे की ओर अभी तेंदुआ कुत्ते को अपना शिकार बनाता, उससे पहले ही महिला ने तेंदुए पर हमला बोल दिया और अपने पालतू कुत्ते को उसका शिकार होने से बचा लिया। हालांकि, तेंदुए के हमले से कुत्ता बुरी तरह से घायल हो गया है। गांव के अरुण वर्मा ने बताया कि वह उसके घर पर काम करती है। इस महिला को एक आंख से ही दिखाई देता है। रात में जब वह घर में सो रही थी तो तेंदुए ने अचानक से हमला कर दिया। गनीमत रही कि तेंदुए ने महिला और उसके बच्चे पर हमला नहीं किया। वहीं, पंचायत के पूर्व प्रधान बाल कृष्ण बाली ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में महिला की हिम्मत की चर्चा हो रही है।



### ऊना में बस से बाइक सवार टकराया, मौत

**ऊना ( अप्रस)।** ऊना के उप मंडल अंब के कुठियाड़ी में बस में टकराने से एक 27 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रजत कुमार निवासी ठठ्ल के रूप में हुई है। पुलिस ने बस में सवार सवारी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी मुताबिक मतवार सिंह राणा ने मामला दर्ज करवाया है कि शुक्रवार रात वह चंडीगढ़ से ऊहल के लिए चलने वाली एचटीसी बस में सफर कर रहा था। जब वह बस रात करीब 10 बजकर 15 मिनट पर कुठियाड़ी के पास पहुंची तो अचानक एक मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल को लेकर लिंक रोड से निकलकर मेन रोड़ के बीच में आ गया और बस से टकराने लगा। बस चालक मुस्तैदी दिखाते हुए बस को दूसरी दिशा की तरफ मोड़ दिया। बावजूद इसके मोटरसाइकिल बस की बांई तरफ टकराकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को 108 के जरिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया।

# एचआरटीसी बस सड़क पर पलटी, एक की मौत, 12 घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंबा।** पठानकोट के मामून कैंट के पास बीती रात को हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हुए हैं। हादसा अल सुबह करीब 4.30 बजे का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चंबा से अमृतसर जा रही एचआरटीसी बस मामून कैंट में एक रिजॉर्ट के पास अनियंत्रित हो सड़क पर पलट गई। हादसे के वक्त बस में 40 यात्री मौजूद थे। मृतक की पहचान 20 वर्षीय राजेंद्र सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी खर्जिजां जिला कांगड़ा के तौर पर हुई है। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें अधिकतर लोग चंबा के हैं। वहीं तीन घायल बिहार और दो अमृतसर के हैं। घायलों को गाड़ियों के जरिये अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की पुष्टि करते हुए आरएम शुगल सिंह ने बताया कि यात्रियों को दूसरी बस के जरिये गंतव्य तक भेजा गया। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घायलों में चंबा निवासी संजय, रनवीर, उर्मिला, आशा, पीयूष, जितेंद्र कुमार, संजना कुमारी, अमृतसर से रोहित व अभय, बिहार से सुशील साहनी, नगीना देवी व ललीता देवी शामिल हैं।

### जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**जवाली (अप्रस)।** पुलिस थाना जवाली के अन्तर्गत पंचायत पनालथ के गांव घाड़ में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पृथ्वी उर्फ मिंटू (30) पुत्र कर्म चंद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पृथ्वी उर्फ मिंटू ने गत दिवस अपने घर में जहरीली दवाई का सेवन कर लिया तथा उसकी तबीयत बिगड़ते देख परिजन उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल जवाली में ले आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मेडिकल कॉलेज नेरचौक में सामने आई चिकित्सकों की लापरवाही

### प्रसुति के बाद लगा दिए गलत टांके

अर्थ प्रकाश / गोविंद ठाकुर

**नेरचौक।** लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में चिकित्सकों द्वारा मरीज के साथ हुई लापरवाही का एक मामला सामने आया है। परमजीत कौर पत्नी संता सिंह निवासी गोहर की 14 जुलाई को लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेर चौक में नॉर्मल डिलीवरी हुई। परमजीत कौर ने एक स्वस्थ बालक को जन्म दिया। डिलिवरी के बाद प्रसुति कक्ष में चिकित्सकों ने परमजीत कौर को कुछ टांके लगाए। जो क्रॉस टांके लगा दिए। लगभग डेढ़ महीना बीत जाने के बाद भी परमजीत कौर की तकलीफ कम नहीं हुई तो उन्होंने एक निजी चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक से चैक अप करवाया। उन्होंने बताया कि आपके टांके ही गलत तरीके से लगाए गए हैं। आराम कैसे आएगा। आपको पुनः सर्जरी करवानी पड़ेगी। इस बारे में जब पीड़िता ने लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेर चौक में चिकित्सकों से परामर्श किया तो उन्होंने बताया कि उनके टांके गलत लग गए हैं। उनको दुबारा से सर्जरी करवानी पड़ेगी। जिसके लिए उनको दो दिन के लिए एडमिट होना पड़ेगा।। वहीं पर पीड़िता का कहना है कि वह डेढ़ महीने के बच्चे को अकेले कैसे छोड़ सकती है। जबकि बच्चा मदर फीड लेता है। बड़ी हैरानी और दुख की बात है कि इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में इस तरह की लापरवाही होगी तो लोग कैसे विश्वास करेंगे। वहीं पर पीड़िता के घर वालों का कहना है इस तरह की लापरवाही करने वालों के खिलाफ मेडिकल कॉलेज प्रशासन सख्ती के साथ कार्यवाही करें। ताकि भविष्य में किसी और के साथ इस तरह की लापरवाही की घटना न घटे।

> शिकायतकर्ता अस्पताल प्रबंधन को अगर शिकायत करता है तो इस मामले की वास्तविकता जानकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
>
> **दीपाली शर्मा, एम एस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेर चौक**
>
> इस प्रकार की कोई भी शिकायत अभी तक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिली है शिकायत आने पर मामले की जांच करवाई जाएगी।
>
> **डॉ डी के वर्मा, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज नेरचौक**

# शूलिनी विश्वविद्यालय में इंटरैक्टिव स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोइंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी के पोषण और आहार विज्ञान विभाग ने ÷सभी के लिए पौष्टिक आहार÷ थीम के तहत राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया।

विषय, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप, जीवन के सभी चरणों में पोषण के महत्व पर जोर देता है। सप्ताह भर चलने वाले उत्सव में विश्वविद्यालय समुदाय के बीच पोषण संबंधी जागरूकता और स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आकर्षक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला पेश की गई।

पोषण सप्ताह का उद्घाटन शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पी.के. खोसला द्वारा किया गया। इस मौके पर रजिस्ट्रार, प्रो. सुनील पुरी, अनुसंधान और विकास डीन, प्रो. सौरभ कुलश्रेष्ठ, और विभाग के प्रमुख, प्रो. दिनेश कुमार भी उपस्थित थे।

इसके बाद, एमएससी और बीएससी पोषण छात्रों द्वारा एक-एक पोषण परामर्श सत्र आयोजित किया गया। ये सत्र, जो सभी विश्वविद्यालय सदस्यों के लिए खुले थे, इसमें 14 पोषण संबंधी मापदंडों का आकलन करने के लिए बॉडी कंपोजिशन एनालाइज़र (बीसीए) का उपयोग शामिल था और प्रतिभागियों की आहार संबंधी आदतों और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के अनुरूप व्यक्तिगत पोषण सलाह प्रदान की गई।

संकाय सदस्यों सृष्टि माथुर और डॉ. ममता के साथ पोषण और आहार विज्ञान के छात्रों के एक समूह ने सोलन में सैन्य परिसर का दौरा किया। डॉ. ममता ने सैन्य परिवारों को उचित पोषण के महत्व पर संबोधित किया। लगभग 50-60 सैनिकों को पोषण की जानकारी के पर्चे वितरित किए गए। सैन्य परिवारों के लिए इंटरैक्टिव शारीरिक चुनौतियों, जैसे पुश-अप्स और नींबू चम्मच दौड़, के बाद एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किआ गया। विजेता टीम को उनके प्रयासों के लिए फलों की टोकरियाँ और प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रिंस ने प्रतिभागियों को सराहना के प्रतीक चिन्ह देकर सत्र का समापन किया। विभाग ने एक पोषण एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता भी आयोजित की, जहां बीएससी और एमएससी दोनों कार्यक्रमों के छात्रों को समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह ने स्वइच्छा से एक विषय चुना, जिसमें 'पौधे-आधारित आहार बनाम मांस-आधारित आहार' और 'आधुनिक पोषण विज्ञान बनाम आयुर्वेदिक पोषण विज्ञान' शामिल था। टीमों के पास अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए पांच मिनट का समय था, उसके बाद तीन मिनट का खंडन सत्र था। खाना पकाने की प्रतियोगिता के साथ समारोह जारी रहा। छात्रों ने पारंपरिक अग्नि-आधारित और नवीन गैर-अग्नि खाना पकाने के तरीकों का उपयोग करके पौष्टिक, बजट-अनुकूल व्यंजन तैयार करके अपनी पाक रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ग्यारह संकाय सदस्यों के एक पैनल ने संवेदी विश्लेषण के माध्यम से स्वाद, पोषण सामग्री और लागत-प्रभावशीलता के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया, जिसमें विजेता टीमों को उनके असाधारण योगदान के लिए प्रमाण पत्र दिए गए।

# आईआईआईटी ऊना में 6वां दीक्षांत समारोह

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा



**ऊना।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईआईआईटी) ऊना ने 7 सितंबर 2024 को अपना 6वां दीक्षांत समारोह मनाया, जो संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर 2019 और 2020 की स्नातक बैचों को उनके शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इसरो सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. माइलस्वामी अन्नादुराई ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में, डॉ. अन्नादुराई ने स्नातकों को बधाई दी और उनके कौशल और ज्ञान का उपयोग राष्ट्र की प्रगति में योगदान करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे गरीबी, भ्रष्टाचार, और पुरानी सोच को मिटाकर, साथ ही ग्रामीण-शहरी असमानता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और राष्ट्र को मजबूत करें।

आईआईआईटी ऊना के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष श्री रवि शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने संस्थान की तेजी से हो रही प्रगति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। श्री शर्मा ने स्नातकों को अपने व्यावसायिक जीवन में ईमानदारी और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आज के तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में निरंतर सीखने और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया।

आईआईआईटी ऊना के निदेशक प्रोफेसर मनीष गॉड ने अपने बयान में स्नातक छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से महामारी के दौरान उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान आई चुनौतियों को स्वीकार किया और उनकी दृढ़ता और समर्पण की प्रशंसा की। प्रो. गॉड ने स्नातकों से आग्रह किया कि वे आईआईआईटी ऊना के उत्कृष्टता की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए समाज के कल्याण में योगदान करें।

कुल मिलाकर 260 छात्रों ने स्नातक किया, जिनमें से 114 कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग से, 88 इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग से, और 58 सूचना प्रौद्योगिकी से थे। इन स्नातकों में से 2019 और 2020 बैचों के 18 छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पदक से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम स्नातकों, उनके परिवारों, और पूरे आईआईआईटी ऊना समुदाय के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि उन्होंने वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव मनाया।

# अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहें युवा : राम कुमार चौधरी

अर्थ प्रकाश /संजीव कौशल



**बद्दी।** मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर निगम) राम कुमार चौधरी ने कहा कि युवाओं को पड़ाई तथा खेल के मध्य संतुलन बनाकर अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयास करना चाहिए। राम कुमार चौधरी आज दून विधानसभा क्षेत्र की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला में 19 वर्ष से कम आयुवर्ग की तीन दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

खेल-कूद प्रतियोगिता में 31 स्कूलों के लगभग 432 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वालीबॉल, बैडमिंटन तथा कुश्ती खेल आयोजित किए गए।

राम कुमार चौधरी ने कहा कि खेल युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और समय का मूल्य समझाते है। इन गुणों को जीवन में उतार कर युवा बेहतर नागरिक बनते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल का संतुलन आवश्यक है क्योंकि शिक्षा से अर्जित ज्ञान ही हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि जीवन में संतुलन का महत्व समझें और नशे से सदैव दूर रहें।

उन्होंने खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

वालीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुल्लरवाला प्रथम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परवाणु द्वितीय, बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मसूल खाना प्रथम तथा रॉयल पब्लिक स्कूल लोदी माजरा द्वितीय, कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला प्रथम तथा दून पब्लिक स्कूल बरोटीवाला द्वितीय, खो-खो प्रतियोगिता में न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल बरोटीवाला प्रथम तथा दया शंकर पब्लिक स्कूल पीरस्थान द्वितीय, कुश्ती प्रतियोगिता में नव ज्योति पब्लिक स्कूल खरूनी प्रथम तथा राय पब्लिक स्कूल लोदी माजरा द्वितीय स्थान पर रहे। मार्च-पास्ट में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला विजेता रहा।

मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को अपनी ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला की प्रधानाचार्य बबीता परमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

मुख्य संसदीय सचिव ने इससे पूर्व दून विधानसभा क्षेत्र के गुल्लरवाला में 42 केन्द्रीय पाठशालाओं को 376 टेबलेट वितरित किए। इनमें से शिक्षा खण्ड रामशहर की 22 केन्द्रीय पाठशाला को 230 टेबलेट, पट्टा महलोग की 10 केन्द्रीय पाठशाला को 74 टेबलेट तथा शिक्षा खण्ड कुठाड़ की 10 केन्द्रीय पाठशाला को 72 टेबलेट वितरित किए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरोटीवाला के प्रधान बंस राज कैंथ, ग्राम पंचायत बरोटीवाला के उप प्रधान हितेन्द्र सोनु, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला के एस.एम.सी. प्रधान शिव कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अध्यापक व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# मौका मिला तो गन्नौर की जनता की दिन रात सेवा करेंगे: देवेंद्र कादियान

## सत्ता में आने पर सिर्फ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने वाले नेताओं से चौकस होने की जरूरत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 7 सितंबर।** गन्नौर भाजपा युवा नेता देवेंद्र कादियान को जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ ही अपना आशीर्वाद देकर हौसला बढ़ाने का काम कर रहे है। देवेंद्र कादियान ने हलके के पबनेरा, चंदौली, ग्यासपुर, रसूलपुर गांव में जनसंपर्क अभियान चला लोगों से उनके हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। दोपहर बाद गांव बली कुतुबपुर व अहीर माजरा में जनसभाएं की। लोगों ने उत्साह के साथ कहा कि तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है। कादियान ने सिर झुकाकर ग्रामीणों का आभार जताया और कहा लोगों का हौसला मेरी असली ताकत है। अगर उन्हें विधायक बनने का अवसर मिला तो गन्नौर की जनता की दिन रात सेवा करेंगे। उनका मकसद राजनीति के जरिए लोगों की सेवा और सहायता करना है। कादियान ने कहा कि गन्नौर का चुनाव सिर्फ नेता का नहीं है, बल्कि गरीब व जरूरतमंद लोगों की आवाज बनकर उभरा आपका बेटा-भाई का भी है। जनता को सिर्फ नेता व बेटा में फर्क देखना है। बेटा गरीबी में पल कर बढ़ा हुआ है, हर वर्ग की पीड़ा को महसूस कर उनकी सेवा में लगा है। नेता वो जो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है, जो राजनीति में वोट लेते समय 36 बिरादरी का भला करने का आश्वासन देते है। लेकिन सत्ता में आने पर सिर्फ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने का काम करते है। गन्नौर शहर की जनता ये सब देख चुकी है, किस तरह नगरपालिका में चेयरमैन की कुर्सी को लेकर खेल खेला गया था। एक व्यक्ति को कुर्सी पर बैठाने को लेकर बाकी सब को दरकिनार किया था। ऐसे लोगों से संभलने की जरूरत है। आरोप है ये नेता गरीब लोगों के घर का पानी तक नहीं पीते, भला करना तो दूर की बात है। इस अवसर पर सरपंच देवेन्द्र सरोहा, पूर्व सरपंच प्रेम, हवा सिंह, मेदु सरोहा, भीम फौजी, सुल्तान सरोहा, राजबीर फौजी, राजेंद्र बल्हारा, रामेश्वर सरोहा, राजेंद्र नंबरदार, डा. सुखबीर, जगदीश फौजी, राजेंद्र बूरा, सुभाष कश्यप, रामपाल कश्यप, जयनारायण पांचाल, पाले राम प्रजापत, सुरेश लंबू, जगमाल पंडित, पाल, सुनील, पप्पू, आजाद, सुखबीर फौजी, सुरेंद्र सरोहा, राज बल्हारा, दीपक, डा. ऋषि, आशीष बल्हारा, बिल्लू, धर्मबीर, अमरजीत, अंकित, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



## पाइट कालेज से होगी नए स्किल इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुवात

**करनाल (अप्रस)।** विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की टीम पाइट कालेज पानीपत पहुंची जहां पाइट कालेज और के मध्यस्थ एक एमओयू भी हस्ताक्षरित हुआ । विख्यात गलोबल फाउंडेशन चेयरमैन राकेश सचदेवा और टीम में शामिल कपिल मदान महासचिव , महेश शर्मा संवाद निदेशक , राहुल शर्मा मीडिया कोऑर्डिनेटर और अमन शर्मा आई टी सेल विख्यात गलोबल फाउंडेशन ने पाइट कालेज की लैब में चल रहे प्रोजेक्टस को देखा और चेयरमैन हरिओम तायल और वॉयस चेयरमैन राकेश तायल को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाये प्रेषित की साथ ही विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया और पाइट कालेज साथ मिलकर बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए साथ कुछ नए स्किल इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुवात करने जा रहा है इस मौके पर डॉ कृष्ण अरोड़ा पालिसी डायरेक्टर, शक्ति कुमार इन्क्यूबेशन सेंटर डायरेक्टर, प्रबंधक डॉ शक्ति अरोड़ा मौजूद रहे।

## एससी समाज की उपेक्षा करने पर बीजेपी के खिलाफ जताया रोष



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 7 सितंबर।** डीएससी समाज एवं हरियाणा सांसी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा आने वाले विधानसभा चुनाव में डीएससी समाज के विशेषकर सांसी समाज के किसी भी योग्य, निष्ठावान, जनप्रिय व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी द्वारा उम्मीदवार न बनाए जाने पर गहरा रोष प्रकट कर प्रदर्शन किया गया।

उपस्थित सभी प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में यह भी बताया कि हालांकि कांग्रेस पार्टी ने शाहबाद मारकंडा आरक्षित सीट से रामकरण काला जो सांसी जाति से संबंध रखता है उसे टिकट दिया गया है। परंतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस बारे कोई विचार नहीं किया गया। जबकि बवानीखेड़ा से सतीश बड़सी व हल्का इसराना से ऐडवोकेट रोशन लाल माहला व दयानंद उरलाना बहुत ही नजदीक फाइट में थे। परंतु भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें जानबूझकर टिकट नहीं दिया गया।

इस सन्दर्भ में संघ के सभी पदाधिकारीयों ने यह अनुरोध किया है कि दोनों ही विधानसभा हल्कों में टिकटों पर पुनः विचार किया जाए। ताकि पुरा डीएससी समाज एवं सांसी समाज पार्टी हित में आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की मदद कर सके।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यतः मास्टर जिले सिंह बसताड़ा, जगमाल सिंह अजराना, प्रोफेसर सुखबीर सिंह, ऐडवोकेट राजकुमार सहित सांसी समाज के मौजिज लोग मौजूद थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्री अमरनाथ सेवा मंडल का प्रसाद वितरण समारोह आयोजित



**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** श्री अमरनाथ सेवा मंडल करनाल के तत्वाधान में श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा पर संपन्न हुए वार्षिक भंडारे के बाद शुद्ध देसी घी का प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह भंडारा 29 जून से 19 अगस्त 2024 तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भंडारे के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में पुंडरी शाखा द्वारा प्रसाद वितरण का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शाखा प्रमुख गगन गर्ग ने अपने सभी टीम सदस्यों के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और श्री अमरनाथ जी की कृपा के प्रति आभार प्रकट किया। इस भव्य आयोजन में शहर और आसपास के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए। प्रमुख उपस्थित लोगों में बिट्टू शाह, रणजीत पासवान, जगदीश सैनी, रामशरण सैनी, जय भगवान सैनी, पूर्व पार्षद कृष्ण सैनी, ओमप्रकाश रोड, कृष्ण टीक, सतपाल धौंस, ओमपाल गर्ग, रामचंद्र नैना, रामबीर शर्मा, रिंकू गर्ग म्योली, विनोद सैनी (एवन स्वीट्स), फूल कश्यप (पुंडरी), भुला (फतेहपुर), धर्मबीर सैनी, पंजाब कुमार (डीग), धनपत सैनी, विनय (फतेहपुर) आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और श्री अमरनाथ सेवा मंडल की सराहना की। सभा में मौजूद सदस्यों ने यह भी प्रण लिया कि वे भविष्य में भी इसी तरह से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भागीदारी करेंगे और सेवा भावना के साथ समाज के कल्याण में योगदान देंगे।

### भाजपा में बगावत जारीः सढ़ौरा में दाता राम ने छोड़ी भाजपा

**बिलासपुर (अप्रस/संजीव कुमार)।** भारतीय जनता पार्टी का टिकट न मिलने से नाराज प्रदेश कार्याकारनी सदस्य चौधरी दाताराम ने बिलासपुर अंबेडकर भवन में विधानसभा साढ़ौरा के अपने समर्थको की मीटिंग बुलाई मीटिंग में उन्होंने रोते हुए बीजेपी पार्टी के सभी पदों से अपना त्यागपत्र दिया व कार्यकर्ताओं को अपने तीन निर्णय सुनाए यदि कार्यकर्ता आदेश देंगे तो वह आजाद चुनाव लड़ेंगे कार्यकर्ता कहेंगे तो किसी पार्टी में शामिल होंगे यदि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बलवंत सिंह को छोड़कर किसी अन्य प्रत्याशी का समर्थन करने के लिए कहेंगे उसके लिए भी वह तैयार है चौधरी दात्ता राम सैंतीस साल से भाजपा पार्टी में सेवा कर रहे थे । कार्यकर्ताओं की इकीस मेंबर्स की एक टीम बना दी गई है जो आज कल में जो निर्णय लेगी उसका दाता राम पालन करेंगे।

### हकृवि में क्षेत्रीय कार्यशाला 10 से 12 तक

**हिसार (अप्रस)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 से 12 सितंबर तक तीन दिवसीय वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली आईसीएआर के 66 कृषि विज्ञान केन्द्रों की गत वर्ष किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि तकनीकी अनुप्रयोग संस्थान, जोन-2, जोधपुर द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जाएगा। इस कार्यशाला में आईसीएआर कृषि विस्तार शिक्षा के उप महानिदेशक डॉ. युएस गौतम मुख्य अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज करेंगे। साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा उनकों कृषि को एक लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए, आधुनिक कृषि तकनीक किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। इस कार्यशाला में आईसीएआर अटारी जोन-2 के निदेशक डॉ. जेपी मिश्रा, आईसीएआर के कृषि विस्तार शिक्षा के एडीजी डॉ. आरके सिंह, बीसीकेवी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एमएम अधिकारी, एमएचयू करनाल के कुलपति डॉ. एसके मल्होत्रा, आरएलबी सीएयू व झांसी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके सिंह भी इस कार्यशाला में अपने विचार रखेंगे।

### ध्यान और व्यायाम कार्यक्रम की शुरुआत



**पूंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए, एवीपी स्कूल रसीना ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष ध्यान और व्यायाम कार्यक्रम की शुरुआत करने का प्लान बनाया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उनके मानसिक संतुलन और एकाग्रता को भी मजबूत करना है। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर, आदर्श कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा स्कूल वातावरण तैयार करना है, जहाँ हर बच्चा ऊर्जावान, स्फूर्तिवान और मानसिक रूप से शांत एवं केंद्रित रहकर अध्ययन कर सके। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा के साथ-साथ जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में भी मदद करेगा। इस कार्यक्रम के तहत, हर सुबह छात्रों को ध्यान और योग के सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही शारीरिक व्यायाम के विभिन्न रूपों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, जिससे छात्रों का शारीरिक विकास हो सके। स्कूल प्रिंसिपल वकील सिंह ने कहा कि इस पहल से न केवल छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार होगा, बल्कि उनका समग्र विकास भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। अभिभावकों ने भी इस कदम की सराहना की है और इसे छात्रों के लिए एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा है।

## दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का किया आयोजन

### प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं के टेलेंट को निखारना: रेनु कुमारी

अर्थ प्रकाश/सुशील



**नारायणगढ़, 7 सितंबर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य डॉ अजित सिंह की अध्यक्षता में संस्कृति समिति की इंचार्ज प्रोफेसर रेनु कुमारी एवं उसकी समिति के सदस्यों द्वारा दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना करके किया गया।

संस्कृति समिति की संयोजिका प्रोफ़ेसर रेनु कुमारी एवं उनके सदस्यों द्वारा प्राचार्य को फूलों का पौधा भेंट कर कार्यक्रम में पहुँचने पर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन भाषण, कविता पाठ, पेंटिंग, क्विज एवं प्लेइंग इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिताएं करवाई गई और दूसरे दिन एकल गायन, एकल नृत्य, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

गीत और नृत्य की एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियों को दिखाकर विद्यार्थियों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने गेस्ट परफॉरमेंस में ग्रुप डांस एवं कोरियोग्राफ़ी को भी दर्शाया जिसकी प्राचार्य ने बेहद सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए, ताकि हमारी संस्कृति को बचाकर रखा जा सके,पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अपना अलग ही महत्व है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढने का मंच प्राप्त होता है एवं साथ ही अपना कौशल दिखाने का अवसर भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक समिति की इंचार्ज प्रोफेसर रेनु कुमारी ने कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया ओर कहा कि इन प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं के टैलंट को निखारना है।

## गैर कानूनी तरीके से प्रचार सामग्री छापने वालों पर होगी कार्रवाई

### चुनावी प्रचार सामग्री पर प्रकाशक का नाम व पता अंकित होना जरूरी

प्रशासनिक अनुमति के बिना नहीं छापी जा सकती कोई भी प्रचार सामग्री: विवेक आर्य

अर्थ प्रकाश/मित्तल

**उचाना मंडी, 7 सितंबर।** अतिरिक्त उपायुक्त जींद एवं रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य ने उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र की प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश दिए हैं वे प्रशासनिक अनुमति के बिना कोई प्रचार सामग्री न छापें। चुनावी प्रचार सामग्री पर प्रकाशक का नाम व पता अंकित होना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर छह महीने की सजा हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि चुनावी प्रचार सामग्री में जाति, धर्म, समुदाय विशेष या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भड़काने वाली भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

आर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रचार सामग्री की छपाई को लेकर कुछ जरूरी निर्देश दिए हुए हैं। अपने चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक दल, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार या उनके समर्थक प्रचार के रूप में पोस्टर, पैंपलेट, हैंड बिल, बैनर इत्यादि छपवाते हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार कोई भी प्रिंटर या प्रिटिंग प्रेस का मालिक किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा।

आर्य ने प्रिंटिंग प्रैस, प्रिंटर को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री की छपाई न करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए उचाना कलां में विधानसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करें।

## मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम हेमंडॉयल डिलम श्रीमद्भागवत गीता जयंती समारोह - 2024 में मातृभूमि सेवा मिशन के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में होंगे मुख्य अतिथि

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 7 सितंबर।** भारत ने मॉरीशस को अनेक महत्वपूर्ण विकास सहायता प्रदान की है। मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है। मॉरीशस और भारत के बीच संबंध सदियों पुराने हैं। ये संबंध अटूट ही नहीं बल्कि अदभुत हैं। सांस्कृतिक रूप से दोनों देश एक दूसरे के काफी करीब हैं।श्रीमती इंदिरा गांधी से नरेंद्र मोदी तक समस्त प्रधानमंत्रियों का मॉरिशस से खास लगाव रहा है। मॉरीशस की स्वतंत्रता में भी महात्मा गांधी के नमक आंदोलन का जुड़ाव रहा है। मॉरीशस में 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी भारतीय मूल के लोगों की है। यह उद्गार भारत में मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम श्री हेमंडॉयल डिलम ने मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र से नई दिल्ली स्थित दूतावास मे एक शिष्टाचार भेंट में व्यक्त किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतर्राष्टीय श्रीमद्भागवत गीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम में 01 दिसम्बर 2024 को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में श्रीमद्भगवद्गीता का परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित अंतर्राष्टीय संगोष्ठी में मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम श्री हेमंडॉयल डिलम बतौर मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम श्री हेमंडॉयल डीलम ने कहा मॉरीशस में श्रीमद्भागवत गीता एवं रामायण लोगों के आस्था के आधार स्तम्भ है। मॉरीशस के कण कण में भारत और सनातन भारतीय वैदिक संस्कृति व्याप्त है। भारत गणराज्य और मॉरीशस गणराज्य के बीच साझा सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों ने कई मुद्दों पर सहयोग किया है। इसमें व्यापार, विदेश, रक्षा और विकास सहयोग शामिल है।ब्रिटिश हुकूमत के दौरान भारत से बड़ी संख्या में लोगों को अनुबंध तहत काम करने के लिए मॉरीशस ले जाया गया था। उन्होंने अपनी मेहनत और ताकत के बल पर पहचान कायम की।

## उचाना में चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शहर में लगभग हर चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। 5 सितंबर 2022 को शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए लेकिन ये काफी लंबे समय से बंद पड़े हैं। सीसीटीवी कैमरों की केबल जगह-जगह से टूटी हुई है जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा एक जगह इकट्ठी की गई। सुनील, राजकुमार, संदीप ने बताया कि उचाना में सीसीटीवी कैमरे नहीं चल रहे हैं, सभी केबल नीचे पड़ी हुई हैं। लगभग 2 साल पहले सीसीटीवी कैमरे लगे थे लेकिन यह ज्यादा लंबे समय तक नहीं चल पाए। यह सीसीटीवी कैमरे लगभग 3 महीने तक चले उसके बाद से बंद पड़े हैं। जितने भी केबल लगाई गई थीं, सभी टूटकर नीचे गिर गई हैं। लगभग 1 साल से ज्यादा हो गया है केबल नीचे गिरी हुई है। कैमरे शहर में अच्छी नीति से लगाए गए थे लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी देखरेख होनी बंद हो गई।

## साइबर ठगों ने महिला से ठग लिए 48 लाख

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जींद, 7 सितंबर।** निकटवर्ती गांव हैबतपुर की एक महिला के साथ साइबर ठगी करने वालों ने 48 लाख रुपए की ठगी कर दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के अंतर्गत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

इशू रानी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह आदित्य बिरला कैपिटल इंश्योरेंस प्रा. लि. शाखा एचडीएफसी बैंक जींद मे लोन/इंश्योरेंस विभाग मे काम करती थी। कुछ दिन पहले उसके पास मोबाईल टैलिग्राम पर एक आई डी से मैसेज आया कि उनकी कम्पनी पलेक्स स्ट्रीम ऑनलाइन अर्निंग काम करने का मौका दे रही है जिसमें मुवी की रेटिंग देने का काम था। 1 अगस्त 2024 को उसके पास टेलीग्राम एप पर एक लिंक इस आईडी से आया जिसको खोलने पर उसका पलेक्स स्ट्रीम कम्पनी में वालेट बन गया जिसमें उसकी कमाई दिखाई देती थी जिसमें ऑनलाइन मूवी की रेटिंग करने के टास्क देते थे। टास्क के बदले में उन्होंने शुरु में 10,000 रुपये का वालेट रिचार्ज करने के लिये बोला जिसके बदले उन्होंने एक यूपीआई आईडी द्वारा पैसे डालने को कहा जो उसने अपने पीएनबी खाते से उक्त आई डी मे पैसे डलवा दिये और यह राशि कुछ अर्निंग के साथ वालेट में शो होने लगी जिसको वह निकाल नहीं सकती थी। जब इस राशि को निकालने बारे पुछा तो उन्होंने बताया कि जब आपके वालेट मे 20 लाख रुपये की अर्निंग हो जाएगी तब आप पैसे निकाल सकते हो। इस प्रकार उन्होने अलग-अलग टास्क देकर 1 अगस्त 2024 से 4 सितंबर 2024 तक उनके द्वारा उपलब्ध करवाए गए अलग अलग खातों मे ट्रंजैक्शन करवाकर आनलाईन धोखाधड़ी करके कुल 48 लाख 288 रुपए ऐंठ लिए।

## पुलिस व अर्धसैनिक बल जवानों ने निकाला 'फ्लैग मार्च'



अर्थ प्रकाश/राजेन्द्र कुमार

**सिरसा, 7 सितंबर।** आगामी 5 अक्टूबर को प्रस्तावित विधानसभा चुनाव प्रक्रिया को जिला में पूरी तरह से स्वतंत्रत व निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने को लेकर जिला पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों तथा जवानों ने मिलकर रानिया तथा रोड़ी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला तथा आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। एक ओर जहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला के साथ लगती पंजाब और राजस्थान सीमा पर भी कड़ी सावधानी व सतर्कता बरती जा रही है ।

रोड़ी में फ्लैग मार्च गांव रोड़ी से होकर फग्गू, करूंगावाली, झोरड रोही, पजमाला, अलीका तथा थिराज गावों से होकर निकला । जबकि रानियां में फ्लैग मार्च कस्बा रानियां, ओटू, कुत्ताबढ़ तथा गोविंदपुरा गांव से होकर निकाला गया। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के अधिकारियों तथा जवानों ने आम लोगों को निष्पक्ष व स्वतंत्र वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का विश्वास दिलाया तथा शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान मतदाताओं को 5 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में निर्भिक होकर मतदान करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उदेश्य से पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों ने फ्लैग मार्च निकाला।

## लाल बत्ती चौक पर भीख मांगने वाले बच्चों के खिलाफ चलाया अभियान

### उमेश चाानना की अगुवाई में सीडब्लयू सी ने पुलिस के साथ चलाया अभियान

तीन बच्चों को किया काबू, मौक पर पंद्रह बच्चे मांग रहे थे भीख

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 7 सितंबर।** करनाल के सैक्टठर 12 स्थित मिनी सचिवालय के पास लाल बत्ती चौक पर भीख मांगने वाले बच्चों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बच्चों को रैस्क्यू किया। यह कार्रवाई हरियाणा के करनाल में सीडब्ल्यूसी (चाइल्ड वेलफेयर कमेटी) ने पुलिस के साथ मिलकर इस कार्वाई को अंजाम किदया। जैसे ही पुलिस और सीडब्ल्यूसी की टीम पहुंची, वहां मौजूद बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। जिस समय टीम पहुंची उस समय 13 बच्चे और बड़े भीख मांग रहे थे। सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मियों ने मौके से 3 बच्चों को रेस्क्यू किया और उन्हें पुलिस चौकी ले जाया गया। वहां बच्चों के अभिभावक भी पहुंच गए। जिन्होंने बच्चों को वापस लेने की गुहार लगाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह बच्चे अक्सर रेड लाइट पर गाड़ियों के सामने आकर भीख मांगते हैं। मोहित कुमार नवीन कुमार और बीरेश कुमार ने बताया कि यह बच्चे रेड लाइट के दौरान गाड़ियों के सामने खड़े होकर पैसे मांगते हैं और कई बार वाहन चालक उन्हें दया के कारण पैसे भी दे देते हैं।लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब ग्रीन लाइट हो जाती है और बच्चे गाड़ियों के सामने ही खड़े रहते हैं। जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि ये बच्चे जो भीख मांगते हैं, उसके पैसे उनके परिवार वाले शराब और अन्य चीजों पर खर्च कर देते हैं। बताया जाता है कि यह बच्चे और भी रेड लाइट चौक पर भी भीख मांगते हैं। यह बच्चे जीटी रोड एसडी माडल स्कूल चौक निर्मल कुटिया चौक और अस्पताल चौक पर भीख मांगते हैं। बताया गया कि रेस्क्यू किए गए बच्चों के पास से एंड्रॉयड फोन भी बरामद हुआ। जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जब उनके पास ऐसे महंगे फोन हैं, तो उन्हें भीख मांगने की क्या मजबूरी है? बच्चों की मां ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि उनके बच्चे भीख नहीं मांगते, बल्कि चाय की दुकान पर काम करते हैं। हालांकि, सीडब्ल्यूसी और पुलिस की जांच में ये बच्चे लगातार सिग्नल पर भीख मांगते हुए देखे गए हैं। मौके पर 15 बच्चे थे, सिर्फ 3 ही काब~ सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उमेश चानना ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि सेक्टर-32 के आसपास हाईवे पर बच्चे गाड़ियों के सामने आकर भीख मांगते हैं। जब टीम मौके पर पहुंची तो करीब 15 बच्चे मौजूद थे, लेकिन उनमें से केवल तीन बच्चों को रेस्क्यू किया जा सका। बाकी बच्चे मौके से फरार हो गए। उमेश चानना ने यह भी आशंका जताई कि ये भीख मांगने वाले बच्चों का कोई संगठित गैंग हो सकता है, जो बच्चों को इस काम के लिए मजबूर करता है। उमेश चानना का कहना है कि जितने भी बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा, ताकि वे पढ़ाई करें और रोजगार की ओर बढ़ सकें। उमेश चानना ने कहा कि बच्चों का भविष्य भीख मांगने में नहीं है। हम इन्हें मुख्यधारा में वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह का अभियान चलाया जाता रहेगा।


# बीजेपी राज में नशे की ओवरडोज से गई 400 से ज्यादा लोगों की जान, लाखों परिवार हुए बर्बाद : हुड्डा

**कांग्रेस ने बनाया था हंसता-खेलता, आगे बढ़ता हरियाणा, बीजेपी ने बनाया नशे में 'उड़ता हरियाणा'**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश के युवाओं को नशे के दलदल में धकेल दिया है। इसके चलते लाखों परिवार बर्बाद हो चुके हैं और हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कांग्रेस सरकार ने जिसे हंसता-खेलता व आगे बढ़ता हरियाणा बनाया था, उसे बीजेपी ने नशे में 'उड़ता हरियाणा' बना डाला है। कांग्रेस ने जिन युवाओं को खिलाड़ी बनाने की नीतियां तैयार की थीं, बीजेपी ने उन युवाओं को नशेड़ी बनाने की नीतिया लागू की हैं।

हुड्डा अपने आवास पर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हुड्डा से कांग्रेस सरकार बनने पर नशे पर नकेल कसने की मांग की। उनसे बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा आए दिन नशे के चलते मौत का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार ना तो नशे पर रोक लगा रही है और ना ही तस्करों पर कोई कार्रवाई कर रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हर वर्ष एक लाख से ज्यादा लोग नशे की वजह से अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। अकेले सिरसा में ही दो साल में 65 लोगों की मौत नशे की ओवरडोज से हो चुकी है। बीजेपी राज में 400 से ज्यादा लोग नशे की ओवर डोज से अपनी जान गंवा चुके हैं। दर्जनों लोगों की जहरीली शराब के चलते मौत हो चुकी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट में सामने आया है प्रदेश के 22 में से 13 जिले तो बुरी तरह नशे की चपेट में हैं। जबकि जमीनी हकीकत तो यह है कि बीजेपी सरकार ने गांव-गांव, गली-गली, हरेक मोहल्ले में नशा पहुंचा दिया है। हर जगह खुलेआम सिंथेटिक नशा बिक रहा है। लेकिन नशा कारोबारियों किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे स्पष्ट है कि इस कारोबार को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि 2014 तक प्रदेश में नशे के चलते अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या 1400 थी, जो अब बढ़कर अकेले सिरसा में 35 हजार से ज्यादा हो चुकी है। हर साल करीब एक लाख युवा नशे के चलते इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। कई युवा तो इलाज के लिए आते ही नहीं और अपनी पूरी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं।

हुड्डा ने कहा ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर नशा, अपराध और बेरोजगारी तीनों पर नकेल कसी जाएगी। क्योंकि बेरोजगारी ही नशे और अपराध की जननी है। आज हरियाणा बेरोजगारी के मामले में पूरे देश में नंबर वन है। इसीलिए प्रदेश नशे और अपराध के मामले में भी पहले पायदान पर पहुंच गया है। अब हरियाणा को इस बीमारी से निजात दिलाने का समय आ गया है।

# गणपति स्थापना पूजन के साथ श्री हरि सिमरन सेवा समिति का 11 दिवसीय गणपति महोत्सव आरम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** विधिवत गणपति स्थापना पूजन के साथ ही श्री हरि सिमरन सेवा, समिति, चंडीगढ़ द्वारा मनाए जा रहे 11 दिवसीय श्री गणपति महोत्सव का आज शुभारम्भ हो गया। संस्था की प्रवक्ता पूनम कोठारी ने बताया कि पहले दिन गणपति स्थापना पूजन हुआ जबकि 17 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 8.30 बजे तक व संध्या को 6 बजे से 7 बजे तक कीर्तन एवं 7 बजे से 7.30 बजे तक आरती होगी। 17 सितम्बर को धूमधाम से मूर्ति विसर्जन होगा एवं तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक अटूट भंडारा बरताया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल 4621, सेक्टर 46 डी में है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी पुनीत, बादल, दीपाली, रोहन, अर्नव, आर्यन, अनन्या व राघव सक्रिय सहयोग दे रहें हैं।



## माता मनसा देवी गौधाम में गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरु

पंचकूला गौशाला ट्रस्ट की ओर से माता मनसा देवी गौधाम पंचकूला में पांच दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव शनिवार से शुरू हो गया। इस गणेश चतुर्थी महोत्सव पर गणेश जी की स्थापना की गई। प्रधान एवं मेयर कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। पदाधिकारियों द्वारा गणपति जी की पूजा अर्चना की गई। 11 सितंबर को गणपति विसर्जन होगा। कुलभूषण गोयल ने सभी को गणपति महोत्सव की शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान गणपति सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। इस अवसर पर कुलभूषण गोयल, नरेश मित्तल, कुसुम कुमार गुप्ता, दीपक बंसल, हरगोविंद गोयल अपनी धर्मपत्नी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब पिंजौर हिल्स ने टीचर डे धूमधाम से मनाया



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** रोटरी क्लब पिंजौर हिल्स द्वारा स्थानीय निजी होटल में नेशन बिल्डर टीचर डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन तजिन्द्र चावला ने बताया कि उनका क्लब हर साल इस अवसर पर स्थानीय सरकारी व निजी स्कूलों के होनहार टीचरों को सम्मानित करता आया है।

आयोजन का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट के डी.जी. रोटेरियन राजपाल सिंह, ए.जी.रोटेरियन पंकज कपूर, प्रेजिडेंट रोटेरियन तजिन्द्र चावला, रोटेरियन सुनील कौशल, रोटेरियन प्रदीप कुमार व अन्य आमंत्रित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा आमंत्रित 23 अध्यापकों को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शाल पहनाकर सर्टिफिकेट व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रीमती अंजु ग्रोवर रिटायर्ड डिप्टी डी..ई.ओ. को शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डी.जी. रोटेरियन राजपाल सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट के उज्जवल भविष्य के निर्माण हेतु अध्यापकों के अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और याद दिलाया कि यह दिवस भारत के भूतपूर्व राष्टपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर प्रेजिडेंट रोटेरियन तजिन्द्र चावला ने आमंत्रित अतिथियों का क्लब की ओर से स्वागत किया।

# बीमा ग्राहकों को पौधे बांट कर मनाया एलआईसी सप्ताह

**कालका, (अप्रस)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा द्वारा बीमा सप्ताह के बारे में जानकारी देते हुए सहायक शाखा प्रबंधक विरेंद्र भूकल्ल ने बताया कि शाखा कार्यालय कालका में पूरे हफ्ते भारतीय जीवन बीमा सप्ताह शाखा प्रबंधक जगतिंदर बीर सिंह की अगुवाई में 2 सितंबर से 6 सितंबर तक मनाया गया। जिसमे शाखा स्टाफ, विकास अधिकारी, अभिकर्ता गण के साथ साथ बीमा ग्राहकों की उपस्थिति में भारतीय जीवन बीमा निगम के 68 वी वर्षगांठ पर केक काटकर बीमा ग्राहकों को पौधा अर्पण किया गया। इस अवसर पर विकास गर्ग ब्रांच स्टाफ अभिकर्ता हंसराज सचदेवा, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र लालर, राकेश यादव,हरप्रीत सिंह, मेहरचंद, महेंद्र कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में रक्तदान शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में शनिवार को यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना , एन सी सी ने रोटरी क्लब अंबाला और पी जी आई चंडीगढ़ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजिंद्र सिंह ने रोटरी क्लब अंबाला के अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश सेठी , सचिव रोटेरियन गणेश सभरवाल कार्यकारी सचिव संदीप सिंह का अभिनंदन एव स्वागत किया तथा उनका आभार प्रकट किया। प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए सनातन धर्म कॉलेज का रक्तदान के क्षेत्र में दिए गये योगदान की परंपरा पर प्रकाश डाला। सनातन धर्म कॉलेज पहले भी रक्तदान के लिए पी जी आई व हरियाणा सरकार के द्वारा सम्मानित हो चुके है।इस कार्यक्रम का मंच संचालन कॉलेज की वाई.आर.सी काउंसलर तथा रक्तदान शिविर की सायोंजिका प्रो ज़ीनत मदान द्वारा किया गया। जिन्होंने खुद भी रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहित बिंदलिश ने 32वीं बार , संजीव कुमार ने 42 बार तथा डॉ सुशील कंसल ने 71वी बार रक्तदान दिया। कॉलेज के टीचिंग और नॉन टीचिंग सदस्य डॉ जोगिंदर,अजीत, परदीप, मदन, संदीप ने भी रक्तदान किया। कुल 93 यूनिट एकत्रित किये गए जिनमेँ लड़कियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए 32 लड़कियों ने रक्तदान किया

# कौन बनेगा करोड़पति 16 में 'केबीसी जूनियर्स' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का लोकप्रिय ज्ञान-आधारित गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति 16' अपने बेहद चहेते स्पेशल थीम 'केबीसी जूनियर्स' को वापस लाने के लिए तैयार है, जहां 8 से 15 साल के बच्चों को भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्विज़ शो में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा! महानायक अमिताभ बच्चन इन नन्हें दिमागों की प्रतिभा को सेलिब्रेट करते हुए उन्हें आमंत्रित करेंगे, ताकि वे प्रतिष्ठित हॉटसीट पर बैठकर इतिहास रच सकें और अपने ज्ञान और उत्साह का प्रदर्शन कर सकें। हिस्सा लेने के लिए, माता-पिता ऐप डाउनलोड और अपडेट कर सकते हैं, अपने बच्चे की प्रोफ़ाइल बना सकते हैं, और फिर हर दिन सवालों के जवाब देकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन 9 सितंबर को बंद हो जाएगा; तो तैयार हो जाइए और अपने नन्हे सितारों को केबीसी जूनियर्स पर चमकने दीजिए!

## उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जनपद गोरखपुर में सैनिक स्कूल का लोकार्पण किया, कहा-

# शिक्षा वह माध्यम है, जो समाज में बदलाव लाती है

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आज जनपद गोरखपुर के फर्टिलाइजर कैम्पस में 176 करोड़ रुपये की लागत से 49 एकड़ भूमि में बने उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह माध्यम है, जो समाज में बदलाव लाती है व समानता का अवसर उत्पन्न करती है, साथ ही असमानताओं पर कुठाराघात भी करती है। यह सैनिक स्कूल भावी पीढ़ी के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। देश व प्रदेश के छात्र-छात्राओं के मन में यहां की पृष्ठभूमि व विरासत सदा विद्यमान रहेगी। मुख्यमंत्री जी का प्रतिबिम्ब हमेशा सैनिक स्कूल की परिच्छाया में दिखेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री जी के आमंत्रण के फलस्वरूप गोरखपुर की धरती पर चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल के पुरातन छात्र की हैसियत से उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैनिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन की नींव साबित होगी, क्योंकि शिक्षा के बिना समाज में परिवर्तन सम्भव नहीं है। समाज में फैली कुरीतियों पर शिक्षा के माध्यम से ही कुठाराघात किया जा सकता है। शिक्षा की लौ, जिस मंदिर, देश व प्रदेश में जलेगी, वहां अपनी रोशनी से कुरीतियों को दूर कर समाज को प्रकाशमय बनायेगी। वर्तमान परिदृश्य में वैचारिक दृढ़ता, मूल चिंतन प्रतिबद्धता तथा राष्ट्र भावना के प्रसार की अत्यंत आवश्यकता है। यह तीनों ही गुण देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में है। जो गत दशक से देश को एक ऐसे रास्ते पर ले जा रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया हतप्रभ है। दुनिया में भारत की आज अलग पहचान है।

देश में विकास की गंगा बह रही है। इसमें मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वर्ष 2017 के पश्चात उत्तर प्रदेश की उत्तम प्रदेश के रूप में गुणात्मक भागीदारी है। यह राष्ट निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। प्रदेश में अनेक नए कार्य किए गए हैं, जिनकी चर्चा पूरे देश में है। मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में किये गये चमत्कारिक विकास कार्यों की गूंज प्रत्येक जगह सुनायी देती है। उन्होंने असम्भव कार्यों को सम्भव करके दिखाया है। पहले देश का सबसे बड़ा प्रदेश भय तथा अराजकता की चपेट में था। शासन की शिथिलता के कारण आम आदमी परेशान था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज कायम हुआ है। हम सभी को भी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के महायज्ञ में अपनी आहुति देनी चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट के प्रति यह सैनिक स्कूल हम सबको समर्पण, दया, प्रेम, अनुशासन, देश की एकता, अखण्डता को अक्षुण्ण बनाएं रखने का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह देश के प्रत्येक राज्य को सैनिक स्कूल का निर्माण करने, देश की प्रगति में योगदान देने, राष्ट्रवाद की भावना का प्रसार करने तथा राष्ट्र एकता का संदेश चहुँओर दिशा में प्रसारित करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो हवन हो रहा है, उसमें हम सभी को योगदान स्वरूप सहयोगात्मक आहुति देनी चाहिए, ताकि हमारा समाज व राष्ट विकसित बन सके। असफलता, सफलता का केन्द्र व कुंजी है। असफलता में सफलता की नींव विद्यमान रहती है। शिव शक्ति प्वाइंट पर चन्द्रयान-3 की सफलता की नींव चन्द्रयान-2 की असफलता में विद्यमान थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपराष्टपति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 03 वर्ष की अल्प अवधि में बनकर तैयार हुआ यह सैनिक स्कूल भावी पीढियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। 176 करोढ़ रुपये की लागत से बना यह पूर्वांचल का पहला सैनिक स्कूल है। इसमें कक्षा 06 से 12 तक छात्र-छात्राओं को आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

# सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर भव्य पोषण रैली का आयोजन

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गोण्डा।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने डीएम आवास के सामने से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। डीएम ने सभी उपस्थित जनों को पोषण शपथ दिलाई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

इस आयोजन में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्या समेत कई अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। सीडीपीओ अभिषेक दुबे, नंदिनी घोष, वंदना, नीतू रावत, रंजीत कुमार, इमरान अली, सरोज तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस रैली को और भी सफल बनाया।

राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 01 से 30 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को कुपोषण मुक्त बनाना और प्रधानमंत्री के 'सुपोषण भारत' के विजन को साकार करना है। पोषण अभियान के अंतर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस वर्ष की थीम 'समग्र पोषण' है, जिसमें एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक), वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी को प्रमुखता दी गई है।

पोषण एवं स्वास्थ्य के 10 मुख्य हस्तक्षेपों में स्तनपान की सही शुरुआत, पूरक आहार की गुणवत्ता, एनीमिया की रोकथाम, और सूक्ष्म पोषण तत्वों की आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि पोषण अभियान का सफल क्रियान्वयन जन आंदोलन और सामुदायिक भागीदारी के बिना संभव नहीं है। बाल विकास सेवा एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित रैली ने पोषण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया, और इसे व्यापक स्तर पर सफल बनाने की अपील की गई। इस दौरान सीडीपीओ राम प्रकाश, वरिष्ठ लिपिक, साधना साहू, ज्ञानेन्द्र शरण, सौरभ यादव, डीसी राजकुमार, शिव पूजन, राम फ़ेर, कालिका, परेश आनन्द, समेत कार्यकत्रियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# वीआईटी-एपी व एआरसीटी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



अर्थप्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** वीआईटी-एपी अमरराजा एडवांस्ड उपक्रम टेक्नोलॉजी (स्स्ष्ट्ज्ञ) प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। संविदात्मक साझेदारी का उद्देश्य अनुसंधान नवाचारों को विकसित करना, ज्ञान हस्तांतरण, विकास और कार्यबल पहलुओं को सुविधाजनक बनाना है।

इन समझौतों में वीआईटी-एपी वीसी एसवी कोटरेड्डी, अमरराजा सीटीओ जगदीश, वीआईटी-एपी और एआरएसीटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समझौते से विश्वविद्यालय को प्रौद्योगिकी विकास, छात्र इंटर्नशिप और संयुक्त प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। संयुक्त साझेदारी के साथ शोध विषयों पर मुख्य फोकस रहेगा।

# त्यौहारों पर यात्रा को आसान बनाने के लिए पूसी रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेनों का किया परिचालन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने आगामी पूजा सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए तीन जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। पूजा स्पेशल ट्रेनें कटिहार-अमृतसर - कटिहार, रंगापाड़ा नॉर्थ - प्रयागराज जंक्शन - रंगापाड़ा नॉर्थ और नारंगी-गोरखपुर - नारंगी के बीच चलेंगी।

18 सितंबर से 27 नवंबर, 2024 तक 11 फेरों के लिए प्रत्येक बुधवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05736 (कटिहार-अमृतसर) कटिहार से 21:00 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को अमृतसर 09:45 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 20 सितंबर से 29 नवंबर, 2024 तक 11 फेरों के लिए प्रत्येक शुक्रवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05735 (अमृतसर-कटिहार) अमृतसर से 13:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन कटिहार 23:45 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन अपनी दोनों तरफ की यात्रा के दौरान अररिया कोर्ट, फारबिसगंज, दरभंगा जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बरेली, रूड़की और जलंधर सिटी स्टेशनों से होकर चलेगी।



29 सितंबर से 01 दिसंबर, 2024 तक प्रत्येक रविवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05831 (रंगापाड़ा नॉर्थ - प्रयागराज जंक्शन) रंगापाड़ा नॉर्थ से 09:00 बजे रवाना होकर अगले दिन प्रयागराज जंक्शन 12:40 बजे पहुंचेगी। वापसी में, 30 सितंबर से 02 दिसंबर, 2024 तक प्रत्येक सोमवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05832 (प्रयागराज जंक्शन - रंगापाड़ा नॉर्थ) प्रयागराज जंक्शन से 17:40 बजे रवाना होकर अगले दिन रंगापाड़ा नॉर्थ 22:50 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दस - दस फेरों के लिए चलेगी। अपनी दोनों तरफ की यात्रा के दौरान यह ट्रेन वाया रंगिया जंक्शन, न्यू बंगाईगांव, फकिराग्राम, न्यू जलपाईगुड़ी, आलुआबाड़ी रोड, नवगछिया, खगड़िया जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र और बक्सर स्टेशनों से होकर चलेगी।

03 से 24 अक्टूबर, 2024 तक प्रति गुरुवार को, एक अन्य फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05633 (नारंगी - गोरखपुर) नारंगी से 13:20 बजे रवाना होकर अगले दिन गोरखपुर 13:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में, 04 से 25 अक्टूबर, 2024 तक प्रति शुक्रवार को फेस्टिव स्पेशल ट्रेन संख्या 05634 (गोरखपुर - नारंगी) गोरखपुर से 20:55 बजे रवाना होकर अगले दिन नारंगी 23:10 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन वाया रंगिया जंक्शन, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार, खगड़िया जंक्शन, बरौनी जंक्शन, सोनपुर, छपरा और सीवान जंक्शन स्टेशनों से होकर जाएगी।

इन ट्रेनों के ठहराव और समय-सारणी का विवरण आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे विभिन्न समाचार पत्रों और पू. सी. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अधिसूचित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले विवरण की जाँच कर लें।

# भाजपा ने की पंचकूला में चुनाव जीतने के लिए मजबूत किलेबंदी

**मजबूत चुनाव प्रबंधन कमेटी का गठन किया, अलग-अलग मोर्चों पर डटेंगी 35 टीमें**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** भाजपा ने विधान सभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए मजबूत किलेबंदी की है। इसके लिए पार्टी ने मजबूत चुनाव प्रबंधन कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में 36 टीमें बनाई गई, जो एक-एक कार्य की बारीकी से योजना बनाकर उसे सिरे चढ़ाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा चुनाव प्रबंधन कमेटी के भी अध्यक्ष होंगे। कमेटी का प्रभारी धर्मपाल राणा को बनाया गया है। विधान सभा हलके के संयोजक हरेन्द्र मलिक रहेंगे।

चुनाव कार्यालय का प्रबंधन एनडी शर्मा, डीपी सिंघल, डीपी सोनी करेंगे। मीडिया विभाग संबंधी कार्य सुरेश सेंगर, नवीन गर्ग, के चंदन कुमार और दिनेश चौहान करेंगे। सोशल मीडिया का कार्य अभिषेक कौशिक और मनन शर्मा देखेंगे। टीवी, रेडियो और डिजिटल विज्ञापन की व्यवस्था दिनेश दीक्षित के जिम्मे है। न्यायिक व चुनावी मामले राजीव मलहोत्रा, जितेन्द्र शर्मा, भाग सिंह नेगी, राजेश कॉल देखेंगे। डीसी और एसडीएम से तालमेल रखने के लिए बीबी सिंहल की जिम्मेदारी लगाई गई है। साहित्य सामग्री छपवाने की जिम्मेदारी नवीन शर्मा ने संभाली है।

प्रचार अभियान प्रचार होलडिंग, बैनर्स, पोस्टर्ज, स्टीकर्स आदि छपवाने का कार्य योगेंद्र शर्मा देखेंगे। प्रचार सामग्री व साहित्य वितरण का काम सुरेंद्र मनचंदा करेंगे। प्रवास पर आने वाले नेताओं के कार्यक्रम विशाल सेठ बनाएंगे। वीडियो वैन की जिम्मेवारी डॉ. बलवीर सिसोदिया संभालेंगे। कार और हवाई यातायात व्यवस्था मनीष नय्यर और श्री शेखर पांडे देखेंगे। सुशील सिंगला और राजीव गिरधर को भोजन प्रमुख बनाया गया है। सुशील सिंगला और डी0पी0 सिंघल बैठक व्यवस्था और कार्यालय बैठकें देखेंगे। वित्त प्रबंधन श्री श्यामलाल बंसल देखेंगे, वीरेंद्र गर्ग हिसाब किताब रखेंगे। परमजीत कौर बूथ प्रबंधन एवं आंकड़े संभालेंगी। घोषणा पत्र एवं आरोप पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी बी0बी0 सिंघल, राकेश गोयल, रोहित सैन की रहेगी। सांस्कृतिक विभाग सौरव अत्री और बलजिन्द्र गोयल को सौंपा गया है। सेल्फ हेल्प ग्रुप, एनजीओ, सामाजिक, व्यवसायिक, धार्मिक संस्थाओं से विशेष सम्पर्क की जिम्मेदारी रोहित सैन, बृज लाल गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, अमित गुप्ता की टीम करेगी। अनुराधा वर्मा और कविता चौधरी को महिला अभियान सम्पर्क प्रमुख बनाया गया है।

# वीआईटी यूनिवर्सिटी ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ 57 लाख 50 हजार का चेक भेंट किया

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

अमरावती। आंध्र प्रदेश 6 सितंबर हाल ही में आई बाढ़ के मद्देनजर आंध्र प्रदेश सरकार को सहायता देने के लिए, डॉ. जी. विश्वनाथन, माननीय कुलाधिपति, श्री शंकर विश्वनाथन- वीआईटी विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1,57,50,000 रुपये (एक करोड़ सत्तावन लाख पचास हजार) का चेक भेंट किया। यह चेक आज विजयवाड़ा कलेक्ट्रेट कार्यालय में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रबाबू नायडू को सौंपा गया। इस राशि में से 1.5 करोड़ रुपये वीआईटी विश्वविद्यालय द्वारा योगदान दिया गया, जबकि शेष 7.5 लाख रुपये वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के संकाय, कर्मचारियों, शोध विद्वानों और छात्रों द्वारा स्वैच्छिक रूप से दान किए गए।



इस अवसर पर डॉ. एस.वी. कोटा रेड्डी - कुलपति, और डॉ. जगदीश चंद्र मुदिगंती - रजिस्ट्रार वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय भी उपस्थित थे।

# फिरोजपुर तिहरा हत्याकांड: पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और महाराष्ट्र पुलिस के साथ साझा ऑपरेशन में छह शूटरों को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया

**गिरफ्तार किए गए छह शूटर भगोड़े आशीष चोपड़ा के निकटवर्ती साथी: गौरव यादव**

**आगे की जांच जारी, जल्द ही अन्य गिरफ्तारियों की आशा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदकोट, 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर, पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) ने केंद्रीय एजेंसियों और महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर फरीदकोट तिहरा हत्याकांड में शामिल छह शूटरों को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है, जिससे इस सनसनीखेज केस की गुत्थी सुलझा ली है।

यह जानकारी देते हुए डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने शनिवार को जानकारी दी कि पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी बाबा (चोहला साहिब, तरनतारन), प्रिंस (ग्राम कुंडे, फरीदकोट), रविंदर सिंह उर्फ रवी उर्फ सुखू, सुखचैन सिंह, अक्षय उर्फ बगीचा, और राजबीर सिंह उर्फ दलेर सिंह सभी निवासी बस्ती बाग वाली, फिरोजपुर के रूप में की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है, और उनके खिलाफ हत्या, हत्या का इरादा, डकैती, एनडीपीएस एक्ट, और आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी बाबा को भी दो मामलों में भगोड़ा घोषित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को फरीदकोट के गुरुद्वारे के पास दिनदहाड़े दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह हमलावरों ने एक युवा लड़की समेत तीन व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में एफआईआर नंबर 344 दिनांक 03.09.2024 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 103, 109, 351(2), 191(3), 190 और 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 25(6) और 25(7) के तहत थाना सिटी फरीदकोट में मामला दर्ज किया गया था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एडीजीपी प्रमोद बान की देखरेख में ए.जी.टी.एफ. पंजाब की पुलिस टीमों ने एआईजी गुरमीत सिंह चौहान और एआईजी संदीप गोयल की निगरानी में पंजाब, यूटी चंडीगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र में विशेष ऑपरेशन चलाया और हरुदेअ सम्राट बालासाहेब ठाकरे एक्सप्रेस हाईवे से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह ऑपरेशन डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ और डीएसपी राजन परमिंदर सिंह की अगवाई में क्यू.आर.टी. औरंगाबाद पुलिस टीम के सहयोग से चलाया गया।

### गिरफ्तार किए गए सभी छह शूटर मास्टरमाइंड आशीष चौपड़ा के करीबी साथी

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए सभी छह शूटर मास्टरमाइंड आशीष चोपड़ा के करीबी साथी हैं, जो एक भगोड़ा अपराधी हैं और फर्जी पासपोर्ट पर विदेश में रह रहा है।उन्होंने कहा कि जांच से यह भी पता चला है कि यह घटना दो गुटों के बीच आपसी रंजिश का परिणाम है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगले और पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द ही अन्य गिरफ्तारियों की उम्मीद है।

**एक सप्ताह पहले वार्ड नंबर 5 में पार्षद ने किया था सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन**

# आज तक सड़क बनाने का काम शुरू न होने के चलते लोग हो रहे परेशान

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग







**जीरकपुर, 7 सितंबर।** बलटाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 के अंतर्गत न्यू मॉडर्न एन्क्लेव में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के सामने वाली गली का काम करीब एक सप्ताह पहले वार्ड पार्षद ने शुरू कराया था। जिसका बाकायदा नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया गया। लेकिन उस दिन के बाद से आज तक इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय निवासियों में काफी रोष है। लोगों ने मांग की है कि इस सड़क को जल्द से जल्द बनाया जाए और उन्हें इस समस्या से निजात दिलाई जाए। इस समस्या के बारे में जानकारी देंगे महबूब खान, नीरज त्यागी, विशु त्यागी, सोनू धीमान, सुनील ठाकुर, रक्षित ग्रोवर, सतीश अग्रल, सुरेश। अग्रवाल के अलावा राजीव चमौली, मनीष चमौली, टेक चंद ठाकुर, रीना, रवि चौरान, सतीश चांसदार शर्मा, ददन कुमार, मोती राम गोयल और पुष्पा चमौली समेत अन्य कॉलोनी वासियों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले वार्ड नंबर 5 की पार्षद नेहा शर्मा ने दौरा किया था। इस कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि यह उद्घाटन सिर्फ फोटो खिंचवाने तक ही सीमित था, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि एक भी टाइल नहीं है।

कॉलोनी वासियों ने बताया कि इस कॉलोनी में और भी कई समस्याएं हैं, जिसको लेकर वार्ड पार्षद को कई बार लिखित व मौखिक शिकायत दी गयी है। जानकारी होने के बावजूद वार्ड पार्षद द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि वार्ड पार्षद उनकी कॉलोनी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनी की गलियों में टाइल्स लगाने के उद्घाटन के बाद स्थानीय निवासियों को लगा कि अब कॉलोनी की सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी, लेकिन अब हमें हकीकत का पता चल गई है कि कॉलोनी में टाइल्स लगाने के काम का उद्घाटन एक फोटो सेशन के अलावा कुछ नहीं था।

### क्या कहना है वार्ड पार्षद नेहा शर्मा का

इस संबंध में जब वार्ड पार्षद नेहा शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वार्ड की दो अलग-अलग सड़कों पर टाइल्स लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसमें पहले दिन सदाशिव एन्क्लेव में सड़क का काम होना था और दूसरे दिन मॉडर्न एन्क्लेव में टाइल्स बिछाई जानी थी। इस काम में देरी का मुख्य कारण बारिश है क्योंकि बारिश में इस काम को जारी रखना संभव नहीं था।उन्होंने कहा कि बारिश का पानी सूखने के बाद काम शुरू किया जायेगा।

बारिश के कारण काम रुक गया था, एक-दो दिन में टाइल्स लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

**सुखविंदर सिंह, एसडीओ, नगर परिषद जीरकपुर।**



**चंडीगढ़:** सुच्चा सूरमा फिल्म के मुख्य किरदार को लिविंग लीजेंड बब्बू मान निभा रहे हैं। जबकि समीक्षा ओसवाल, सुविंदर विक्की, सरबजीत चीमा, महाबीर भुल्लर, गुरप्रीत रटौल, और जगजीत बाजवा अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आएंगे। अमितोज मान द्वारा निर्देशित इस फिल्म के डीओपी इंदरजीत बंसल हैं। सुच्चा सूरमा का संगीत सागा यूजिक के आधिकारिक हैंडल्स पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 20 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। **रिपोर्ट-सुशील सहगल**

# फाजिल्का में दो हत्यारों को उम्रकैद, ताश खेलते समय ईंट से हमला कर की थी हत्या

**फाजिल्का, 7 सितंबर (अप्रस)।** फाजिल्का में जिला और सेशन जज मैडम जतिंदर कौर की अदालत ने कत्ल के एक केस में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 4 फरवरी 2019 को धारा 302 का पर्चा दर्ज हुआ था द्य काठगढ़ गांव में ताश खेल रहे नौजवानों में किसी बात को लेकर हुई तू तू मैं मैं के बाद हुए झगड़े दौरान ईंट से वार कर जगदीश सिंह नामक लड़के की हत्या कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक केस में थाना वेरोका में एफआईआर नंबर 15 तारीख 4 फरवरी 2019 अधीन धारा 302 आईपीसी दर्ज की गई थी द्य जिसके अनुसार दोषी हरजिंदर सिंह और हरमीत सिंह निवासी गांव काठगढ़ तहसील जलालाबाद जिला फाजिल्का ने गांव के ही जगदीश सिंह नाम के लड़के को मार दिया था। सबूत के आधार पर मानयोग जिला और सेशन जज जतिंदर कौर की अदालत ने दोषियों को उम्र कैद की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 1 साल और जेल में रहना होगा।

# बीएसएफ व पुलिस के संयुक्त अभियान में 4 नशा तस्कर काबू, 39 करोड़ की हीरोइन करने जा रहे थे सप्लाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 7 सितंबर।** बीएसएफ और अमृतसर देहात पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत चार नशा तस्करों को काबू किया गया है। पकड़े गए तस्करों के डायरेक्ट पाकिस्तान के स्मगलरों के लिंक में थे। आरोपी बाइक पर 39 करोड़ की हेरोइन को सप्लाई करने जा रहे थे।

डीआईजी बार्डर रेंज सतिंदर सिंह के निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस कप्तान हरिंदर सिंह व चरणजीत सिंह ग्रामीण के निर्देशों पर कार्य करते हुए एसपी (डी) की निगरानी में डीएसपी अजनाला को गुप्त सूचना मिली कि कुलदीप सिंह पुत्र हरवंत सिंह, कृपाल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी तेरा राजपूता, जतिंदर सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी मुहार थाना अजनाला और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र रतन सिंह निवासी मंडियांवाला थाना लोपोके के पाकिस्तानी तस्करों से संबंध हैं और ये सभी मिलकर पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाते हैं और सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए अजनाला पुलिस और बीएसएफ टीम द्वारा एक संयुक्त अभियान के दौरान आरोपी तस्कर कुलदीप सिंह, किरपाल सिंह, जतिंदर सिंह और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को 05 किलो 544 ग्राम हेरोइन और एक सीटी 100 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

एसएसपी देहाती चरणजीत सिंह सोहल ने बताया कि गिरफ्तार किये गये उक्त कुलदीप सिंह के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस की ओर से उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक जांचे जा रहे हैं।

# पेडा ने 20 हजार कृषि सोलर पंपों के लिए आवेदन मांगे

**किसान 9 से 30 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन**

**जनरल श्रेणी के किसानों को 60 प्रतिशत और अनुसूचित जाति के किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी: अरोड़ा**

**डार्क जोनज में माइक्रो (तुपका/फुहारा) सिंचाई सिस्टम वाले किसानों को ही मिलेंगे पंप**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** पंजाब में खेती के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) ने 20,000 सोलर पंपों (सर्फेस और सबमर्सिबल) के लिए आवेदन मांगे हैं। संगरूर में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि सोलर पंप लगाने के इच्छुक किसान www.pmkusum.peda.gov.in पर 9 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान 3, 5, 7.5 और 10 एच.पी. की क्षमता वाले सोलर पंपों के लिए आवेदन कर सकते हैं। सोलर पंप लगाने के लिए जनरल श्रेणी के किसानों को 60 प्रतिशत और अनुसूचित जाति (एस.सी.) के किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 2000 और ग्राम पंचायतों के लिए 3000 सोलर पंप आरक्षित किए हैं।

उन्होंने बताया कि डार्क जोन (भूमिगत पानी की अधिक उपयोग वाले ब्लॉक) के रूप में वर्गीकृत क्षेत्रों में, ये पंप उन किसानों को आवंटित किए जाएंगे जिनकी मोटरों पर पहले से ही माइक्रो (तुपका/फुहारा) सिंचाई सिस्टम लगा हुआ है। इसके अतिरिक्त गांवों के छप्पड़ों, खेतों के तालाबों, या नहरों के पानी वाली डीगियों में से पानी निकालने के लिए डीजल पंपों का उपयोग करने वाले किसान और पंचायतें भी इस योजना के तहत आवेदन करने के योग्य हैं। अमन अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि जो किसान पी.एस.पी.सी.एल. के इलेक्ट्रिक मोटर कनेक्शन रखते हैं या जिन्होंने अपने नाम पर या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाए हैं, वे इस योजना के तहत आवेदन करने के योग्य नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान www.pmkusum.peda.gov.in पर जाकर इस योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ ब्रोशर डाउनलोड कर सकते हैं।

### 12 जिलों में 37 सुरक्षित ब्लॉक्स का विवरण

पेडा ने राज्य के 12 जिलों में 37 सुरक्षित ब्लॉक्स की पहचान की है, जहां जमीन के पानी का स्तर सुरक्षित स्थिति में है। उन्होंने बताया कि - बठिंडा जिले के तलवंडी साबो, संगत, रामपुरा, श्री मुक्तसर साहिब जिले के गिदड़बाहा, लंबी, मलोट, श्री मुक्तसर साहिब फाजिल्का जिले के अबोहर, अर्नीवाला शेख सुबानपुर, फाजिल्का, खूईयां सरवर फिरोजपुर जिले के मखू, गुरदासपुर जिले के दीनानगर, दोरांगला, श्री हरगोबिंदरपुर, होशियारपुर जिले के होशियारपुर-2, भुंगा, हाज़ीपुर, माहिलपुर, तलवाड़ा, मुकेरिया मानसा जिले के बुढलाडा, झुनीर, सरदूलगढ़, एस.बी.एस. नगर जिले के बलाचौर और सड़ोआ, पठानकोट जिले के बमियाल, धार कला, नरोट जेमल सिंह, पठानकोट, घरोटा, सुजानपुर, पटियाला का घनौर रोपड़ जिले के आनंदपुर साहिब, रोपड़ और नूरपुर बेदी, एस.ए.एस. नगर का माजरी ब्लॉक इन सुरक्षित जोन के किसान बिना किसी शर्त के सोलर पंपों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# इनरव्हील क्लब के फ्री मेडिकल कैम्प में 150 से अधिक लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 7 सितंबर।** अपने सामाजिक व जनकल्याणकारी कार्यों का निर्वाह करते हुए इनरव्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल द्वारा कांसल स्थित गुरुद्वारा पातशाही दसवीं में निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर का क्लब की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान उनके साथ क्लब की चार्टर मेंबर उषा शर्मा, क्लब की आईपीपी विरेंदर कौर, क्लब की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा, सेक्रेटरी मोनिका आर्या, वाईस प्रेसिडेंट सरबानी दत्ता, आईएसओ निशा, एडवाइजर नीलम, ट्रेजरार मोनिका गुप्ता तथा अन्य सदस्यों में सुमन, नैंसी, कुलविंदर, रीनू, शिवाली उपस्थित थीं। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर ट्राईसिटी के विभिन्न क्लीनिकों से आए हुए थे, जिन्होंने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉक्टरों ने शिविर में लोगों का बीपी, कोलेस्ट्रॉल, आंखों और दांतों की जांच की। इसके अलावा डॉक्टर्स ने शिविर में लोगों की गायनी, ऑर्थो की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। वहीं शिविर में आयें डायटीशियन ने लोगों को स्वास्थ्य आहार खाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा ने बताया कि ऐसे मेडिकल कैम्प गरीब और जरूरतमंद लोगों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। इसके साथ ही, ऐसे शिविर सामुदायिक सहयोग और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक हैं। अनिता मिड्ढा ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे इस प्रकार के निःशुल्क मेडिकल कैम्पों में सहयोग दें और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए अपनी भूमिका निभाएं। उनका कहना था कि सामुदायिक समस्याओं का समाधान साझा प्रयास से ही संभव है, और ऐसे कैम्पों के सफल आयोजन के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने अन्य संस्थाओं से समर्थन की अपील की ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके और समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने लायन क्लब पंचकूला प्रीमियम तथा 21 सेंचुरी एंवायरों इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का आभार जताया। इस अवसर पर शिविर में आए डॉक्टर्स डॉ शबनम नेगी, डॉ.जसमीत सिंह, डॉ अपूर्वा, टेक्नीशियन संदीप कंबोज, सीमा कंबोज, गुरशरण सिंह, डॉ शिवाली को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# गणेशोत्सव पर सजाया गया श्री नर्वदेश्वर शिव मंदिर बाजार वाले में श्री गणेश जी का दरबार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मुनक, 7 सितंबर।** श्री नर्वदेश्वर शिव मंदिर बाजार वाले में हर साल की तरह इस बार भी श्री गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है मंदिर के पुजारी पुनीत शर्मा ने बताया है कि हर साल यहां गणेश उत्सव मनाया जाता है जो भक्त अपनी मनोकामना श्री गणेश के दरबार में लेकर आता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है श्री गणपति बप्पा के प्रथम दिन की पूजा का सौभाग्य विनोद गोयल के परिवार को प्राप्त हुआ इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष ज्ञानचंद सैनी ने बताया है कि गणेश उत्सव भारत के विभिन्न शहरों में बड़ी श्रद्धा से मनाया जाता है शिव मंदिर में भी भगवान गणेश का दरबार लगाया गया है और कहा 11 सितंबर दिन बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा और 12 सितंबर गुरुवार को श्री गणेश जी का विसर्जन टोहाना में किया जाएगा।

इस मौके पर गोपाल शर्मा, सतीश शर्मा ,शिव शर्मा, कुलदीप सैनी, प्रमोद गोयल, चरणजीत सिंह , कुसम लता, संतोष शर्मा, शीला देवी रेखा रानी, कृष्णा देवी, संतोष रानी व अन्य मौजूद थे।

# शहर के समाजसेवी विनोद सिंगला मोदी को सदमा भानजे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

## विभिन्न सामाजिक राजनीतिक व्यापार्मिक संस्थाओं ने दुख जताया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मूनक 7 सितंबर।** शहर के समाजसेवी भूषण सिंगला विनोद सिंगला मोदी अश्विनी सिंगलां को उस समय गहरा सदमा लगा जब उनके भांनजे तन्मय चौधरी सुपुत्र प्रवीण चोधरी टोहाना की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनके अचानक निधन पर हलका विधायक एडवोकेट बरिंदर गोयल, पूर्व मुख्य मंत्री बीबी राजिंदर कौर भट्टल पूर्व वित्त मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा, पूर्व एस जी पी सी अध्यक्ष भाई गोबिंद सिंह लोंगोवाल, पूर्व मंत्री व भाजपा नेता दविंदर बबली, हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निशान सिंह, मूनक व्यापार मंडल के अध्यक्ष केवल गर्ग हरियाउ, चेयरमैन भीम सैन गर्ग, कैमिस्ट ऐसोसीएशन के अध्यक्ष डाक्टर फकीर चंद बंसल, क्लाथ मर्चेंट ऐसोसीएशन के हरी कृष्ण मदान, राधा स्वामी सत्संग बयास सैटंर मूनक के पूर्व सचिव डा पवन कुमार सिंगला, लाजपत राय जैन, जनेश्वर जैन, रोमी जैन भूरा जैन, श्री दुर्गा मंदिर कमेटी मूनक व्यापार मंडल मूनक टोहाना ,शैलर ऐसोसीएशन मूनक टोहाना, ने चोधरी परिवार से गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं बिछड़ी आत्मा की शांति हेतु अरदास की है तन्मय चौधरी की आत्मिक शांति हेतु रखें पाठ का भोग श्री अग्रवाल भवन अनाज मंडी टोहाना में 8 सितंबर को एक से दो बजे तक पड़ेगा जहां पारिवारिक सदस्य, रिश्तेदार, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थानों से जुडे लोग उन्हें श्रद्धा सुमन भेंट करेंगे।

# बारिश और बादल फटने की चेतावनी के लिए प्रदेश में स्थापित होंगे 48 मौसम केन्द्र

## प्रदेश सरकार ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के साथ किया समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** प्रदेश में मौसम संबंधी आंकड़ों की सटीकता और जलवायु संबंधी चुनौतियों से त्वरित निपटने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में यहां शुक्रवार सायं प्रदेश सरकार ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में प्रदेश में 48 स्वचलित मौसम केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से मौसम संबंधी पूर्वानुमान और तैयारियों के लिए वास्तविक समय के आंकड़े उपलब्ध होंगे। इससे विशेषतौर पर कृषि और बागवानी क्षेत्रों को सहायता मिलेगी। इसके उपरांत चरणबद्ध तरीके से खंड स्तर पर इस तंत्र को स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में आईएमडी द्वारा स्थापित 22 स्वचलित मौसम केंद्र क्रियाशील हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम केंद्रों का यह तंत्र स्थापित होने से प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणाली और आपातकालीन स्थितियों जैसे अत्याधिक वर्षा, बाड़ और बादल फटने जैसी घटनाओं का बेहतर तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित होगा।

इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार की विस्तृत आपदा और जलवायु जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के लिए फ्रांस की एजेंसी एएफडी के साथ सहमति बनी है, जिसके अंतर्गत एएफडी परियोजना के लिए 890 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाएगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह परियोजना राज्य को बेहतर आपदा प्रबंधन तंत्र स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। परियोजना के तहत प्रदेश में बुनियादी अधोसंरचना, प्रशासन और संस्थागत क्षमता के सुदृड़ीकरण पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस धनराशि का उपयोग हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए), जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (डीडीएमए), राज्य व जिला आपातकालीन संचालित केंद्रों को मजबूत करने में किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं के पूर्व चेतावनी तंत्र के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता के आकलन के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के अंतर्गत नये अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएंगे और आग संबंधी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए मौजूदा केंद्रों का उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश में भू-स्खलन की घटनाओं को कम करने के लिए बायो- इंजीनियरिंग नर्सरीज तैयार करने के साथ-साथ भूकम्परोधी अधोसंरचना निर्मित की जाएगी और उन्नत उपग्रह प्रणाली के माध्यम से संचार सुविधा में सुधार किया जाएगा। उन्नत एवं समर्पित सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म के माध्यम से निरंतर निगरानी को भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय समझौते के अंतर्गत फ्रांस से तकनीकी सहायता अनुदान से सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कुशल प्रबंधन के लिए हेलीपैड निर्मित करने के साथ-साथ आपदा प्रबंधन के लिए एक राज्य संस्थान की स्थापना की जाएगी और एक नई राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल कंपनी का गठन भी किया जाएगा।

# बासा कालेज में पूर्व छात्र संघ का गठन

**गोहर (अप्रस)।** महाविद्यालय बासा में शनिवार को पूर्व छात्र संघ की आमसभा का आयोजन प्राचार्य डा पूर्ण चंद चौहान की अध्यक्षता में किया गया द। सभा में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें हुकुम सिंह को अध्यक्ष, मृगेंद्र संधू को महासचिव, डा मोहनलाल को सचिव, अधिवक्ता खेमसिंह को उपाध्यक्ष, प्रो वेद प्रकाश को कोषाध्यक्ष, विधायक विनोद कुमार को मुख्य सलाहकार चुना गया। जबकि गगन शर्मा, यशपाल, योगेश कुमार, कमल किशोर, परवीन कुमार और जहान्वी कुमारी को बतौर संघ का मुख्य सदस्य चुना गया।

इस अवसर पर प्राचार्य पूर्ण चौहान ने बताया कि पूर्व छात्र संघ का महाअधिवेशन जल्द ही महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बडी संख्या में पूर्व छात्र भाग लेगें। उन्होने महाविद्यालय की समस्याओं को संघ के समक्ष रखा तथा उनके निदान के लिए सहयोग की अपील भी की।

# ऊना जिला के 11 परीक्षा केंद्रों में 3173 विद्यार्थी देंगे एचपी अलाइड सर्विस परीक्षा

**रविवार को सुबह 11 से 2 बजे तक सिंगल सैशन में होगी परीक्षा**



अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ संबद्ध सेवाएं परीक्षा 2023 को सुचारु और समन्वित तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शनिवार को जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ संबद्ध सेवाएं परीक्षा - 2023 रविवार 8 सितम्बर को ऊना जिला के 11 परीक्षा केंद्रों में करवाई जाएगी जिनमें कुल 3173 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय आईटीआई ऊना (पीर निगाह रोड), राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बहडाला, रॉकफोर्ड डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल रक्कड़ कॉलोनी में परीक्षा केंद्र एक और दो, जीएसएसएस(ब्यॉज) ऊना, राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल विकास नगर ऊना, एलएसएनएच गर्ल्स राजकीय डिग्री कॉलेज कोटला खुर्द, जीएसएसएस(कन्या) और एसएसआरवीएम वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ऊना केंद्र एक और दो शामिल हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सिंगल सैशन में आयोजित होगी। जतिन लाल ने बताया कि परीक्षा के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सीपीओ संजय सांख्यान, उप निदेशक उच्च शिक्षा राजिन्द्र कौशल और बीडीओ ऊना केएल वर्मा को जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के लिए निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया है।

# व्यवसायी ने अपने धन से बलोह स्कूल में एक लाइब्रेरी का कार्य किया शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बरठीं।** बरठीं के एक व्यवसायी ने अपने धन से बलोह स्कूल में एक लाइब्रेरी का कार्य शुरू किया है।

जहां पर प्रदेश भर के कई स्कूलों में कमरों की कमी की वजह से स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थी काफी परेशानी झेल रहे हैं। जिला में कई स्कूलों में कमरों की कमी खल रही है। बहुत से समाज सेवक इस कमी को अपने दम पर पूरा करने का प्रयास करते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलोह में पेश आया है। कमरों की कमी का दंश झेल रहे राजकीय उच्च वरिष्ठ पाठशाला बलोह में स्थानीय बाजार बरठीं के व्यवसायी ज्ञान चंद शेखर द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी के लिए एक कमरे का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कमरे के निर्माण में लगभग तीन लाख की राशि खर्च होगी। हाल ही में विद्यालय में विद्यार्थियों को नई तकनीक से पढ़ने के लिए उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से



उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित गई। विधालय में पहले ही कमरों का अभाव चल रहा था। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राजेश पराशर एवं समस्त कार्यकरिणी के सदस्यों के आग्रह पर ज्ञान चंद शेखर ने एक कमरे के निर्माण का आश्वासन दिया और शीघ्र ही स्कूल प्रबंधन समिति की देखरेख में निर्माण कार्य भी आरंभ कर दिया गया। प्रधानाचार्य कामराज सेठी के कुशल नेतृत्व में इस वर्ष अभी तक गैरसरकारी सहयोग से विद्यालय में निर्माण कार्य में लगभग बारह लाख रुपए खर्च हो चुके हैं।

# सोलन में 27वां राष्ट्रीय मशरूम मेला 10 को

- 27 साल पहले मिला था सोलन को मशरूम सिटी ऑफ इंडिया का दर्जा
- मेले में देशभर के मशरूम उत्पादक व वैज्ञानिक लेते हैं हिस्सा
- निदेशालय द्वारा तैयार 15 नई मशरूम प्रजातियों का होगा प्रदर्शन



**1998 से हर वर्ष लगता है सोलन में मशरूम मेला**

जानकारी के अनुसार मशरूम मेला वर्ष 1998 से मनाया जा रहा है। इस दिन सोलन सिटी को मशरूम सिटी ऑफ इंडिया का दर्जा मिला था। खुंब अनुसंधान निदेशालय ( डीएमआर) इस बार 27 वें मशरूम मेले का आयोजन कर रहा है। देश में प्रगतिशील मशरूम उत्पादकों को सम्मानित किया जाता है। इस दौरान उत्पादकों को मशरूम तैयार करने में आ रही समस्याओं सहित मशरूम में लगने वाले रोगों पर चर्चा की जाती है। एक दिवसीय राष्ट्रीय मशरूम मेले में 20-25 राज्यों के किसान, मशरूम उत्पादक एवं अनुसंधानकर्ता भाग लेते हैं।

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** सोलन स्थित देश के एकमात्र खुंब (मशरूम) अनुसंधान निदेशालय (डी.एम.आर.) में 10 सितंबर को राष्ट्रीय खुंब मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार मेले का मु य आकर्षण मशरूम की 15 नई किस्में होंगी, जो यहां के वैज्ञानिकों ने तैयार की है। इसके अलावा 10 वैल्यू एडिड प्रोडक्ट भी खुंब मेले में देखने को मिलेंगे,जो मशरूम से तैयार किए गए हैं। इसके अलावा खुंब मेले में दो मशीनों का डिस्पले भी होगा,जिनका उपयोग मशरूम को सुखाने और केसिंग मिट्टी तैयार करने में होता है। राष्ट्रीय खुंब मेले में देशभर से करीब 1000 से अधिक मशरूम उत्पादक सहित विभिन्न विभागों के वैज्ञानिक भी भाग लेंगे।

**मेले में इन मशरूम की भी लगेगी प्रदर्शनी** : प्रदर्शनी में गेनोडरमा, हेरेशियम, शिटाके, ऑस्टर मशरूम सहित मशरूम से तैयार खाद्य वस्तुएं, जिसमें आचार, मशरूम केक, मशरूम कैंडी, मशरूम ज्वार बिस्कुट समेत अन्य मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद शामिल रहेंगे।

मशरूम उत्पादन तकनीकियों पर प्रदर्शनी' इस मेले का मुख्य आकर्षण होगी। प्रदर्शनी में खुम्ब उत्पादन तकनीकियों के अलावा ऋण प्रदान करने वाली संस्थाएं, मशीनरी निर्माता व विपणन एजेंसियां भी इस मेले में भाग लेंगी। मेले के दौरान मशरूम का संवर्धन व बीज, मशरूम उत्पादन पर साहित्य तथा मशरूम से तैयार किए गए उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों के पांच प्रगतिशील मशरूम उत्पादकों को उनके मशरूम में विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित भी किया जाएगा।

**राज्यपाल होंगे मुख्यातिथि: डॉ.शर्मा**

खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने बताया कि राष्ट्र स्तरीय मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। इस मेले के दौरान देश भर से आने वाले मशरूम उत्पादकों की नई तकनीक सहित अन्य विषयों की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस वर्ष खुंब मेले में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि होंगे।

# रिटायर्ड पुलिस कर्मियों ने डीजीपी अतुल वर्मा की किया थैंक्स

**रिटायरी पुलिस कर्मियों के लिए पहली बार बनी एसओपी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पुलिस रिटायरी कर्मचारी लंबे अरसे से अपनी मांगों को लेकर सरकार व पुलिस के उच्चाधिकारियों के पास गुहार लगा रहे हैं। उनकी कई लंबित मांगें हैं जिन पर कोई नीति न होने के चलते कोई निर्णय नहीं लिया जा था। हिमाचल प्रदेश राज्य पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष चमन भाटिया व प्रेस सचिव किशन चंद ठाकुर ने बताया कि प्रदेश पुलिस में नए बने पुलिस प्रमुख अतुल वर्मा के समक्ष भी इन मांगों को उठाया गया। उन्होंने इसे गंभीरता के साथ लेते हुए रिटायरी पुलिस कर्मियों के लिए एसओपी जारी कर दी। अब उनकी मांगों को समय समय पर हल करवाने के लिए वार्ता हो सकेगी व उन पर अमल भी हो सकेगा। एसोसिएशन ने अपने समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा का दिल की गहराइयों से आभार जताया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के कल्याण, गौरव एवं सम्मान के लिए एक एसओपी जारी की गई है। साथ ही एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक कल्याण विनोद कुमार का भी आभार जताया है जिन्होंने इस एसओपी को जारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों ने इसके लिए डीजीपी को तहे दिल से थैंक्स कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर की खाई में गिरने से मौत



**नाहन/ सोलन (अप्रस)।** हिमाचल के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के निजी मीडिया समन्वयक व कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता टिंकू जिंटा की हरिपुरधार में बीती रात पैर फिसलने से गहरी खाई में गिर जाने से मौत हो गई। इस हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। टिंकू जिंटा हाल ही में मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान के साथ 15 अगस्त के कार्यक्रम में हिस्सा लेने लाहौल-स्पीति के दौरे पर भी गए थे। जिंटा पूर्व में जिला सिरमौर युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया इंचार्ज रह चुके हैं। वे गिरिपार के लाधी क्षेत्र के जरवा के रहने वाले थे। पार्टी के प्रति उनकी कर्मठता और संघर्षशीलता के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन शिलाई कांग्रेस के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों में इस घटना से गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन से पार्टी को जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। हालांकि हादसे के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है, लेकिन आशंका जाहिर की जा रही है कि फोन सुनने के दौरान हादसा हुआ। यह घटना हरिपुरधार हेलीपैड के समीप की बताई जा रही है। दिवंगत टिंकू बेहद ही मिलनसार स्वभाव के थे।

### कृषि सेवा सहकारी सभा बरठी के चुनाव होंगे 8 नवंबर को

**बरठीं (अप्रस)।** ग्राम पंचायत बरठीं की कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित बरठीं सहकारी सभा के चुनाव 8 नवंबर को सभा के कार्यालय में करवाए जाएंगे जिसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है सभा के सचिव रामपाल ने बताया कि प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच 10 अक्टूबर को सभा कार्यालय में की जाएगी 11 अक्टूबर को नामांकन पत्रों पर आपत्तियां दर्ज की जाएगी उन्होंने बताया 26 अक्टूबर को नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन 26 अक्टूबर को ही किया जाएगा उन्होंने बताया कि 8 नवंबर को सभा कार्यालय में चुनाव करवाए जाएंगे और उसका परिणाम भी उसी दिन घोषित किया जाएगा उन्होंने बताया चुनाव वार्डों के आधार पर किया जाएगा उन्होंने बताया कि सभा के दोषी व्यक्ति चुनाव कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकता है।

### बड़गांव के पज्यालजख मेले निक्कू राम की अध्यक्षता में शुरू



**बरठीं (अप्रस)।** विकासखंड झंडुता के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बड़गांव के पज्यालजख मेले शुक्रवार को पंचायत प्रधान निक्कू राम की अध्यक्षता मे शुरू हो गए है। मेले में बतौर मुख्य अतिथि कैप्टन करतार सिंह ने शिरकत की उन्होंने गोगा जाहरवीर मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद नगाड़े की ताल से मेले की शुरुआत की। उन्होंने मेला कमेटी को मेला सुचारू रूप से चलाने के लिए के लिए 7100 दिए। पंचायत प्रधान निक्कू राम ने बताया कि यह मेला बहुत ही पुराना है और क्षेत्र का प्रमुख मेला है। यह पांच दिवसीय मेला 10 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने बताया मेले का समापन 10 सितंबर को झंडूता पंचायत समिति के पूर्व उपाध्यक्ष मंगल ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप मे करेंगे।

# गोवा के बाद बिलासपुर शहर को बनाया जायेगा मिनी गोवा

- कोल डैम झील में भी चलेंगे अब क्रूज शिकारा,
- मुख्यमंत्री ने विधानसभा से दी हरी झंडी, जिला प्रशासन ने की तयारियां शुरू, कुल्लू मनाली के पर्यटक उठाएंगे आनंद

अर्थ प्रकाश/ प्रविंद्र शर्मा




**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर का कोल डैम क्षेत्र भी पर्यटन की दृष्टि से देश के मानचित्र पर उभरेगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को विधानसभा से की। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से ऐसा विकसित शहर बनाया जाएगा जहां लोग कई दिनों तक रहना पसंद करेंगे।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया की कोल डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद कोल डैम में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसके अतिरिक्त इस पूरे क्षेत्र में कोल डैम से लेकर तातापानी तक अन्य पर्यटन की संभावनाओं को भी तलाश आ जा रहा है ताकि जिला बिलासपुर पर्यटन का हब बन सके।

कोल डैम से तत्तापानी तक क्रूज चलने से शिमला जाने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित किया जाएगा। चंडीगढ़ से कुल्लू मनाली जाने वाले पर्यटक कोल डैम से क्रूज लेकर शिमला की ओर जा सकते हैं जबकि शिमला से आने वाले पर्यटक क्रम के माध्यम से कुल्लू मनाली की ओर जा सकेंगे।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि जिला बिलासपुर में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ने से जिला के युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा इसके अतिरिक्त यहां के दुकानदारों की आमदनी बढ़ेगी और महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की स्थानीय उत्पादों को भी बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। इस क्षेत्र का विकास भी कुल्लू मनाली के तर्ज पर होगा। इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से बड़े-बड़े होटल और रेस्टोरेंट विकसित होंगे जिससे जिला बिलासपुर सहित अन्य जिला के युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध होगा।

### क्रूज व शिकारा के साथ लंबी सैर का आनंद



बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज जल्द ही शुरू की जा रही हैं जिसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब इन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। अगले दस से पंद्रह दिनों में क्रूज व शिकारा यहां पहुंच जाएंगे। अभी तक जैट स्की, हाईटैक मोटरबोटें और रेस्क्यू बोट्स इत्यादि बिलासपुर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि झील में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं, ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताय कि पंद्रह सितंबर तक जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन उसके बाद यह एक्टिविटीज आरंभ हो जाएंगी। यह जिला प्रदेश का ऐसा पहला ही जिला है जहां गोबिंदसागर झील के साथ ही कोलडैम में भी क्रूज व शिकारा देखने को मिलेंगे और झील की लंबी सैर का आनंद उठाया जा सकेगा।

# विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मेडिकल यूनिवर्सिटी को बदलने का किया विरोध

- सी एम से मिलकर जताया ऐतराज
- कहा- बल्ह में ही स्थापित की जाए मेडिकल यूनिवर्सिटी

अर्थ प्रकाश /गोविंद ठाकुर



**नेरचौक ।** अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी नेर चौक को बल्ह विधानसभा क्षेत्र से सुंदरनगर क्षेत्र में बदलने की चल रही कवायद पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने एतराज जाहिर किया है।

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर अपना एतराज जाहिर किया है साथ ही उन्होंने इस मामले को विधानसभा के पटल पर भी रखा है। इंद्र सिंह गांधी ने प्रदेश सरकार पर इस मामले को लेकर राजनीतिक रोटियां सेकने का आरोप जड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी नेर चौक को बल्ह विधानसभा क्षेत्र से सुंदर नगर या किसी दूसरे स्थान पर ले जाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नेर चौक में स्थापित की गई अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी के लिए बल्ह विधानसभा क्षेत्र में नेर चौक मेडिकल कॉलेज से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर 243 बीघा भूमि ग्राम पंचायत मांडल में खाली पड़ी हुई है जिसका निरीक्षण यूनिवर्सिटी के उच्च अधिकारियों ने किया है तथा इस संस्थान के लिए इस भूमि को उपयुक्त पाया है। इसलिए इस संस्थान को यहां से बदलने का कोई औचित्य नहीं है। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से नेर चौक में प्रस्तावित इस संस्थान को दूसरी जगह शिफ्ट न करने का आग्रह किया है साथ ही उन्होंने सरकार को चेताया है कि यदि प्रदेश सरकार ने इसको राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए बल्ह विधानसभा क्षेत्र से सुंदर नगर या किसी अन्य स्थान पर बदलने का प्रयास किया तो वे इसका विरोध करेंगे तथा सरकार के खिलाफ धरने पर बैठेंगे।

# अगर मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यशैली नहीं बदली, अगले 15 साल तक प्रदेश में कांग्रेस का नामोनिशान मिट जाएगा: कांग्रेसी कार्यकर्ता

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा

**गोहर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का अड़ियल रवैया व जिद्दी स्वभाव से कांग्रेसी कार्यकर्ता बहुत खफा व परेशान है । नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्र के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जिस हिसाब से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश सरकार चला रहे हैं उनकी कार्यशैली उनका जिद्दी स्वभाव प्रदेश में कांग्रेस को ले डूबेगा। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से ना केवल विपक्ष परेशान है मगर कांग्रेसी कार्यकर्ता भी बुरी तरह से आहत हैं । कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है मुख्यमंत्री ना तो अपने मंत्रियों की सुन रहे हैं ना विपक्ष की सुन रहे हैं और ना ही कार्यकर्ताओं की सुन रहे हैं। अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं जिससे कांग्रेस पार्टी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारी नुकसान हो रहा हैं। अगर उनकी कार्यशैली में बदलाव नहीं आया तो वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी को छोड़ने की मजबूर हो जाएंगे यदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू कर दिया तो सिलसिला लंबा चलेगा और आनेवाले कई सालों तक प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को पुन~ स्थापित होने में बहुत वक्त लगेगा। वहीं पर सिराज भाजपा के गुलज़ारी लाल सोहन लाल शर्मा सोहन सिंह ठाकुर किशोर कुमार भीष्म ठाकुर ललित शर्मा तेज सिंह भीम सिंह यशपाल ठाकुर मोहर सिंह धर्मेंद्र शर्मा खिरामणी ठाकुर दुर्गा सिंह सहित दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पलटू राम की सरकार बन चुकी है। चुनाव से पूर्व उनके घोषणा पत्र में गारंटिया कुछ और थी जीतने के बाद गारंटियों के मायने ही बदल गए । महिलाओं के साथ भी सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छल कपट किया है प्रदेश की भोली जनता के साथ भी सुखविंदर सिंह सुक्खू से छल किया है। पहले 15 से 60 साल की हर महिला अप 1500 देने की घोषणा अब परिवार में मात्र एक महिला को 1500 देने की घोषणा पहले 300 यूनिट बिजली में अब 125 यूनिट बिजली भी वापस ले ली गई है ग्रामीण क्षेत्र में पानी का किराया नहीं लगता था अब ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी का किराया लगाया जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार बनने के हजारों संस्थान बंद कर दिए गए कर्मचारी हितैशी सरकार होने का दावा करने वाली सुख सरकार कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दे पा रही पेंशनरों को वक्त पे पेंशन नहीं मिल पा रही। ऐसी सरकार को नैतिकता के आधार पर सरकार चलाने का कोई हक नहीं है सुखविंदर सिंह सुक्खू को जनता को दुखी करने के आरोप में अपने नैतिक पद से त्यागपत्र देना चाहिए राखी प्रदेश एक स्थाई सरकार बन सके और प्रदेश के लोगों की परेशानियां कम हो सके।

# ऊना जिला में 14 सितम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिला एवं सत्र न्यायालय ऊना और उपमंडल अम्ब स्थित न्यायालय परिसर में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएंगी। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिता शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में अपराधिक कंपाउंडेबल व दीवानी विवाद, चेक बाउंस, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, उपभोक्ता शिकयत मामले, मोटर वाहन चालन के मामलों में धन वसूली इत्यादि की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स?क दुर्घटना क्लेम के मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले तथा भूमि अधिग्रहण के मामले भी सुनवाई कर निपटाए जाएंगे। अनीता शर्मा ने कहा कि जो मामले अब तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं उनका निस्तारण भी आपसी सुलह व समझौते के आधार पर प्री-लोक अदालत में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के निपटारे के लिए शीघ्र अति शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय ऊना व जिला के सभी न्यायालयों में आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 01975-225071 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# धर्म के माध्यम से यह जीव पाप से निकल सुखी होता है: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज

कैलाश नगर दिल्ली में विराजमान पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में प्रारंभ होने वाले दशलक्षण महापर्व पर विशेष उत्साह लोगों में देखा जा रहा है यह पयूषण महा पर्व साल में तीन बार आता है लेकिन भाद्र शुक्ला पंचमी से भाद्र शुक्ला पूर्णिमा तक यह विशेष रूप से बच्चों से लेकर बड़ों बूढ़ों में देखा जा रहा है। पयूषण महापर्व पर भगवान जिनेन्द्र उनके द्वारा कहीं गई वाणी अर्थात जिनवाणी और गुरु महाराज की उपासना की जाती है। इन दस दिनों में श्रावकगण अपने आपकों इतना चार्ज कर लेते है प्रभु की भक्ति, स्वाध्यायादि, तप, जप, व्रत से की उनकी बैटरी पूरे साल चलती रहती है अर्थात उनका जीवन धर्ममय हो जाता है। धर्म ही एक मात्र शरण है इस जीव को इस संसार। धर्म के माध्यम से यह जीव पाप से निकल सुखी होता है और दूसरों को भी सुख शांति वैभव से पूर्ण कर देता है।



जिस प्रकार हम अपने मोबाइल को एक बार दिन में फुल चार्ज कर लेते है और उसका उपयोग दिन रात करते है इसी प्रकार हमारा सौभाग्य है कि हमें यह महापर्व मनाने का मौका मिल रहा है क्यों न हम भी इन दस दिनों अपनी आत्मा रूपी बैटरी को फुल चार्ज कर ले, यह बैटरी हमें जब तक फिर से प्राप्त नहीं होती है अर्थात एक साल तक के भीतर ही भीतर हम उससे सुख शांति प्राप्त कर सकते है।

यह पर्व आत्मा का पर्व है शरीर के माध्यम से अपनी आत्मा को व्रत, नियम, संयम, तप, जप, पूजा, उपासना, स्वाध्यायादि नित्य कर्म के द्वारा उसको पवित्र करते है। पाप रूप कर्म को पुण्य रूप करने में अगर किसी की शक्ति सामर्थ्य है तो वह शक्ति है धर्म। धर्म ही एक मात्र साधन है इस मनुष्य को या तिर्थंच पशु-पक्षी आदि को इस संसार के दुखों से निकालने में सहायक है।

दस धर्मों में उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचय और ब्रह्मचर्य यह दस धर्म है। चार कषाय, पांच पाप, पांच इंद्रियादि विषयों भोगों से अपनी आत्मा की रक्षा करते है। चार कषाय में क्रोध कषाय को जीतकर क्षमा धर्म को अंगीकार किया, मान कषाय को जीतकर मार्दव धर्म अर्थात नम्रता को प्राप्त हुए और माया कषाय को जीतकर छलकपट आदि से दूर रहना ही ऋजुता धर्म है इसी के साथ लोभ कषाय को जीतकर संतोष को अंगीकार करो, इनके धारण करने के ही सत्य धर्म की प्राप्ति होती है।

जहां जीवन में सत्य धर्म अंगीकार होता है वहां ही संयम रूपी फूल लगता है जीवन में। संयम के आने पर ही तप, त्याग की महिमा जीवन में आती है इसके आते ही संसार संबंधी सभी संकल्प-विकल्प दूर हो जाते है और ब्रह्म प्रकार से यह दस धर्म के माध्यम से हम अपनी आत्मा को पवित्र कर परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है।

# ध्यान का अर्थ है अपने भौतिक शरीर और मन की सीमाओं से परे जाना: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** ध्यान ने खुद को विभिन्न धर्मों में एक प्रमुख अभ्यास के रूप में स्थापित किया है, लेकिन गैर-आध्यात्मिक व्यक्ति अभी भी शरीर और मन पर इसके प्रभावों से लाभ उठा सकते हैं। ध्यान का सही तरीके से उपयोग करने पर यह मस्तिष्क के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है, जिससे हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। ध्यान का अर्थ है अपने भौतिक शरीर और मन की सीमाओं से परे जाना। जब आप अपने शरीर और मन की सीमाओं से परे जाते हैं, केवल तभी आप अपने अंदर जीवन के पूर्ण आयाम को पाते हैं। ध्यान शब्द के साथ लोगों के दिमाग में कई तरह की गलत धारणाएं हैं। सबसे पहली बात तो यह कि अंग्रेजी के मेडिटेशन शब्द का कुछ सार्थक मतलब नहीं है। अगर आप बस आंखें बंद कर बैठ जाएं तब भी अंग्रेजी में इसे मेडिटेशन करना ही कहा जाएगा। आप अपनी आंखें बंद करके बैठे हुए बहुत से काम कर सकते हैं- जप, तप, ध्यान, धारणा, समाधि, शून्य कुछ भी कर सकते हैं। जिसे हम ध्यान मेडिटेशन कहते हैं? ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्रीविनयकुमारजी आलोक ने पर्युषण पर्व के 7 वे दिन ध्यान



दिवस पर अणुव्रत भवन सैक्टर - 24सी के तुलसीसभागार मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा अपने आपको देखने के लिए ही प्रेक्षा ध्यान का अभ्यास करें। ध्यान चार प्रकार के होते हैं। भगवान महावीर की साधना के दो अंग तपस्या और ध्यान । आचार्य तुलसी ने आचार्य महाप्रज्ञ को ध्यान की विधियों को खोजने को कहा। प्रेक्षाध्यान से तनाव मुक्ति व कार्य क्षमता का विकास संभव है। भौतिकवादी युग में तनाव जटिल समस्या है। मनीषीसंत ने कहा कि प्रेक्षाध्यान से आत्म साक्षात्कार हो सकता है तथा अपनी सोई शक्ति को जगाया जा सकता है। ध्यान द्वारा आत्मा में रमण कर सकते हैं। अपने जीवन को उज्ज्वल बना सकते हैं। ध्यान से मन पर काबू पाया जा सकता है। वहीं साथ में जीवन में योग प्राणायाम करना चाहिए। जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। योग करने से कई बीमारियां दूर हो जाती है।

ध्यान का अर्थ है अपने भौतिक शरीर और मन की सीमाओं से परे जाना। जब आप अपने शरीर और मन की सीमाओं से परे जाते हैं, केवल तभी आप अपने अंदर जीवन के पूर्ण आयाम को पाते हैं। जब आप खुद को शरीर के रूप में देखते हैं तो आपकी पूरी जिंदगी बस भरण पोषण में निकल जाती है। आप खुद को मन के रूप में देखते हैं तो आपकी पूरी सोच सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक नजरिए से तय होती है। आपकी सोच एक तरह से गुलाम बन जाती है। फिर आप उससे आगे देख ही नहीं सकते। जब आप अपने मन की चंचलता से मुक्त हो जाएंगे, केवल तभी आप शरीर और दिमाग से परे के पहलुओं को जान पाएंगे।

### संवत्सरी दिवस आज

मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में संवत्सरी दिवस अणुव्रत भवन सैक्टर 24सी तुलसीसभागार में मनीषीश्रीसंत का विशेष प्रवचन 9 बजे।

# तपस्या शक्ति प्रदाधिनी है: श्री शुभम मुनि जी

**चंडीगढ़।** तपस्या शक्ति प्रदाधिनी है। तप से ही कर्म कटते हैं। जिस प्रकार मलिन सोना आग में तप कर विशुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार तपस्या की अग्नि में तपकर जीव भी सर्वधा निर्दोष, निर्मल, निष्कलंक, निर्विकार, निष्कर्म हो जाता है। आर्य जम्बू स्वामी जी के पूछने पर आचार्य सुधर्मा स्वामी जी अतंगड-दसांण सुत्त के सातवें वर्ग के बारे में फरमा रहे है। इस वर्ग के 13 अध्ययन है। भगवान महावीर स्वामी जी का शासन चल रहा है।

प्रभु महावीर राजगृह नगर के गुणशील नामक उद्यान में पधारे। राजा श्रेणिक की 13 रानिया, 1 नंदा, 2 नन्दवती, 3 नन्देम्तरा, 4 नन्दश्रेणिका, 5 मरुता, 6 सुमरूता, 7 महामरूता, 8 मरूदेवा, 9 भद्रा, 10 सुभद्रा, 11 सुजाता, 12 सुमनायिका, 13 भूतदत्ता जी भगवान की वाणी सुनकर भगवती दीक्षा अंगीकार की। 11 अंगों का अध्ययन, उपवास से मास खमण तपस्या, 20 वर्ष संयम, 1 मास सलेखना कर उपाश्रय से मोक्ष प्राप्त किया। धन्य-धन्य है ये आत्माएं- नमन, नमन, नमन।

# आत्मा के कल्याण के लिए भक्ति के पहलू को विशेषता देनी ही होगी

महापुरुषों ने जीवन के कल्याण के लिये जो फैसले दिये हैं वो सब ठोक बजाकर दिए हं, देखभाल कर दिये हैं। जीवन को जी कर, हर पहलू को देख कर जो ये निचोड़ निकाला कि इन्सान किसी युग में पैदा हो जाये, जीवन में आनन्द के लिये, जीवन के उत्थान के लिये, आत्मा के कल्याण के लिये वाकई ही तुझे ये ढंग अपनाना ही होगा। ये नाता जोड़ना ही होगा, इस पहलू को विशेषता देनी ही होगी, इसके बगैर बात बनने वाली नहीं है। वो फिर चाहे कोई भी हो, किसी भी घराने में पैदा हुआ हो। वो चाहे दुनियावी दृष्टि से कितनी सम्पन्नता वाला हो, कितनी लियाकत वाला हो, वो कोई मायने नहीं रखता है। महापुरुषों-सन्तों ने आज भी गीत, कविता, व्याख्यान के रुप में इस ओर ध्यान दिलाने का प्रयास किया है और इस प्रकार से बार-बार जब ये हमें सुनाया जाता है, समझया जाता है, इस तरफ ध्यान दिलाया जाता है, जैसे कि अक्सर अंग्रेजी की वो लाईन इस्तेमाल की जाती है कि Yes, this needs constant hammering. (हां, इसके लिए लगातार चोट मारने की जरुरत होती है) यानि कि बार-बार वो हथौड़ा वहीं पर जैसे कि कबीर



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जी ने उत्तर दिया था कि कील के ऊपर बार-बार हथौड़ा मारना लगातार चोट नहीं होगी तो ढीला हो जायेगा, बस जायेगा, दूर निकल जायेगा। तो इस तरफ संजीदगी बहुत जरुरी है। वैसे तो कहा यह जता है कि जीवन को इस तरह से जिया जाये कि इस प्रकार से हल्का-फुल्का महसूस किया जाये तो उसके लिये भी बात फिर वही आती है कि अगर हम सत्य को, भक्ति को और नेकियों को गंभीरता से लेते हैं तभी वास्तविकता में हमारी उससे संजीदगी हो पाती है और उसमें से अपने आप को उबार लेते हैं इसीलिये इसको गम्भीरता से लेना जरुरी है। यानि की ये महसूस करना कि तमाम पहलू जो हमारे जीवन में आनन्द और उत्थान लाने का साधन हैं।

## पंचांग

रविवार, 8 सितम्बर, 2024, सूर्योदयः 06:03 ए एम, सूर्यास्तः 06:34 पी एम, चन्द्रोदयः 10:25 ए एम, चन्द्रास्तः 09:16 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः पञ्चमी - 07:58 पी एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 03:31 पी एम तक, योगः इन्द्र - 12:05 ए एम, सितम्बर 09 तक, करणः बव - 06:50 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 07:58 पी एम तक, सूर्य राशिः सिंह, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 05:00 पी एम से 06:34 पी एम, गुलिक कालः 03:26 पी एम से 05:00 पी एम, यमगण्डः 12:18 पी एम से 01:52 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:53 ए एम से 12:43 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:54 पी एम से 05:44 पी एम, वर्ज्यः 09:42 पी एम से 11:29 पी एम।

## भविष्य फल

**मेषः** आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। कारोबारी आज बिजनेस के मामलों में अपनों से सलाह लेकर काम करेंगे तो फायदा जरूर होगा।

**वृषः** आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा।

**मिथुनः** बच्चों के साथ खेलना बहुत अच्छा और सुकून देने वाला अनुभव रहेगा। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा।

**कर्कः** आज अपने जीवन की किसी बड़ी समस्या को सुलझाने की हर संभव कोशिश करेंगे।इसमें आपको परिवार का सहयोग मिलेगा।

**सिंहः** आज आपके लिए आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आपकी व्यवसायिक स्थिति में सुधार होगा। छोटी परेशानियां आपको घेरे रहेंगी।

**कन्याः** शरीर के किसी अंगे में दर्द होने की संभावना है। किसी भी ऐसे काम से बचें, जिसमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत हो।

**तुलाः** आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। कहीं से अचानक धन लाभ का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिकः** आज उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नई योजनाएँ आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**धनुः** असुविधा आपकी मानसिक शान्ति को खराब कर सकती है। संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फँसने से सावधान रहें।

**मकरः** आज आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। इस राशि के लोगों को आज कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है।

**कुंभः** आज आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ सकता है। दिमाग में कई तरह की बातें भी रहेंगी।

**मीनः** अपने खराब मूड को शादीशुदा जिंदगी में तनाव का कारण न बनने दें। कुछ भी चालाकी भरे काम को करने से बचें।

# भाजपा उम्मीदवार और मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान का लिया आशीर्वाद

शहरवासियों को दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** शनिवार को नगर निगम मेयर एवं सोनीपत विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार निखिल मदान ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शहर के आर्य नगर में बिट्टू पंजाबी वाली गली में सिद्धि विनायक सेवा सोसाइटी द्वारा गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया गया,जिसमे मेयर निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम में मौजूद सभी भक्तजनों को गणपति भगवान के जन्मोत्सव



गणेश चतुर्थी के पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर सिद्धिविनायक सोसाइटी संयोजक अनिल प्रधान, भाजपा महिला नेत्री सुनीता लोहचब, राजेश वर्मा, अमित, प्रवीण, नीतू जैन, रिंकु वर्मा, सुभाष जांगड़ा, राकेश पौरिया, प्रमोद वर्मा ,सुधीर कुच्छल,अशोक शर्मा ,विपिन नंदा, अनिल धीमान,अशोक गर्ग, सतीश वर्मा, मुकेश कटारिया आदि लोग मौजूद रहे।

# सरलता जीवन के अनमोल मूल्य हैं जो हमें मानसिक व आंतरिक संतुलन प्रदान करते हैं: डॉ. श्री मणिभद्र मुनि जी



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** नेपाल केसरी, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि निश्चलता और सरलता, जीवन में ऐसे मूल्य हैं जो हमारे आंतरिक संतुलन और सुख की नींव रखते हैं। ये गुण केवल शारीरिक सौंदर्यता के विपरीत नहीं हैं, बल्कि आंतरिक सौंदर्यता की वास्तविक अभिव्यक्ति हैं। जब हम इन गुणों को अपनाते हैं, तो हम जीवन की जटिलताओं को सरलता से समझ सकते हैं और सच्चे सुख की खोज में आगे बढ़ सकते हैं। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित जैन स्थानक में चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा निश्चलता और सरलता केवल बाहरी रूप में ही नहीं, बल्कि आंतरिक भावनात्मक और मानसिक अवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निश्चलता का मतलब है मानसिक स्थिरता, जबकि सरलता का तात्पर्य है जीवन को सहज और सहजता से जीने की कला। ये दोनों गुण मिलकर हमें एक स्थिर और संतुलित जीवन जीने में मदद करते हैं।

शारीरिक सौंदर्यता की अपेक्षा आंतरिक सौंदर्यता अधिक महत्वपूर्ण है। शारीरिक सौंदर्यता अस्थायी होती है, जबकि आंतरिक सौंदर्यता स्थायी और सच्ची होती है। आंतरिक सौंदर्यता तब उभरती है जब व्यक्ति में निश्चलता और सरलता का गुण होता है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि स्वावलंबी जीवन अपने खुद के प्रयासों पर निर्भर रहने की आदत, आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास को प्रोत्साहित करता है। जब हम किसी पर निर्भर नहीं रहते, तो हम अपनी क्षमता को समझ सकते हैं और अपने जीवन को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जब हम निश्चलता, सरलता और स्वावलंबिता को अपनाते हैं, तो हम साधना के मार्ग पर अग्रसर होते हैं। साधना, यानी आत्मा की शांति और संतुलन की खोज, हमें जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन करती है।

# गणपति की आराधना के उपरांत ही हर शुभ कार्य का करें प्रारंभ: कविता जैन


गणपति की स्थापना करवाकर की पूजा-अर्चना

मुख्य आरती के बाद 16 सितंबर को किया जाएगा गणपति विसर्जन

अर्थ प्रकाश/ आदेश त्यागी

**सोनीपत।** हरियाणा की पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने फैज बाजार मार्केट में शुक्रवार को विधिवत रूप से गणपति की स्थापना करवाते हुए पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को मुख्य आरती के उपरांत गणपति विसर्जन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होंगे।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में गणपति स्थापना समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि श्री गणेश जी को प्रथम देव के रूप में पूजा जाता है। गणपति की पूजा से ही हर प्रकार के शुभ कार्यों का शुभारंभ करना चाहिए। गणपति



देवा की आराधना से ही शुभ कार्यों की शुरुआत की जाती है। यह हमारी परंपरा और सभ्यता है। गणपति विसर्जन समारोह का हिस्सा बनना शोभाग्य की बात है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि श्री गणेश जी के स्मरण मात्र से हर कार्य शुभ और पूर्ण होते चले जाते हैं। गणपति के पूजन से ही हर पूजा-अर्चना पूर्ण होती है। उनके पूजन के बिना किसी भी शुभ कार्य को पूर्ण नहीं माना जाता। वे प्रथम पूज्य हैं। महोदव-गौरी नंदन गणेश जी शुभ के प्रतीक हैं। हमें पूर्ण विधि-विधान और श्रद्धा के साथ श्री गणेश का पूजन करना चाहिए। उनकी कृपा पाने के लिए हमें सद्कर्म करने चाहिए।

राजीव जैन ने कहा कि गणपति विसर्जन समारोह का आगाज हो चुका है। गणपति जी की स्थापना हो चुकी है। अब हर दिन उत्सव होगा और महाआरती के उपरांत गणपति विसर्जन होगा, जिसे लेकर भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस मौके पर आयोजक विपिन नंदा, मनीष शर्मा, निखिल नंदा, सोनू कालरा, सोनू कक्कड़, अमित, दीपक चौहान, श्याम सुंदर, नितिन चावला, चिंटू कक्कड़, बंटी कालरा, शुभम गुप्ता और भी बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गांव भिगान की कविता ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दाखिल नामांकन



**सोनीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि कि शनिवार को विधानसभा चुनाव-2024 के तहत जिला के विधानसभा क्षेत्र गन्नौर में गांव भिगान की कविता ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वीरवार 5 सितंबर से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों के नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार संबंधित विधानसभा क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 03 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर सभी जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पांच सितंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होकर 12 सितंबर तक दाखिल किए जा सकते हैं । उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 16 सितंबर को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। वहीं 16 सितंबर को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा तथा आठ अक्टूबर को मतगणना होगी और मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# हरियाणा खेल विश्वविद्यालय ने खेल चोट प्रबंधन व पुनर्वास पर दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय ने 6 और 7 सितंबर को खेल चोट प्रबंधन और पुनर्वास पर एक व्यापक दो-दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया और भागीदारों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे खेल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्ञान और प्रथाओं की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान मिला। कार्यशाला की शुरुआत शारीरिक शिक्षा और खेल विद्यालय के डीन डॉ. योगेश द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। उनके संबोधन के बाद, अकादमिक डीन डॉ. ज्योति सोलंकी और खेल विज्ञान विद्यालय के डीन डॉ. विवेक ने खेलों में चोट प्रबंधन के महत्वपूर्ण महत्व पर अपने विचार साझा किए। कुलपति अशोक कुमार, पूर्व डीजीपी (उत्तराखंड), सेवानिवृत्त आईपीएस, ने उद्घाटन सत्र का समापन खेल स्वास्थ्य प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हुए किया, जो एथलीट प्रदर्शन को बढ़ाने में सहायक है, और प्रतिभागियों को एथलीटों की भलाई को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान, प्रमुख विशेषज्ञों ने कई उपयोगी सत्र आयोजित किए। एम्स, नई दिल्ली के सलाहकार डॉ. एस. रवि ने शारीरिक स्थिति और विकृतियों पर एक प्रस्तुति के साथ चर्चाओं की शुरुआत की, जिसमें एथलेटिक प्रदर्शन और चोट की रोकथाम पर इनके महत्वपूर्ण प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। एम्स, नई दिल्ली की फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती निशात शमीम ने हैमस्ट्रिंग चोटों पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया, जिसमें पुनर्वास तकनीकों के साथ-साथ शीघ्र हस्तक्षेप रणनीतियों के महत्व पर जोर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण के उच्च प्रदर्शन विश्लेषक डॉ. अजय पाल नट ने दीर्घकालिक एथलीट विकास पर एक प्रेरक प्रस्तुति दी,




# एनआईटीटीटीआर हमारे देश को सभी क्षेत्रों में वैश्विक नेता बनाने की इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है : प्रशासक

अनुसंधान संस्थान द्वारा अपना 57वां वार्षिक दिवस मनाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा शनिवार को अपना 57वां वार्षिक दिवस मनाया। वार्षिक दिवस समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ को 'मान्य विश्वविद्यालय' (विशिष्ट श्रेणी) का दर्जा दिए जाने पर बधाई दी और संस्थान को विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने तथा प्रौद्योगिकीय उन्नति की दिशा में स्वदेशी समाधानों के विकास के लिए प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। अपने भाषण में श्री कटारिया ने किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में शिक्षकों की भूमिका और महत्व पर जोर दिया और इसके लिए कई उदाहरण दिए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर विस्तार से बताया कि एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ हमारे देश को सभी क्षेत्रों में वैश्विक नेता बनाने की इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर के निदेशक प्रो. डॉ. बिनोद कुमार कनौजिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रो. डॉ. कनौजिया ने युवाओं के चरित्र निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की आवश्यकता पर बल दिया। एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. डॉ.भोला राम गुर्जर ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और तकनीकी कार्यबल के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। समारोह के दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के ध्वजवाहक के रूप में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ पॉलिटेक्निक' और 'सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज' का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। समारोह में एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ द्वारा कई अन्य गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों/निदेशकों/प्राचार्यों को शामिल करते हुए 'एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की स्थिति और उच्च शिक्षा संस्थानों में आगे का रास्ता' पर एक पैनल चर्चा शामिल थी।

## पर्पल फ्रॉग बार में लोगों को परोसा हुक्का, दो संचालक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद होटल व बार संचालक लोगों को हुक्का परोसने से बाज नहीं आ रहे हैं। होटलों पर हुक्का पर पूर्ण प्रतिबंध लगा होने के बाद भी लोगों को गुपचुप तरीके से हुक्का परोसा जा रहा है। पुलिस की बीती देररात को पर्पल फ्रॉग बार सेक्टर 10 चौकी के पीएसआई गुरपाल सिंह ने मौका पर छापेमारी करते हुए हरियाणा सरकार के आदेशो का उल्लंघन करने पर मौका से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वहां से 2 हुक्के बरामद किए। थाना सेक्टर 5 प्रभारी रुपेश चौधरी के अगुवाई में पुलिस चौकी सेक्टर 10 इंचार्ज पीएसआई गुरपाल सिंह ने बार में छापामारी करते हुए चल रहे अवैध हुक्का को लेकर सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर 10 इंचार्ज गुरपाल सिंह को गुप्त सूचना मिली कि पर्पल फरोग में अवैध हुक्का चल रहा था। इंचाज ने अपनी टीम के साथ मौका पर जाकर छानबीन की।




## कालका की जनता किसी प्रलोभन में नहीं आएगी, कांग्रेस की जीत होगी

विधायक कालका काली माता मंदिर और पिंजौर खेड़ा मंदिर में माथा टेकने पहुंचे

अर्थ प्रकाश/जग्गी




**कालका, 7 सितंबर।** कांग्रेस पार्टी की कालका विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी को टिकट मिलने के बाद कालका स्थित काली माता मंदिर और पिंजौर खेड़ा मंदिर में माथा टेका और आर्शीवाद लिया। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि कालका की जनता बहुत सुलझी हुई है। वो बीजेपी के 10 साल के कुशासन से इतने दुखी है कि बीजेपी को सत्ता से बाहर कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा बीजेपी ने जनता के बीच रहने वाले अपने नेताओं को टिकट नहीं दी। बाहरी उम्मीदवार को कालका भेजा हैं। जिन्हे जनता वापिस जहां से आए हैं वहां भेजेंगे। चौधरी ने बीजेपी नेताओं के विधायक के साथ सांसद मिलने के उस बयान को लेकर कहा कि कांग्रेस विधायक चुनने पर ऐसा सांसद मिलने की बात कही जो जनता ने बीजेपी को हरा कर चुना है। ऐसी बातों पर जनता सब समझती है। यहां जनता के मुद्दों की बात होनी चाहिए। कालका की जनता को इस बार जो कांग्रेस की सरकार आ रही है। उसी पार्टी का विधायक मिलेगा। इस मौके पर पार्षद उजाला बक्शी, पार्षद बनिन्दर कौर,कालका और पिंजौर के पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे।

## शरारती तत्वों ने तोड़े कारों के शीशे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 7 सितंबर।** पुराना पंचकूला के गांव खड़कमंगोली में गेट नंबर 3 में उसे समय अफरा तफरी मच गई जब लोगों ने कई कड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सुबह उठकर लोगों ने अपनी पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को देखा। बताया गया कि अज्ञात लोगों ने करीब आठ गाड़ियों के शीशे पत्थरों द्वारा तोड़ दिए। गांव वालों का कहना है ऐसी वारदात यहां बार-बार घटित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कि यह काम नशेड़ियों का है जो नशा करके यहां पर रात भर घूमते हैं और कोई भी नुकसान करके आराम से चले जाते हैं। प्रशासन या पुलिस का उनका कोई भी खौफ नहीं है। वारदात का पता लगने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)